रांची
मंगलवार
15.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नहीं करते हैं, तब तक हमें वह काम नामुमकिन ही लगता है।

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-279 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं

# जोहार

15 नवम्बर, 2022



PR No. 282271 (IPRD) 2022-23
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## न्यूज गैलरी

### नाबालिग लड़की से छेड़खानी का विरोध करने पर अपराधियों ने युवक को पत्थर से कूच कर मार डाला

रांची। रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी का विरोध करने पर अपराधियों ने एक युवक की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी थी। इस वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग समेत छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में संदीप उरांव, करमचंद उरांव, तुरिया उरांव, इमिल बेक, रामचंदर उरांव के अलावा एक नाबालिग शामिल था। गिरफ्तार आरोपी लापुंग थाना क्षेत्र के अरमालटदाग गांव के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना गुनाह कुबूल किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 11 नवंबर को लापुंग इलाके में मेला लगा हुआ था। मेला देखकर नाबालिग अपने परिजनों के साथ लापुंग थाना क्षेत्र स्थित घर लौट रही थी। रास्ते में आरोपियों ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने लगे। इसी क्रम में 13 साल के लोको मुंडा ने इसका विरोध किया। आरोपियों के साथ उनका बकझक और धक्का मुक्की हुई। इसी क्रम में आरोपियों ने लोको को पत्थर से कूच कर हत्या कर दी और शव पास के एक जंगल में फेंक दिया। घटना के बाद नाबालिग लड़की भाग कर अपने घर पहुंची और घटना की पूरी जानकारी परिजनों को दी। परिजन नाबालिग लड़की के साथ लापुंग थाना पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जंगल से लोको मुंडा का शव बरामद किया। इसके बाद आरोपियों को छापेमारी कर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस ने एक बड़े लुटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू थाने की पुलिस ने एक बड़े लुटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सदस्य रातू के सुनसान इलाके में घूम-घूमकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया करते थे। चार दिन पहले भी इस गिरोह के सदस्यों ने एक ठेला वाले से लूटपाट की थी। गिरफ्तार लुटेरों में गुमला के राहुल कुमार उर्फ गोलू, पंडरा का अनमोल उरांव और रातू के कमड़े निवासी गणेश शर्मा शामिल है। इन आरोपियों के पास से लूटा हुआ दो मोबाइल, पांच हजार रुपए नगदी के अलावा लूट के पैसे से खरीदी गई जैकेट भी पुलिस ने बरामद किया है।

**गिरोह के सदस्य हैं फरार :** आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह में आधा दर्जन से ज्यादा सदस्य हैं। गिरोह के सदस्य रांची के आसपास इलाकों में लूट की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। गिरोह के सदस्य अलग-अलग बाइक में घूमते रहते हैं। सुनसान इलाकों में कोई भी मिलता है, वे उनसे लूटपाट कर लेते हैं। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस के समक्ष गिरोह के अन्य साथियों के नामों का भी खुलासा किया है। आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि लूटपाट से मिले पैसे वे आपस में बांट लेते हैं।

### मोबाइल लोकेशन से अपराधियों तक पहुंची पुलिस

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते 10 नवंबर को रातू के संडे मार्केट गली के रहने वाले सुजित कुमार ठेला लेकर अपने घर जा रहा था। इसी दौरान लुटेरों ने उन्हें पकड़ा। उनके साथ मारपीट कर 12 हजार रुपए नगदी और दो मोबाइल लूट लिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद रातू थानेदार सपन महता पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों को बीते सोमवार को दबोच लिया। आरोपियों के पास लूट का सामान भी बरामद हुआ है।

## जमीन कारोबारी की हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** पिठोरिया पुलिस ने जमीन कारोबारी की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आबाद अंसारी है और वह ओयना गांव का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। पूरे मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि कांके निवासी आजाद हुसैन की हत्या की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी। इसी क्रम में ओयना स्थित अमन ग्रूप ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के समक्ष प्रस्तुत किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को पता चला कि आजाद हुसैन और आरोपी एक ही जमीन पर दावेदारी कर रहे थे। इसी वजह से आबाद ने आजाद को चाकू से मारकर हत्या कर दी। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।

## विहिप का हितचिंतक कार्यक्रम आयोजित

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के विन्ध्वासिनी नगर में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद रांची जिला ग्रामीण के द्वारा पूरे देश में चल रहे हित चिंतक महा अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडेउपस्थित हुए। इसके अलावा क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, जिला उपाध्यक्ष, विनय विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ग्रामीण जिला कार्यालय का नारियल फोड़कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान पटना क्षेत्र, झारखंड प्रांत और रांची विभाग के अनेक पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।


**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI**

**e-Tender e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI $F_2$ - 07/2022-23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Under Minor Irrigation Division, Ranchi.** Construction of Single Check Dam on **Basri Nala, Vill- Ranji Tola** Block:- Burmu, Dist- Ranchi, Estimated Cost- **Rs. 11632963.12** |
| 2. | Time of Completion | (11 months) |
| 3. | Date of Publication of E - Tender on website | 25.11.2022 at 2.00 pm |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 05.12.2022 up to 5:00 pm |
| 5. | Last Date for receipt of e-tender hard copy bid's fee, security and other document's At | (1) Executive Engineer, M. I. Division, Ranchi (2) Superintending Engineer, M. I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi. till 10.12.2022 up to 5:00 pm |
| 6. | Date of Opining Tender | 13.12.2022 at 2:00 pm |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9431190681 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

**Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
PR 282276 Minor Irrigation (22-23)_D Minor Irrigation Division, Ranchi


## प्रशिक्षित विद्यार्थियों को मिला सर्टिफिकेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** घरेलू महिलाएं और छात्राएं चार माह का सिलाई बुनाई कढ़ाई ट्रेनिंग कर आत्मनिर्भर बन रही है। प्रशिक्षण की व्यवस्था अल अनसार मोमिन पंचायत वेलफेयर के सहयोग से बलदेव सहाय लेन स्थित फलाही कला केंद्र में की गई है। सोमवार को सेंटर में प्रशिक्षित छात्राओं को फलाही कला केंद्र की ओर से सर्टिफिकेट दिया गया। सर्टिफिकेट पाकर छात्राओं ने अपनी खुशी का इजहार किया सेंटर की हेड शिक्षिका जेबा नूरी ने कहा कि आज महिलाएं समाज को बदल रही हैं । महिलाएं वार्षिक रूप से स्वावलंबी बन कर समाज को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान कर रही है । उन्होंने कहा कि कई ऐसी महिलाएं जो प्रशिक्षण पाकर अपने पैरों पर खड़ी होकर अपना घर संभाल रही हैं । महिलाएं आज किसी की मोहताज नहीं है । फलाही कला केंद्र का मकसद है कि महिलाओं को हुनर देकर रोजगार से जोड़ना है ।

**इन्हें मिला सर्टिफिकेट**

सुमैया परवीन, समरीन परवीन फरहा अफरीन, शाइस्ता परवीन, फिजा जैस्मिन, नफीसा प्रवीण, शहला खातून, बिल्किस परवीन, अंबिया दर्शी, तबस्सुम परवीन, रोशन खातून, रहनुमा परवीन, नरगिस परवीन, सानिया परवीन, नाजनीन परवीन, रजिया सालेहीन, रजिया रहमान नफीसा परवीन, सैफिया नाज, बुशरा परवीन आदि को मिला ।

## रातू हुरहुरी में नवनिर्वाचित अंजुमन कमेटी का सम्मान समारोह आयोजित

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी में सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के नव निर्वाचित अंजुमन कमेटी के सदस्यो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हुरहुरी अंजुमन कमेटी की ओर से आयोजित इस सम्मान समारोह में बुढ़मू प्रखंड अंजुमन कमेटी के नवनिर्वाचित सदर शमीम बड़ेहार, सचिव तस्लीम अंसारी व कोषाध्यक्ष नयुम अंसारी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। सदस्यों ने लोगो से समाज के बेहतरी के लिए हर संभव कार्य करने, समाज में एकजुटता लाने तथा कौम के लोगों में जागरूकता पैदा करने की बात कही। कार्यक्रम में कोंग्रेस के जिला अध्यक्ष सुरेश बैठा, हुरहुरी सदर रजब अली,पूर्व सदर मियाजन अंसारी, अख्तर अंसारी, जाकिर अंसारी, लुकमान अंसारी, हाफिज सलीम के अलावा दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में बाल दिवस मनाया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं, सांस्कतिक कार्यक्रम एवं रचनात्मक क्रियाकलाप का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एलकेजी से 1 के लिए फैंसी ड्रेस कंपटीशन और बैग पैक रेस, कक्षा यूकेजी के लिए टॉफी रेस, कक्षा - 2 के लिए योग, कक्षा - 3 और 4 के लिए राजस्थानी नृत्य, कक्षा- 5 से 8 के लिए 100 और 200 मीटर दौड़ और कक्षा 6 से 8 के लिए लंबी कूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। उपर्युक्त कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं में छात्र - छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बाल दिवस हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन यानी बाल दिवस का दिन परिवार, समाज और देश में बच्चों के महत्व को याद दिलाता है। बाल दिवस के दिन बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौरा जी ने बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकानाएँ देती हुई कहीं कि आज का दिन ही नहीं, प्रत्येक दिन आपका है। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प शक्ति और अथक प्रयास से आप अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं।

**खेलकूद हमें सशक्त बनाता है :** शरीर विकास के साथ-साथ मानसिक विकास अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए पढ़ाई के साथ खेल-कूद आवश्यक है। क्योंकि खेलकूद हम सभी को स्वस्थ रखता ही है तथा इससे टीम की भावना का विकास होता है। जीवन में अनुशासित होने के लिए भी सीखते हैं। जिससे हमें सभी सही दिशा की ओर अग्रसर होते हैं। छात्र - छात्राओं को प्राचार्या महोदया द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक पूज्य स्वामी दिव्य देव जी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में कर्तव्यनिष्ठ बनने और अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किए। शिक्षकों के लिए 100 मीटर दौड़ और शिक्षिकाओं के लिए चेयर रेस प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Ph. No.: +91-651-2225878, Mob. No.: +91 9471006062**
**e-mail Id-juidcolimited@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752**

NIT No.: JUIDCO/NIT/Simdega UWSS/22/515 Date:14.11.2022

**e-Procurement Notice**

**Tender Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Simdega Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http//.jharkhandtenders gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 96,82,88,609/- (Rupees Ninty Six crore Eighty Two lakh Eighty Eight thousand Six hundred and Nine only) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs. 25,000/- (Rupees Twenty Five thousand only) Bid Security – Rs. 96,83,000/- (Rupees Ninety Six lakh and Eighty Three only) |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 16.11.2022; 09:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 24.11.2022; 17:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 25.11.2022; 12:00 hours |
| 8. | Last Date &Time of Bid Submission | 14.12.2022; 17:00 hours |
| 9. | Last Date &Time of Submission of Tender Fee & EMD | 15.12.2022; 17:00 hours |
| 10. | Date & Time of Bid Opening | 15.12.2022; 17:30 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin. 834001 |
| 12. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website *http://jharkhandtenders.gov.in*

**Sd/-**
**Project Director (Technical)**
PR 282327 Urban Development (22-23)_D **JUIDCO Ltd., Ranchi**


### रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

## सत्यम का दोहरा और अमर ज्योति का शतक से डोरंडा और संत जेवियर कॉलेज अगले चक्र में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सत्यम मिश्रा की धुआंधार दोहरे शतक (216) की पारी की बदौलत गत वर्ष के विजेता डोरंडा कॉलेज की टीम ने सोमवार को शुरू हुई रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार आगाज किया। डोरंडा कॉलेज ने जेएन कॉलेज धुर्वा को 329 रनों से तथा संत जेवियर कॉलेज ने गोस्सनर कॉलेज को 11 रनों से पराजित किया। गोल चक्कर मैदान में खेले गए प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में डोरंडा कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट पर 396 रनों का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया। जवाब में जेएन कॉलेज की टीम 12.3 ओवर में मात्र 67 रन पर ही सिमट गई। डोरंडा कॉलेज की ओर से कप्तान सत्यम मिश्रा ने 86 गेंदों में शानदार 216 रनों की पारी खेली। जबकि मनीष ने टीम के लिए 68 रन जोड़ें ।उत्तम ने 38 और अक्षत ने 27 रनों का योगदान किया। अभिषेक और संजीव को एक-एक विकेट मिले। जे एन कॉलेज की ओर से संजीव 17 रन ही बना पाए ,शेष बल्लेबाजो ने डोरंडा कॉलेज के आगे अपने घुटने टेक दिए। प्रशांत ने 4 रन देकर 3 और मनीष ने 22 रन देकर तीन विकेट लिए, सतीश को दो विकेट मिले। वहीं दूसरी ओर रॉक मैन क्रिकेट ग्राउंड शाखा के मैदान में खेले गए मैच में संत जेवियर कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 7 विकेट पर 242 रनों का योगदान किया। जिसमें अमर ज्योति ने 168 रनों की नाबाद पारी खेली। शिवम ने 26 रन बनाए, अमित को तीन और मेराज को दो विकेट मिले।

## खड़ी पिकअप वैन का लॉक तोड़कर ले भागे चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** शासन और प्रशासन से बेखौफ अपराधी शाम ढलते ही एनएच 75 मुख्य मार्ग से बाजार की भीड़ में घर के पास खड़ी पिक अप जेएच 01 एएक्स 5124 को सोंस से कुडू की ओर लॉक तोड़कर के ले गए। मालिक अशोक साहू के द्वारा तुरन्त प्रशासन को सूचित किया गया है सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई है।इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले अपराधी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन गए हैं दूसरी ओर चान्हो पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक पिकअप वैन को रविवार को अहले सुबह कोयला तस्कर के साथ करकट के समीप पकड़ लिया। बताते चलें कि अवैध कोयले तस्करों के विरुद्ध पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है किन्तु तस्करों की ऊंची पहुंच और आला अधिकारियों के दबाव में उनपर कठोर कार्रवाई नहीं हो पाने से तस्करी चरम पर है चाहे कोयले की हो या गौ वंश की।चान्हो में लगने वाले दो साप्ताहिक बाजारों से दिनदहाड़े गौ वंशो को खरीद बिक्री होती आ रही है जो मांडर व कुडू प्रखंड सहित राज्य के अन्य जगहों पर भेजी जाती हैं पर जो देते हैं जगह पर पहुंच जाते हैं जो नहीं देते वो पकड़े जाते हैं। पकड़े जाने पर भी गौ वंश सुरक्षित नहीं रह पाते क्योंकि उन्हें भी सुरक्षित रखने के नाम पर जहां जाने के लिए ले जा रहा होता है वहीं पहुंचाने का खेल कहें या फिर षडयंत्र रच कर पहुंचा ही दिया जाता है।

## कॉलेज की पूर्व कमेटी को भंग कर आदिवासी छात्र संघ के नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मांडर।** आदिवासी छात्र संघ की बैठक मांडर कॉलेज परिसर में रांची जिला अध्यक्ष राजू उरांव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन मांडर कॉलेज सचिव संदीप उरांव ने किया। बैठक में मांडर कॉलेज की पूर्व कमेटी को भंग करते हुए आदिवासी छात्र संघ के नई कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें- अध्यक्ष- लक्ष्मण उरांव, कार्यकारी अध्यक्ष - हीरामणि कुमारी, उपाध्यक्ष - गीता कुमारी, सचिव-सहाबीर उरांव, उप सचिव - दिनेश उरांव, मीडिया प्रभारी- बिरसा उरांव, प्रवक्ता- कार्तिक उरांव,कार्यकारिणी सदस्य- प्रियंका कुमारी, किरण , सोनी कुमारी, निशा एक्का, पूजा कुमारी, सिल्की कुजुर, मोहन उरांव, राजू कुमार, संजय भगत का चयन किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से हरि उरांव, केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, मांडर कॉलेज अध्यक्ष बुधनाथ उरांव,जिला संयोजक अरविंद टोप्पो, रातू प्रखंड अध्यक्ष रमेश मुंडा, नगड़ी प्रखंड उपाध्यक्ष महादेव उराव, आशीष टोप्पो, छोटू उरांव, प्रियंका कुमारी, अनुपम कुमारी, निशा उरांव, मनीषा कुमारी, मनिता उरांव, संगीता कुमारी, रजनी उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय- उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)**
**उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग**

**सामयिक सूचना अंक – 02/वर्ष 2022 – 23**

प्रिय किसानों,

रबी फसल लगाने से पहले अपने खेतो कि मिट्टी का उपचार एवं उसमे लगने वाले बीज का उपचार ससमय अवश्य करे। उन्नत किस्म के बीज का चुनाव करने के साथ–साथ यदि बीज को उपचारित किया जाए तो कीट व रोगो से नियंत्रण किया जा सकता है। बीज की गुणवता को बनाये रखने के लिए बीजोपचार करना अति महत्वपुर्ण है। यदि इन कारको को पूर्व में ही नष्ट कर दिया जाए तो फसल मे रोग होने की संभावना कम हो जाती है। इससे 10–15 प्रतिशत तक होने वाली हानि को कम किया जा सकता है। बीज एवं खेतो की मिट्टी को अनुशंसित रसायन, जैवनाशी से उपचार करे। यह प्रकिया अत्यंत सस्ती एवं सरल है जिसके द्वारा अल्प श्रम एवं कम खर्च मे बहुत बड़े क्षेत्र के फसलो को बचाया जा सकता है।

बीज उपचार :–

इस तरीके मे बीज को बोने से पहले फफुंदनाशी या जीवाणुनाशी या परजीवीयों का उपयोग करके उपचारित करे।

| क0सं0 | फसल का नाम | प्रमुख रोग एवं कीट | रसायन/ जैवनाशी का नाम | मात्रा ( प्रति किलो बीज) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | गेहूँ | अनावृत खंड | कार्बोक्सिन 37.5% + थीरम 37.5% डब्लु एस | 2.5 ग्राम |
| | | अल्टरनेरिया पत्र लांछन | कार्बेन्डाजिम 50 डब्लु पी0 | 02 ग्राम |
| | | दीमक | क्लोरोपाइरिफोस 20 इ0सी0 | 3 मि0ली0 |
| 02 | सरसो,तोरी,राई | सफेद रतुआ | कार्बेन्डाजिम 50 डब्लु पी0 या मेटालैक्सिल 35% डब्लु एस | 02 ग्राम |
| 03 | आलु, बैगन,मिर्च, टमाटर | अगेती एवं पछेती झुलसा | मेटालैक्सिल 8% डब्लु पी0 +मन्कोजेब 64% डब्लु पी0 | 2.5 ग्राम |
| | | मृदा एवं कन्द जनित रोग | स्युडोमोनास फ्लोरेंसेंस 0.5% डब्लु पी0 | 10 ग्राम |
| | | जीवाणु मुरझा रोग | एस्ट्रेप्टोसाइक्लिन | 0.5 ग्राम |
| 04 | मसुर,चना,तीसी,मटर | झुलसा या उकठा | ट्राइकोडर्मा विरिडी 1% डब्लु पी0 | 10 ग्राम |

मिट्टी उपचार :–

मिट्टी मे पाइथियम, फुसैरियम, राइजोक्टोनिया आदि कवक पाए जाते है ,यह रोगो को पौधो मे फैलाता है। इस रोग से मिट्टी के ऊपर का तना सडने लगता है, जिससे पौधा सुखने लगता है।

रोक थाम :–

1) करंज की खली या नीम कि खली या महुआ की खली 500 किलोग्राम कि दर से प्रति 01 हेक्टेयर मिट्टी में डाले।
2) विल्ट, जड़ सड़न प्रभावित क्षेत्रो मे नम मिट्टी की स्थिती के तहत विघटित गाय के गोबर 100 किलोग्राम कि दर से प्रति 01 हेक्टेयर पर ट्राइकोडर्मा विरिडी 05 किलोग्राम कि दर से प्रति 01 हेक्टेयर का समावेश करे और रोपन से पहले मिट्टी मे शामिल करे।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

उप निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

PR 282260 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(22-23).D



**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI.**

**e-Tender e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. WRD/MID/RANCHI $F_2$ - 09/2022-23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | **Under Minor Irrigation Division, Ranchi.** Construction of Single Check Dam on **Basri Nala,** Vill- Sarhata Kewand, Block:- Burmu, Dist- Ranchi, Estimated Cost- **Rs. 12284826.06** |
| 2. | Time of Completion | (11 months) |
| 3. | Date of Publication of E - Tender on website | 25.11.2022 at 2.00 pm |
| 4. | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | 05.12.2022 up to 5:00 pm |
| 5. | Last Date for receipt of e-tender hard copy bid's fee, security and other document's At | (1) Executive Engineer, M. I. Division, Ranchi (2) Superintending Engineer, M. I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi. till 10.12.2022 up to 5:00 pm |
| 6. | Date of Opining Tender | 13.12.2022 at 2:00 pm |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, M.I. Division, Ranchi, Room No. 302, Abhiyantran Bhawan, Kutchery Chowak, Ranchi |
| a. | Contact no. of e-Procurement officer | 9431190681 |
| b. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |

**Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
PR 282286 Minor Irrigation(22-23)#D Minor Irrigation Division, Ranchi.

रांची
मंगलवार
15.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-279 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50


**रश्मि प्रवाह**

जब तक हम किसी भी काम को करने की कोशिश नहीं करते हैं, तब तक हमें वह काम नामुमकिन ही लगता है।






# झारखंड स्थापना दिवस समारोह आज

## सज-धजकर तैयार हुआ मोरहाबादी मैदान, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तैयारियों का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 15 नवम्बर 2022 को झारखंड अपना 22वां वर्षगांठ मनाने जा रहा है। इसको लेकर सरकारी-गैरसरकारी स्तर पर तैयारियां जोरों पर है। मुख्य कार्यक्रम राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में होगा। मोरहाबादी मैदान में आयोजित होनेवाले स्थापना दिवस समारोह स्थल को भव्य रुप से सजाया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को खुद समारोह स्थल पर पहुंच कर इसका जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने तैयारियों के संबंध में बिंदुवार जानकारी पदाधिकारियों से प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने पदाधिकारियों से कहा कि मुख्य समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होनेवाले अतिथि एवं आमजनों के लिए बैठने की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें। आगंतुकों के बैठने के लिए लगायी गयी कुर्सियों के बायीं तथा दायीं दोनों ओर एलईडी स्क्रीन्स लगायें। कुर्सियां एवं एलईडी स्क्रीन्स सुनियोजित एवं व्यवस्थित ढंग से



लगायें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य मंच के बैकग्राउंड में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का आदमकद तस्वीर लगायें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गाड़ियों की पार्किंग की भी व्यवस्था को दुरुस्त रखें। आमजनों को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े इसका पूरा ध्यान रखें। विधि-व्यवस्था का संधारण चुस्त-दुरुस्त रहे यह सुनिश्चित करें। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 12:30 से किया जायेगा। कार्यक्रम में आनेवाले आगंतुकों एवं आमजनों के लिए बैठने की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। मुख्य समारोह का लाइव प्रसारण सभी जिलों में लगी एलईडी स्क्रीन पर किया जायेगा। मुख्य समारोह कार्यक्रम से सभी जिले जुड़े रहेंगे। मौके पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव प्रशांत कुमार, उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नगर विकास की 132 करोड़ की 13 योजनाओं का होगा उद्घाटन, 1658 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान नगर विकास व आवास विभाग की 13 योजनाओं का उद्घाटन किया जायेगा। इन योजनाओं पर 132.48 करोड़ का लागत खर्च होगा। वहीं, कार्यक्रम के दौरान 1658.86 करोड़ रुपये की लागत से 12 योजनाओं का शिलान्यास किया जायेगा।

**किन-किन योजनाओं का उद्घाटन : देवघर** में इंटर स्टेट बस टर्मिनल, गिरिडीह सेप्टेज प्रबंधन योजना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना, जमशेदपुर में डीएमएस पुस्तकालय, बहुउदेश्यीय सम्मेलन हॉल, रांची नगर निगम एरिया में वेजिटेबल मार्केट व पार्किंग निर्माण कार्य, धनबाद के वार्ड नंबर 53 में पथ, नाली और स्ट्रीट लाइट का निर्माण, रांची में नेहरू पार्क, धनबाद में लिलोरी स्थान पहुंच पथ, कतरास शहर में पथ निर्माण, बंडू नगर निगम में छह क्यूबिक मीटर प्रतिदिन क्षमता वाले फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट, सरायकेला नगर पंचायत में नस बस अड्डे का निर्माण व वार्ड नंबर 55 धनबाद में जयहिंद मोड़ से लेकर कृष्ण मंदिर तक पथ का मरम्मतिकरण।

**किन योजनाओं का होगा शिलान्यास : स्थापना** दिवस कार्यक्रम के दौरान अमृत योजना के तहत रामगढ़ शहरी जलापूर्ति योजना, हजारीबाग नगर निगम के तहत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधा और सैनिटरी लैंडफिल सुविधा, मेदनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना, झुमरीतिलैया शहरी जलापूर्ति योजना, रांची के झिरी की लेगेसी वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से बायो माइनिंग, रिसोर्स रिकवरी और बायो रेमिडेशन करते हुए लैंड रिक्लेमेशन, सिमडेगा शहरी जलापूर्ति योजना सहित अन्य का शिलान्यास किया जायेगा।

राज्य स्थापना दिवस को लेकर राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती, तीन लेयर में होगी आयोजन स्थल की सुरक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्थापना दिवस को लेकर 15 नवम्बर को रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा के मद्देनजर शहर भर में दो हजार अतिरिक्त फोर्स की तैनाती की गयी है। सुरक्षा में लेकर छह डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दारोगा को भी लगाया गया है। मोरहाबादी स्थित मुख्य आयोजन स्थल की सुरक्षा तीन लेयर में होगी। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, जैप, एटीएस और झारखंड जगुआर की टीम को भी तैनात किया जायेगा। सुरक्षा में किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो, इसे देखते हुए पूरे शहर की निगरानी सीसीटीवी से की जायेगी। इसके लिये पुलिस कंट्रोल रूम में एक टीम की तैनाती की गयी है। साथ ही सादे लिबास में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि स्थापना दिवस को लेकर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मोरहाबादी में मुख्य कार्यक्रम को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। समारोह स्थल में जानेवाले हर वाहनों को चेकिंग के पास भी स्थल तक जाने दिया जायेगा।



**डयूटी के दौरान मोबाइल इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश**

**वहीं,** ड्यूटी के दौरान किसी भी जवान को मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया गया। यदि कोई जवान मोबाइल फोन इस्तेमाल करता है तो मोबाइल सीज किया जायेगा। वहीं, मंगलवार सुबह छह बजे से जवान तैनात रहेंगे और ऊंची इमारतों में भी स्नाइपर को तैनात किया जायेगा। सुरक्षा को लेकर प्रतिबंधित वस्तुओं की भी सूची तैयार की गयी है, जिसमें बैग, छतरी, ज्वलनशील पदार्थ, चाकू, लेकर आने पर मनाही है।

**सीसीटीवी कैमरा से होगी समारोह स्थल की निगरानी :** समारोह स्थल के चारो तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। साथ ही दो ड्रोन कैमरा का भी इस्तेमाल किया जायेगा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरा से पूरे समारोह की निगरानी की जायेगी। इसके लिये कंट्रोल रूम में आधा दर्जन से पुलिस अधिकारी की तैनाती की गयी है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे पल-पल की रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को देंगे।

# हत्या के विरोध में प. सिंहभूम बंद का रहा व्यापक असर

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर शहर के बजरंग दल

■ व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहे बंद, वाहनों का आवागमन नहीं के बराबर रहा

के सदस्य और गिरिराज सेना के अध्यक्ष कमलदेव गिरि की बम मार कर हत्या के विरोध में हिंदूवादी



संगठनों द्वारा आहूत पश्चिमी सिंहभूम बंद का सोमवार को व्यापक असर दिखायी दिया। चाईबासा और चक्रधरपुर दोनों ही शहरों में बंद का व्यापक असर दिखा। व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और वाहनों का आवागमन भी नहीं के बराबर रहा। कमलदेव की हत्या से भाजपा और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है। संगठनों के लोग मोटरसाइकिल रैली लेकर शहर में निकले और लोगों से बंद में सहयोग की अपील की। कमलदेव के हत्यारों को जल्द से जल्द पकड़ने और फांसी देने की मांग की। बंद को देखते हुए जिला पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### एसीबी जांच का आदेश ध्यान भटकाने वाला : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रेतर जांच के लिए पीई दर्ज करने का निर्देश दिये जाने पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने इस कार्रवाई को सिर्फ ध्यान भटकाने वाला साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री और झामुमो निराशा और हताशा के दौर से गुजर रहे हैं।

**जबरन धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट बोला -**

# यह एक गंभीर मामला, देश की सुरक्षा के लिए है खतरा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** देश की सर्वोच्च अदालत में सोमवार को जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि जबरन धर्मांतरण एक गंभीर मामला है। यह देश की सुरक्षा के लिए खतरा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार को इसके लिये कदम उठाना होंगे। इसको लेकर कड़े कदम उठाने की जरूरत है। अदालत ने आगे कहा कि धर्मांतरण के मुद्दे पर केंद्र को अपना रुख स्पष्ट करना होगा। बता दें कि जबरन धर्मांतरण के खिलाफ कई राज्यों ने कानून बनाये हैं। इनमें जबरन धर्मांतरण कराने पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। जिन राज्यों ने इसके लिए कानून बनाया है, उनमें मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक शामिल हैं। ये सभी भाजपा शासित राज्य हैं।



# जांच के घेरे में राज्य के पूर्व पांच मंत्री

## ○ मुख्यमंत्री ने दिया पीई का आदेश, आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रघुवर दास के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के पांच मंत्रियों के खिलाफ

■ एसीबी की पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन के आरोप की हुई पुष्टि

आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के मामले में प्रारंभिक जांच (पीई) के आदेश दिये हैं। पांच पूर्व मंत्रियों अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ. नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के खिलाफ पीई का आदेश मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (निगरानी) को दिया गया है। अब इन पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अलग-अलग पीई दर्ज कर जांच होगी। एसीबी ने इन मंत्रियों पर लगाये गये आय से अधिक संपत्ति की शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाया है। वर्ष 2020 में जनहित याचिका पंकज कुमार यादव बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य के संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने पूर्व सरकार के मंत्रियों के खिलाफ आईआर दर्ज कर गोपनीय सत्यापन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने निर्देश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (निगरानी), रांची को दिया गया था। एसीबी ने पांचों पूर्व मंत्री पर परिवादी द्वारा लगाये गये आय से अधिक संपत्ति के आरोप के लिए अब तक के गोपनीय सत्यापन से पुष्टि होने का उल्लेख करते हुए उनके विरुद्ध अलग-अलग पीई दर्ज करने के लिए अनुमति की मांगी थी। एसीबी के सत्यापन प्रतिवेदन के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा मुख्यमंत्री से पूर्व मंत्रियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की अग्रेतर जांच के लिए पीई दर्ज

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### भू-माफियाओं से मिले अफसरों के खिलाफ एसीबी जांच का आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भू-माफियाओं से



संलिप्त पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से जांच कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर निबंधन करने में संलिप्त देवघर के तत्कालीन अंचल अधिकारी अमर प्रसाद, तत्कालीन अंचल अधिकारी जयवर्द्धन कुमार और तत्कालीन अवर जिला निबंधक राहुल चौबे के विरुद्ध पीई दर्ज करते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से जांच कराने का निर्देश दिया है। बता दें कि उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, देवघर द्वारा इन पदाधिकारियों के विरुद्ध मौजा श्यामगंज, थाना नंबर 413, प्लॉट नंबर 240, कुल रकबा 114.78 डि. भूमि का अवैध एलपीसी निर्गत कर भू-माफियाओं के साथ मिलीभगत कर अवैध रूप से भूमि की खरीद-बिक्री से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। इससे संबंधित उपायुक्त देवघर द्वारा पर्याप्त साक्ष्य भी समर्पित किया गया है।

# बाल पत्रकारों के साथ सीएम ने यादगार पलों को किया साझा

## संवाद ○ मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों के साथ संवाद में दिल खोल कर बच्चों के सवालों के दिये जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल पत्रकारों के साथ भेंटवार्ता कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों के साथ बातचीत की और उन्हें बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के साथ संवाद में उन्होंने विविध विषयों की चर्चा की तथा अपने जीवन के कई यादगार पलों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने बाल पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित इस वर्ष के बाल दिवस का थीम स्पोर्ट्स, समावेश और विविधता पर सवाल पूछने का



अवसर दिया। बाल पत्रकारों के साथ बातचीत के क्रम में उन्होंने दिल खोल कर जवाब दिये। इस कार्यक्रम में रांची जिले के सात प्रखंडों के बीस बाल पत्रकार शामिल हुए, जिन्होंने मुख्यमंत्री से कई मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की। मौके पर उपस्थित अंडर-17 फीफा विश्व कप-2022 में भारत का नेतृत्व करने वाली फुटबॉलर अष्टम उरांव ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव एवं खेल यात्रा की यादों को साझा किया। फुटबॉल खिलाड़ी अष्टम उरांव ने कहा कि उन्होंने अपने पापा को देखकर फुटबॉल खेलना प्रारंभ किया था। चार साल तक काफी प्रैक्टिस, मेहनत की। अष्टम उरांव ने बताया कि किस तरह से वर्तमान राज्य सरकार ने उन्हें मदद पहुंचायी।

**फुटबॉलर अष्टम ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन**

**फुटबॉलर** अष्टम उरांव ने कहा कि अंडर-17 फीफा विश्व कप 2022 में टीम को जरूर हार मिली, परंतु सीखने को बहुत कुछ मिला। मैं और मेरी साथी खिलाड़ियों ने मैच जरूर हारे, पर जज्बा नहीं हारे। मन से कभी नहीं हारे। अष्टम उरांव ने मुख्यमंत्री की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयास से हमारे मैच हमारे पेरेंट्स ने भी लाइव देखा। अष्टम उरांव ने उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया।

**सीएम के साथ सहज माहौल में बाल अधिकारों से पूछे गये प्रश्न**

**यूनिसेफ** झारखंड की प्रमुख डॉ. कनीनिका मित्र ने कहा कि बच्चों के लिए भागीदारी, नेतृत्व और सशक्तिकरण के सिद्धांत को बढ़ावा देने के लिए हमने इस साल 14 नवम्बर को बाल दिवस के अवसर पर बाल पत्रकारों को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर मुख्यमंत्री के साथ बातचीत करने और अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए एक मंच दिया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा एवं महत्वकांक्षी बाल पत्रकारों ने अनुभवी पत्रकारों की तरह भूमिका निभायी और मुख्यमंत्री के साथ सहज माहौल में बाल अधिकारों से संबंधित प्रश्न पूछे।

# केंद्रीय सशस्त्र बलों में पांच साल में दो लाख युवकों की हुई भर्ती

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के प्रयासों के तहत पिछले पांच वर्षों में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीआईएसएफ) में लगभग दो लाख लोगों की भर्ती की गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि इस साल जुलाई अंत तक सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी),



सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और असम राइफल्स (एआर) में अब भी 84 हजार से अधिक पद रिक्त थे और इन्हें भी भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्ष

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### अग्निवीर वायुसैनिकों की बहाली को लेकर बैठक का आयोजन



**बसिया।** प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में सोमवार को अग्निवीर वायुसैनिकों की बहाली को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के तमाम पंचायतों के मुखिया, +2 विद्यालयों, इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेजों के प्राचार्य उपस्थित रहे। इस बैठक में अग्निवीर वायु सैनिक के लिए आवेदन करने संबंधी जानकारी पर विस्तृत चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि सबके प्रयास से बड़ी संख्या में प्रखंड क्षेत्र के छात्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सामुहिक प्रयास किया जाएगा। ज्ञातव्य है तत्संबंधी आवेदन ऑनलाइन किया जाना है और इसकी सुविधा तमाम प्रज्ञा केन्द्रों में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि बसिया कॉलेज और संत पॉल कॉलेज में आगामी 17 एवं 18 नवम्बर को रजिस्ट्रेशन हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा जहाँ ऑनलाइन आवेदन भरने की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

### नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा बानो के कोनसोदे में मनाया 50 वां स्थापना दिवस

**बानो।** नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा द्वारा बानो प्रखंड के कोनसोदे ग्राम में नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय , भारत सरकार के 50 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ तोरपा विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह, प्रस्तावित उच्च विद्यालय कोनसोदे के प्राचार्य जितेन्द्र बडाईक, उपमुखिया समरा बडिंग, शिक्षक रजनी कांत साहू, सुभाष सिंह ने संयुक्त रूप से नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजवलित कर किया गया। विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ने सभी प्रतिभागियों को नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी ने किया। उसने बताया की नेहरू युवा केंद्र संगठन की स्थापना 1972 में ग्रामीण युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व और कौशल के विकास के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में यह देश भर के 623 जिलों में कार्यरत है। भारतीय जनसंख्या का लगभग तीन-चौथाई ग्रामीण है। समग्र रूप से राष्ट्र का विकास उनकी प्रगति और विकास पर निर्भर करता है।इस उद्देश्य से नेहरू युवा केंद्र संगठन निरंतर 50 वर्षों से विभिन्न प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं, खेल कूद एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने का काम रही है। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र, सिमडेगा के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, जिले के विभिन्न प्रखंड के युवा मंडल सदस्य और विद्यालय के छात्र - छात्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जूनियर केम्ब्रिज स्कूल में बाल दिवस पर दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

**सिमडेगा।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा के सभागार में सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर दो दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जी की जयंती के अवसर पर उनके बारे में बच्चों को बताया की चाचा नेहरू हमेशा कहते थे कि देश के स्वर्णिम विकास में बच्चे की अहम भागीदारी है। बच्चे ही देश का भविष्य हैं। इसलिए 14 नवंबर का दिन बाल दिवस के तौर हम सभी मानते हैं। इसके साथ दो दिवसीय विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ की गई। आज प्रथम दिवस के अवसर पर प्री नर्सरी और नर्सरी के बच्चों के बीच में मेंढक रेस, बिस्किट रेस, बलून रेस, 50 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ जैसे अन्य प्रतियोगिता बच्चों के बीच में किया गया। जिसमें प्रियांशु, वंशिका, रिहम और स्वीटी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बनी सुनीता टोप्पो

**लापुंग।** आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया परिसर में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रामेश्वर गोप की अध्यक्षता तथा सहायक शिक्षक फादर राजेंद्र खाखा के संचालन में अभिभावकों की आम सभा के दौरान सर्वसम्मति से सुनीता टोप्पो को अध्यक्ष तथा रेमनी उराईन को उपाध्यक्ष चुन लिया गया। बैठक के मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रामेश्वर गोप ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका और उनके कर्तव्यों के बारे में प्रकाश डाला। आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अलावे सदस्य के रूप में दिलीप खाखा, अजय लकड़ा, झिरगा कुजुर, नीलिमा मिंज, भोथे उरांव, कलावती देवी, फूलमनी देवी, संयोजिका सुमन लकड़ा, दिव्या सांगा, शांति देवी, बाल संसद के प्रतिनिधि के रूप में अनुदीप प्रधान, सदस्य संयोजक के रूप में पदेन सदस्य रामेश्वर गोप, शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में पदेन सदस्य उषा सरोजिनी मिंज तथा पंचायत प्रतिनिधि के रूप में वार्ड सदस्य का चयन किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के निदेर्शानुसार पुनर्गठन कार्यक्रम का पर्यवेक्षण सीआरपी ने किया। इस मौके पर दर्जनों अभिभावक और विद्यालय परिवार के सदस्य मौके पर मौजूद थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां पहली सड़क दुर्घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पावर ग्रिड के समीप जरिया गांव निवासी लगभग 22 वर्षीय मनोज उरांव पिता मंगा उरांव असंतुलित होकर सड़क पर ही गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीसीआर 5 के पुलिसकर्मियों ने घायल मनोज उरांव को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वही दूसरी घटना रांची लोहरदगा मुख्य मार्ग कराजी देवी टोली मंदिर के समीप पैदल सड़क पर चल रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला संजीवन खातून पति गुलाब अंसारी को रांची की ओर से लोहरदगा की ओर जा रहे तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायल महिला को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर एल एन दास ने अलग-अलग सड़क दुर्घटना में घायल हुए महिला संजीवन खातून कराजी निवासी और जरिया निवासी मनोज उरांव का प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### बाल दिवस पर विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# बच्चों के व्यवहारिक विकास में होती है वृद्धि: डॉ प्रवीण

नवीन मेल संवाददाता

**बेड़ो।** राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर विद्यासागर पब्लिक स्कूल बेड़ो में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने विज्ञान एवं कला पर आधारित कई प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। जिसमें ह्यूमन बॉडी इंटरनल ऑर्गन , पॉल्यूशन, पाषाण कालीन जीवन, मानव फेफड़े की कार्यपद्धति सहित विभिन्न प्रोजेक्ट प्रस्तुत छात्रों के द्वारा किया गया, जिसका विद्यालय में आए अभिभावकों के समूह ने अवलोकन किया साथ ही नागपुरी, हिंदी, बांग्ला सहित विभिन्न गानों पर विद्यालय के छोटे बड़े बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रेखा सिंह ने चाचा नेहरू के चित्रपर पुष्प अर्पित कर किया।

#### बच्चे देश के भविष्य हैं : डॉ प्रवीण

इधर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य विभाग डॉ प्रवीण चंद्रा ने कला प्रदर्शन में भाग लिए बच्चो से कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं, आप सभी ने जैसे प्रोजेक्ट बनाए हैं, भविष्य में जा कर यह इन्हें वास्तविक रूप देने वाले कोई चिकित्सक तो कोई इंजीनियर या अन्य क्षेत्र में जाकर बच्चे अपने परिवार देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है एवं व्यवहारिक विकास में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि करमचंद भगत महाविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर इंद्र मोहन राय ने कहा कि आज जो बच्चे इस विद्यालय में इतने गुणवत्ता के साथ अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं यही बच्चे कल महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में जाकर अपने कल्पना को मूर्त रूप देंगे और अपना भविष्य भी सुदृढ़ कर पाएंगे। कार्यक्रम की समाप्ति पर धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारे विद्यालय के बच्चों के मानसिक व्यवहारिक तथा काल्पनिक सोच और विकास के लिए भी बहुत जरूरी हैं। केवल सैद्धांतिक पढ़ाई ही नहीं बल्कि व्यावहारिक क्रियाकलाप भी बच्चों के विकास के लिए बहुत आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन मिस निशा वर्मा ने किया एवं अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया।

# गीतकार विजय प्रभाकर द्वारा लिखित गाना 'मोर महान झारखंड' रिलीज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड स्थापना दिवस 2022 के शुभ अवसर पर झारखण्ड के प्रसिद्ध गीतकार विजय प्रभाकर द्वारा लिखित ह्यमोर महान झारखंडह्ण रिलीज हुआ है। यह गाना बहुत ही कर्णप्रिय है। इस गाने को नागपुरी के सर्वश्रेष्ठ गायक पवन रॉय ने अपने मधुर आवाज दी है। इस मनोरम गीत को गॉड्स क्रिएशन यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। जिसके निमार्ता शशि कान्त टूटी हैं। श्री प्रभाकर ने राज्यवासियों को झारखंड स्थापना दिवस की बधाई देते हुए बताया कि इस गाने में झारखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का बखान किया गया है और यह गीत सभी झारखण्ड वासियों को समर्पित है। झारखण्ड से प्यार करनेवाले तमाम लोगों को यह गीत जरूर सुनना चाहिए।

#### झारखंड का राजकीय गीत नहीं बनने का अफसोस

श्री प्रभाकर ने कहा कि झारखंड को




बने हुए आज 22 साल हो गये। इस 22 वर्षो के सफर में झारखंड ने कई उपलब्धियां प्राप्त की है। कला संस्कृति के क्षेत्र में झारखंड लगातार आगे बढ रहा है। लेकिन अभी तक झारखंड का राजकीय गीत नही बना है। झारखंड सरकार इस विषय पर संज्ञान ले। राज्य सरकार से आग्रह होगा कि जितना जल्द हो सके झारखण्ड राज्य के सम्मान में राजकीय गीत जरूर बनाना चाहिए, ताकि झारखण्ड वासियों को अपने राज्य पर गर्व महसूस हो। देश के विभिन्न राज्यों के राजकीय गीत है। झारखंड का भी राजकीय गीत होना चाहिए।

# लोगों की परेशानियों को लेकर बीओआई जलडेगा पहुंचे विधायक नमन विक्सल कोंगाडी

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** सोमवार को कोलेबिरा विधानसभा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी पतिअम्बा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के साथ साथ क्षेत्र का भ्रमण किया।भ्रमण के क्रम में जलडेगा बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों ने विधायक से शिकायत किया कि हम लोगों को सही समय और एक दिन में पैसा नहीं मिलता है। जिससे वृद्धों को पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की राशि नहीं मिल पाने से समय पर आवास का कार्य पूर्ण नहीं हो पाता है। तत्पश्चात विभाग द्वारा लाभुकों को नोटिस जारी कर जल्द काम पूर्ण करने का आदेश दिया जाता है। इसलिए हमें नीजात मिलना चाहिए। विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ग्रामीणों के बात पर ध्यान देते हुए उक्त बैंक जाकर वहां के बैंक प्रबंधक से मिले और उनसे जानकारी प्राप्त किए।पता चला कि पैसा



ऊपर से सही समय पर नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण हम मजबूर हो जाते हैं।फिर भी हम प्रयास करेंगे कि समय पर ग्राहकों को पैसा उपलब्ध कराएंगे। विधायक ने एलडीएम सिमडेगा से भी बात किए। साथ ही साथ विधायक ने कहा कि मैं क्षेत्रीय प्रबंधक एवं मण्डल प्रबन्धक से भी इस मुद्दे पर बात करते हुए निराकरण करवाऊंगा। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,रावेल लकड़ा, जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिमडेगा पुलिस ने विभिन्न स्कूलों में चलाया मानव तस्करी सहित अन्य बिंदुओं पर जागरूकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा एसपी के निदेश पर सिमडेगा के निर्देशन में जिले के प्रत्येक थाने में कम्यूनिटी पुलिस ऑफिसर का चयन किया गया है, जिनके द्वारा नियमित रूप से अपने थाना क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों में छात्र - छात्राओं, क्षेत्र के विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बैठक कर समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं जैसे मानव तस्करी, महिला उत्पीड़न, साईबर क्राईम, डायन प्रथा, बाल विवाह आदि विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

#### विभिन्न विद्यालयो में चला जागरूकता अभियान



अभियान के एसएस हाई स्कूल जलडेगा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मयंगसोर बानो कोनसोदे उच्च विद्यालय बानो, केवेटांग उच्च विद्यालय बानो, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय टी०टांगर, उर्सलाईन कॉनवेंट हाई स्कूल जामपानी टी०टांगर, संत जेवियर स्कूल बरवाडीह कोलेबिरा, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कोलेबिरा, बघडेगा उच्च विद्यालय केरसई, अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, कुटमाकच्छार, उच्च विद्यालय कसडेगा कुरडेग, अगस्तुस उच्च विद्यालय किनकेल केरसई, मिडिल स्कूल रेंगारीह, हुरपी मध्य विद्यालय बानो, प्लस टू स्कूल पाकरटांड़, मध्य विद्यालय गेनमेर गिरदा तथा आर०सी० मध्य विद्यालय गिरदा के साथ जिले के विभिन्न गाँव के ग्रामीणों और क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न संगठनों के साथ बैठक कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

### बाल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**जलडेगा।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भुंडूपानी और उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तुरुपडेगा में लीड्स संस्था के तत्वाधान में बाल दिवस के अवसर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था के कलिंद्र प्रधान और जोसेफ लुगुन ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों में खेलों के प्रति आत्मविश्वास जागृत होती है तथा शरीर के साथ मस्तिष्क भी स्वास्थ्य रहता है। खेल कूद प्रतियोगिता में बोरा रेस, बिस्कुट रेस, बैलून रेस, दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया गया और बच्चों के बीच टॉफी, बिस्कुट और मिठाइयां भी बांटी गई। मौके पर शिक्षक बासुदेव प्रसाद, समसोन लुगुन, अभिनाश तोपनो, आंगनबाड़ी सेविका मरियम जोजो आदि मौजूद थे।

# युवती की नृशंस हत्या, तहकीकात में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** प्रेमी के द्वारा प्रेमिका की हत्या के लगातार हो रहे वारदातों के घटनाक्रम में आज एक मामला तब पुनः जुड़ गया जब बसिया थाना क्षेत्र में एक युवती की उसके घर में ही नृशंस हत्या कर दी गई। इस मामले में मृतका की हत्या का आरोप उसके प्रेमी पर लगा है।

#### कुरडेग की रहने वाली थी मृतक युवती, पुलिसिया जांच जारी

इस मामले में बसिया के सरुडा गांव में सोमवार की शाम एक युवक ने अपनी मंगेतर को चाकु से गोदकर उसकी निर्मम हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका जेनेविभा तिर्की सिमडेगा के कुरडेग की रहने वाली थी और सिमडेगा सदर अस्पताल में जीएनएम के पद पर सेवारत थी। इधर कुछ दिनों से वह सरुडा गांव में अपने एक रिश्तेदार तीजन एक्का के घर पर रह रही थी। खुशमिजाज इस युवती की सगाई लगभग पाँच माह पूर्व गुमला के रायडीह निवासी अरविंद



कुजूर के साथ हुई थी। इस दौरान अरविंद का सरुडा आना जाना लगा रहता था। इसी क्रम में सोमवार को भी वह दोपहर लगभग तीन बजे अपनी मंगेतर से मिलने आया परन्तु इस बार उसकी नीयत खराब थी और इस खराब नीयत के कारण घर में घुसते ही उसने जेनेविभा के सीने में चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि इस दौरान वह लगातार 20-25 बार चाकू से गोदकर उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम के दौरान गृहस्वामिनी तीजन एक्का पास में ही थी। उसने युवती को हत्यारे के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास भी किया परन्तु



तबतक देर हो चुकी थी और मदद के लिए सामने आई गृहस्वामिनी को घायल कर वह फरार हो गया। इस हमले के बाद बुरी तरह घायल गृहस्वामिनी और मंगेतर युवती को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए स्थानीय रेफरल अस्पताल लाया गया जहां जांच के बाद चिकित्सकों उसे मृत घोषित कर दिया जबकि घायल गृहस्वामिनी अभी अस्पताल में इलाजरत है। इधर घटना की सूचना मिलते ही बसिया थाना प्रभारी छोटू उराँव के नेतृत्व में पुलिस बल ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का आयोजन

**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह का शुभारंभ प्राचार्य बी पी गुप्ता ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। साथ ही, उन्होंने कहा कि आज 5ॠके युग में भी पुस्तकालय एवं पुस्तकों की काफी अहमियत है। पुस्तकालयाध्यक्ष श्री बिकास चंद्रा ने राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के महत्त्व एवं इसके उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की तथा पूरे सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षक संजय कुमार सिंहा, दीपांकर हल्दर, संजय टोप्पो, वीरभान सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# रामजोल गांव के ग्रामीणों को वन विभाग ने दिया हाथी भगाओ प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** प्रखण्ड के हाथी प्रभावित गाँव रामजोल मे सोमवार को ग्रामीणों को हाथी भगाओ प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीएफओ अरबिंद कुमार गुप्ता ने कहा जंगली हाथियों को न छेड़े गाँव मे जहां भी कोई घटना हो इसकी जानकारी वन विभाग को दे। गांव मे जंगली हाथियों की सूचना मिलने पर घर के बाहर आग जला कर रखे ।हाथी के नजदीक न जाये । हाथी कभी भी हमला कर सकता है। इस समय धान कटनी का समय है। खलिहान की रखवाली सावधानी से करे आज आप सभी ग्रामीणों को जंगली हाथी को बिना लागत के गांव से कैसे भगाएं इस बारे में जानकारी देंगे। उड़ीसा से आये हाथी भगाने के स्पर्ट बिपिन प्रधान ने जंगली हाथियों को गांव से कैसे दूर खदेड़े की जानकारी दी।उन्होंने कहा कभी भी अकेले न



जाए। झुंड बना कर सावधानी के साथ दूर भगाए।आप बिना कोई लागत के हाथियों को खदेड़ सकते हैं।उसका प्रशिक्षण देते हुये बताए कि पुवाल से ,मिर्ची सेगोबर जला कर ,तम्बाकू का उपयोग कर हाथियों को भगा सकते है। ग्रामीण इस प्रकार कम लागत में हाथी को भगा सकते है। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार, विवेक कुमार वर्मा, लखींदर सिंह, सुरेश टेटे, मनीष डुंग डुंग ,सन्दीप नायक ,ग्राम सभा अध्यक्ष सन्दीप मड़की व ग्रामीण उपस्थित थे।

### इक्फाई विवि ने कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की

# शिशु सदाब त्वा सह योजना की दी गयी जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कानूनी सेवा क्लिनिक ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) अखिल भारतीय अभियान 2022 के तहत जिला के सहयोग से रांची जिले के सिमलिया पंचायत के जमहरिया सरना मैदान में कानूनी जागरूकता के माध्यम से नागरिकों के सशक्तिकरण पर कार्यक्रम आयोजित किया। विधिक सेवा प्राधिकरण, रांची के पैनल एडवोकेट और पैरा लीगल वालंटियर सुश्री सुमन ठाकुर और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के अन्य लोगों ने ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम में स्किट, नुक्कड़ नाटक, का आयोजन किया गया ताकि स्पष्ट रूप से ग्रामीणों को मौलिक अधिकार जैसे पोक्सो अधिनियम, प्राथमिकी दर्ज करना विषयों को संप्रेषित किया जा




सके।

समारोह में श्रोताओं का स्वागत करते हुए, विश्वविद्यालय के विधि संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित कानूनी सेवा क्लिनिक, ग्रामीणों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है और लोगों में जागरूकता पैदा कर रहा है। उन्हें समकालीन कानूनी मुद्दों पर और कई ग्रामीणों को पहल से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत एक जीवंत नाटक के साथ हुई, जिसमें भारतीय संविधान में निहित मौलिक अधिकारों और विश्वविद्यालय के कानून के छात्रों द्वारा अधिनियमित एक नुक्कड़ नाटक शामिल है। इसके बाद घरेलू हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराध या कमजोर वर्ग पर एक और नाटक किया गया। बीबीए एलएलबी कार्यक्रम के चौथे वर्ष की छात्रा मानसी गोयल ने ग्रामीणों को ग्रामीण महिलाओं द्वारा अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों और तत्काल आवश्यकता के समय संबंधित अधिकारियों के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने के तरीके के बारे में बताया।

डीएलएसए के पैनल के सदस्यों ने ग्रामीण लोगों को झारखंड राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (झालसा) द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं और विशेष रूप से शिशु सदाब त्वा सह योजना 2021 के बारे में बताया। जो उन बच्चों की मदद करने के लिए बनाई गई थी, जो कोविड 19 महामारी के कारण अनाथ हो गए हैं। उन्हें उनके जीवित और इच्छुक रिश्तेदारों के साथ एकजुट करके या मौजूदा कानूनों के अनुसार उनका पुनर्वास करके और ऐसे उद्देश्यों की पूर्ति तक बच्चों को भोजन, कपड़े और आश्रय के साथ समर्थन करना जारी रखते हैं। सिमलिया गांव के मुखिया फूलमणि देवी ने अन्य ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को देखा और इसे मनोरंजक के साथ-साथ उपयोगी भी पाया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दिव्या उत्कर्ष और प्रो. अमरजीत रंजन ने किया, जिसका संचालन

प्रो. प्रभात कुमार ने किया। चौधरी और प्रोफेसर अंकिता कुमारी। प्रो. आकृति गुप्ता ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

# छात्रों को शिक्षकों का आदर हमेशा करना चाहिए : आलोक कुमार दुबे

संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों के बीच खेलकूद, पेंटिंग और क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे एवं सामाजिक कार्यकर्ता विजेता वर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। जहां विजेता वर्मा ने बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आलोक कुमार दुबे ने कहा आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और नई पुरानी पीढ़ी से अधिक बुद्धिमान होते है, इसका श्रेय शिक्षकों को जाता है। हमें अपने शिक्षकों का आदर करना चाहिए हमारे माता-पिता से भी



अधिक मतवपूर्ण भूमिका हमारे शिक्षक निभाते हैं।

इस दौरान खेलकूद, चित्रांकन और आर्ट एंड क्राफ्ट कंपीटिशन का भी आयोजन किया गया और बच्चों के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक श्रवण कुमार, कौशिक गोस्वामी, पंकज पाण्डे, नितेश कुमार, हेमंत कुमार, संदीप सिंह, आरती कुमारी, प्रिस्का खेश, सीमा खेस, अमित कुमार, रवि सिंह, प्रियंका सिंह, ज्योति धीर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

## न्यूज गैलरी

### रांची जिला खो-खो संघ की राष्ट्रीय खिलाड़ी का आकस्मिक निधन पर शोक की लहर



**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में रांची जिला खो-खो संघ की राष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ी सोनी टोप्पो की लंबी बीमारी के कारण आकस्मिक निधन पर संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण ने शोक प्रकट किए। सोनी टोप्पो ने लगातार कई वर्षों तक जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रांची जिला का नाम रोशन की थी। शोक प्रकट करते हुए प्रशिक्षक सह रांची जिला खो-खो संघ के महासचिव अजय झा ने कहा कि राज्य में इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। वरीय खिलाड़ी विवेक कुमार, बिजय पॉल तिर्की, मुकेश कुमार, भरत कुमार, डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के सभी खिलाड़ीगण एवं रांची जिला के सभी सदस्य गण ने दो मिनट का मौन व्रत कर शोक प्रकट कर करते हुए आत्मा की शान्ति प्रदान के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### एसीबी जांच का आदेश ध्यान भटकाने वाला : प्रतुल नाथ शाहदेव

**रांची ।** राज्य सरकार के द्वारा भाजपा के पूर्व मंत्रियों पर प्रत्यानुपातिक धनार्जन की अग्रेतर जांच के लिए पी.ई. दर्ज करने का निर्देश दिए जाने पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने इस करवाई को सिर्फ ध्यान भटकाने वाला साजिश बताया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री और झामुमो निराशा और हताशा के दौर से गुजर रहे हैं ।वह ऐसे आदेश देकर नया एजेंडा सेट करना चाहते है ।प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा को किसी भी जांच से कभी भी कोई परहेज नहीं बशर्ते वह निष्पक्ष हो ।लेकिन वर्तमान सरकार के कार्यकाल में निष्पक्षता की आशा नहीं की जा सकती।

### आरपीएफ की सक्रियता से महिला ट्रेन यात्री को नकद 8000 समेत पर्स मिला वापस

**रांची।** विगत रविवार को आरपीएफ पोस्ट हटिया को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, रांची से सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला यात्री जिसका नाम- करुणा कुमारी, उम्र - 41 साल, छपरा (बिहार) जिसका पर्स ट्रेन संख्या 18623 में छूट गया है। सुचना प्राप्त होने के तुरंत बाद सहायक उपनिरीक्षक ऐस के जायसवाल ने कर्मचारियों के साथ मिलकर उक्त ट्रेन की तलाशी ली और पर्स को बरामद कर आरपीएफ पोस्ट हटिया पर ला कर रख दिया गया और इसकी सूचना महिला यात्री को दी गई जिसके पश्चात उक्त महिला यात्री आरपीएफ पोस्ट हटिया पहुंची जिसे उचित सत्यापन के बाद पर्स (नकद 8000/-) और अन्य मूल्यवान दस्तावेज जो पर्स के अंदर रखे गए हैं, उन्हें उसकी वास्तविक स्थिति में सौंप दिया गया। उक्त महिला ने इस तरह के नेक काम के लिए आरपीएफ हटिया को धन्यवाद दिया।

### एचईसी में पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई

रांची । देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की सोमवार को जयंती मनाई गयी । इस सिलसिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए । रांची के धुर्वा स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन एचईसी में भी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाई गई। इस मौके पर एचईसी के वरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने नेहरू पार्क स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर एसीसी के डायरेक्टर पर्सनल एमके सक्सेना ने राष्ट्र निर्माण में पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान को याद किया और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एसजीएम कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

रांची। संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज, रांची में सोमवार को बाल दिवस और जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इसमें सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी और उनके संघर्ष के बारे में बताया गया। कॉलेज के सचिव डॉ सुदेश कुमार साहू ने खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

### प्रगति मैदान में निर्मित झारखण्ड पवेलियन का मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया उद्घाटन

# भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का थीम वोकल फॉर लोकल, लोकल टू ग्लोबल रखा गया है




**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली/रांची।** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में पीयुष गोयल, मंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनुप्रिया पटेल, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश, वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री एवं मिथिलेश ठाकुर, मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार एवं अन्य मंच पर उपस्थित थे। इस वर्ष झारखण्ड राज्य पार्टनर राज्य के रूप में अपनी भागीदारी कर रहा है। भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2022 का थीम वोकल फॉर लोकल,लोकल टू ग्लोबल रखा गया है। उक्त मेले में झारखण्ड राज्य के संस्कृति एवं उद्योग को प्रदर्शन करने के लिए 800 वर्ग मीटर में निर्मित झारखण्ड पवैलियन का उद्घाटन मिथिलेश ठाकुर मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में मस्त राम मीणा, प्रधान स्थानिक आयुक्त, झारखण्ड भवन, नई दिल्ली, जितेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक, उद्योग राजेन्द्र प्रसाद, उप निदेशक एवं अन्य शामिल थे। इस वर्ष कुल 12 विभागों / बोर्ड / निगमों. 26 आर्टिजन से संबंधित तथा एमएसएमई से संबंधित उत्पादों का प्रदर्शित किया गया है।

### झारखंड स्थापना दिवस सह जनजातीय गौरव दिवस पर तोहफा

## जूनियर इंडिया टीम के असिस्मेंट कैंप में झारखंड के दो पुरुष खिलाड़ी आमंत्रित





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 18 नवंबर से बेंगलुरु में आयोजित भारतीय जूनियर पुरुष असिस्मेंट कैंप के लिए झारखंड के दो पुरुष हॉकी खिलाड़ी आमंत्रित किए गए हैं। असीम तिर्की और असीम आइन्द। दोनों ही खिलाड़ी पिछले वर्ष जूनियर झारखंड टीम के साथ विगत कई वर्षों से झारखंड टीम से खेल रहे हैं। साथ ही असीम तिर्की इस वर्ष 36 वें राष्ट्रीय खेल में भी झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व किया था। असीम तिर्की झारखंड के सिमडेगा जिला का रहने वाला है वहीं असीम आइन्द खूंटी जिला के रहने वाले हैं। दोनों खिलाड़ियों के चयन होने पर हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह महासचिव विजय शंकर सिंह उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, चंद्रायानी मजूमदार, संयुक्त सचिव माइकल लाल, बीगन सोय ,कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, सीईओ रजनीश कुमार सहित हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची में बाल दिवस समारोह आयोजित

## बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रों और शिक्षकों के मध्य रोमांचक क्रिकेट मैच भी हुआ तथा बच्चों को फिल्म दिखायी गयी। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके लिए वे स्वस्थ भोजन, लुप्तप्राय पशु, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आदि थीम पर सज-संवरकर आए। इस अवसर पर द सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिमैके) के सहयोग से बिहू नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय ने इस विशेष अवसर पर उन छात्रों को सम्मानित किया जो स्कूल का प्रतिनिधित्व कर विभिन्न प्रतियोगिताओं में ट्राफियां और प्रमाण पत्र जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने इस विशेष अवसर पर बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें संवारना और सही राह दिखाना हमारा कर्तव्य है।

### बच्चों के लिए फ्री डेंटल चेकअप का हुआ आयोजन

**रांची।** रिम्स डेंटल कॉलेज के पिडोडॉन्टिक विभाग में सोमवार को बाल दिवस व पिडोडॉन्टिक डे मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के दांतों की देखभाल और सफाई के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी गई। साथ ही रांची स्थित गैर सरकारी संगठन करुणा एनएमओ से आए 17 बच्चों का फ्री डेंटल चेक अप और जरूरी ट्रीटमेंट किया गया। बच्चों के बीच टूथब्रश और टूथपेस्ट का वितरण भी किया गया। मौके पर स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें विजेता मंताशा नाज और अर्चना एक्का को पुरस्कृत किया गया। डेंटल कॉलेज के तीसरे व फाइनल ईयर की छात्रा अंकिता, अपूर्वा, अंशु, औली, पूजा पाठक, पूजा, सुष्मिता, विभा, स्वेता और तान्या ने बच्चों के ट्रीटमेंट में सहयोग किया। पिडोडॉन्टिक विभाग की इंटर्न डॉ सुचिता, डॉ सुचित्रा, डॉ स्वीटी, डॉ आयुश और डॉ अमिया ने सभी बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने की जानकारी दी।

## गुरुकुल किड्स किंडर गार्डन में मना बाल दिवस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुकुल किड्स किंडर गार्डन, कटहल मोड़ में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व बच्चों के प्रिय पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। साथ ही स्कूल का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने गलती से मिस्टेक..., छोटी सी आशा... सहित अन्य गानों पर नृत्य कर उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित राकेश चौधरी, सेवानिवृत्त शिक्षक बीएम विद्यार्थी ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों को कई बातें बतायी। राकेश चौधरी ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि सभी बच्चे काफी प्रतिभावान हैं। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

वहीं, सेवानिवृत्त शिक्षक बीएम विद्यार्थी ने अभिभावकों को बच्चों के हित में उन्हें रात को जल्दी सुलाने और सुबह जल्दी उठाने की बात कही। स्कूल की निदेशक सह प्राचार्य उषा प्रसाद ने बताया कि कैसे तीन बच्चों से शुरू हुआ स्कूल आज तीन साल के अंदर 60+ बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को ट्रॉफी और मेटल देकर प्रोत्साहित किया गया। मौके पर शिक्षकों के साथ बच्चों के अभिभावक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी में बाल दिवस का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को कृष्णापुरी चुटिया में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी, रांची के द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें करनाथ टोली चुटिया के साथ पावर हाउस चुटिया के बच्चे सम्मिलित हुए। जिसमें बच्चों के बीच 14 नवंबर बाल दिवस मनाने जाने के महत्व की जानकारी दी गई। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कविता पाठ एवं कहानियों बताई गई। विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी की सेक्रेटरी रेखा देव ने बाल दिवस के आयोजन की जानकारी दी तथा चाचा नेहरू के अमूल्य योगदान की सराहना की। चाचा नेहरू के बच्चों के प्रति लगाओ एवं उनके प्यार की सराहना की गई। इस बीच बच्चों के बीच में पेंसिल रबड़ एवं पेन का वितरण किया गया। बच्चों के बीच में आज खिचड़ी का वितरण किया गया। प्रीति पांडे, नैंसी, अंशु, रांचो, एरॉन, आयुष, वर्षा, अंतरा के द्वारा नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आज के बाल दिवस कार्यक्रम में विद्या देव चैरिटेबल सोसायटी के सेक्रेटरी रेखा देव मेंबर मनीषा मुंडा, रोबिन कच्छप इत्यादि उपस्थित थे। बच्चों में विशेषकर अंतरा कुमारी, स्वाति कुमारी, आशु कुमारी, अजय, कृष्ण, माधुरी अंशु इत्यादि उपस्थित थे।

## बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं : शिव किशोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को देवी मंडप रोड अरबिंदो आश्रम के निकट ड्रीम ऑफ डांस एकेडमी में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नारी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पुनम सिंह, विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, संयोजिका कुमारी अनिता एवं प्रसिद्ध समाज सेविका वार्ड नंबर 31 के पूनम कुमारी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ रिबन एवं केक काटकर हुआ ।इस मौके पर बच्चों ने भक्तिमय एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डांस एकेडमी के निदेशक वीर अभिमन्यु ठाकुर ने किया। मौके पर शिव किशोर शर्मा ने कहा बच्चे देश के भविष्य हैं। नृत्यगान, योगा, कराटे, खेलकूद आदि प्रतियोगिता से बच्चों को पढ़ाई के प्रति रूझान बढ़ती है। पूनम सिंह ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दी एवं कहा बच्चों को पढ़ाई के साथ प्यार भी चाहिए ताकि बच्चे निर्भीक होकर पढ़ें। निदेशक वीर अभिमन्यु ठाकुर ने कहा हमारा देश भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जयंती पर बाल दिवस मनाया जाता है ।नेहरू जी के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए ।सरस्वती वंदना के बाद कार्यक्रम की समापन हुई। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक वीर अभिमन्यु, सहयोगी पीयूष कुमार,आशीष कुमार,ईशिका प्रिया,पीयूष कुमार सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### लालपुर से डिस्टलरी पुल तक पसरा सन्नाटा, नहीं खुली दुकानें

**रांची।** सोमवार को राजधानी रांची के अति व्यस्त लालपुर चौक से लेकर डिस्टलरी पुल तक सन्नाटा पसरा रहा। ना तो सब्जियों की दुकान लगी और ना ही फल विक्रेताओं का ठेला नजर आया। मीट-मछली की दुकानें भी बंद रहीं। दरअसल, जिला प्रशासन के आदेशानुसार ये दुकानें बंद कराई गई हैं। बता दें कि 15 नवंबर को झारखंड का 22वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। डिस्टलरी पुल के पास भगवान बिरसा मुंडा की समाधि है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री और राज्यपाल सहित कई वीवीआईपी लोग यहां भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धा-सुमन अर्पित करने आएंगे। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भी यहां आने का कार्यक्रम था जो अब रद्द हो गया है। बता दें कि ना केवल लालपुर से लेकर डिस्टलरी पुल तक बल्कि रातू रोड स्थित में भी फल और सब्जियों की दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि लालपुर से लेकर डिस्टलरी पुल तक सड़क किनारे फल और सब्जियों की सैकड़ों दुकानें लगती हैं। इनमें से अधिकांश रेहड़ी-पटरी वाले हैं जो अस्थायी दुकान लगाते हैं। इनके अलावा यहां आसपास के गांवों से भी लोग सब्जियों की बिक्री करने आते हैं। इस वजह से यहां भीड़भाड़ रहती है। सड़क पर भी भीषण जाम लगता है। शायद यही वजह है कि वीवीआईपी मूवमेंट की वजह से दुकानों को बंद रखने का निर्देश दिया गया हो।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं का बोलबाला

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में 71 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय बिरसा जयंती समारोह के अवसर पर सोमवार को कई स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें रांची कृषि महाविद्यालय, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, वानिकी महाविद्यालय, कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय और बागवानी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पशु चिकित्सा संकाय के सेमिनार हॉल में बिरसा भगवान के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं मिशन पर आयोजित वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में छात्राओं का बोलबाला रहा। तीन सर्वोत्तम परफार्मर सातवें सेमेस्टर की छात्राएं ही रहीं। बागवानी महाविद्यालय की विशालाक्षी चौबे ने प्रथम, वानिकी संकाय की साक्षी ने द्वितीय तथा कृषि महाविद्यालय की अपराजिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों ने अंग्रेजी में अपने विचार रखते हुए बिरसा भगवान के व्यक्तित्व एवं योगदान के कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला। एक वक्ता के लिए 4 मिनट का समय निर्धारित था। पशु चिकित्सा संकाय के प्रथम वर्ष के छात्र निहाल श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन में कुल 21 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। इस स्पर्धा की निर्णायक समिति में डॉ एमएस मलिक, डॉ एमके गुप्ता, डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ आलोक कुमार पांडेय, डॉ प्रभाकर महापात्र तथा डॉ आरपी मांझी शामिल थे।

रांची कृषि महाविद्यालय क्रीड़ांगन में आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में कुल 71 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अचूक निशाना लगाते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। छात्रा वर्ग में कृषि संकाय की एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रोजी खातून तथा बीएससी कृषि की चौथे सेमेस्टर की छात्रा नीलम कुमारी संयुक्त रूप से स्थान पर रहीं। बीएससी कृषि की द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा इशा श्रीवास्तव ने दूसरा तथा कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय की चौथे सेमेस्टर की छात्रा मनीषा तिर्की ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों के वर्ग में कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के द्वितीय सेमेस्टर के छात्र मोहम्मद कैफ ने प्रथम, कृषि महाविद्यालय के बीएससी चौथे सेमेस्टर के छात्र बिहारीलाल महतो ने द्वितीय तथा रांची पशुचिकित्सा महाविद्यालय के सागर हांसदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के आयुष कुमार सिंह तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अभिषेक कुमार सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। तीरंदाजी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में कृषि संकाय के शिक्षक डॉ नीरज कुमार एवं डॉ शशि किरण तिर्की तथा वानिकी संकाय के शिक्षक डॉ बसंत चंद्र उरांव थे।

### वीमेंस कॉलेज में जनजातीय नायकों के योगदान पर वाद-विवाद प्रतियोगता

**रांची।** रांची वीमेंस कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से भगवान बिरसा की जयंती को सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इसके तहत एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह व जनजातीय भाषा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ करमी मांझी के नेतृत्व में निबंध लेखन, काव्य पाठ और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था- स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों का योगदान। वाद-विवाद प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ विनीता सिंह व एनसीसी की समन्वयक डॉ किरण तिवारी शामिल थीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 140 छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने प्रतियोगिता के माध्यम से स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय महानायकों के योगदान को याद किया।

### वार्ड संख्या 23 में 'एक मुलाकात पार्षद प्रत्याशी से' कार्यक्रम आयोजित

# नाजिया खालिद को मिल रहा जनसमर्थन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नगर निगम वार्ड संख्या 23 में पार्षद पद के लिए सशक्त उम्मीदवार नाजिया खालिद ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इस क्रम में खालिद सोमवार को वार्ड 23 अंतर्गत विभिन्न मुहल्लों में जनसंपर्क कर लोगों की समस्याओं से रूबरू हुईं। जनसंपर्क अभियान के दौरान हिंदपीढ़ी क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी खालिद उमर ने कहा कि इस क्षेत्र में जो समस्याएं 15 वर्ष पहले थी, आज भी बरकरार है। यहां के नागरिक विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। जलापूर्ति, नाली, सड़क, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से इस क्षेत्र की जनता वंचित है। खालिद उमर सोमवार को इदरीसिया कम्यूनिटी हॉल में 'एक मुलाकात पार्षद प्रत्याशी से' कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि द्वारा नगर निगम की जनहित की योजनाओं को अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका। नगर निगम के आगामी चुनाव में पार्षद प्रत्याशी से जनता की काफी अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि नाजिया खालिद की पहचान एक जुझारू जनप्रतिनिधि के रूप में है। क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में सदैव प्रयासरत रहने वाली एक कर्मठ महिला के रूप में नाजिया खालिद की पहचान है। उन्होंने ऐसे प्रत्याशी को अपना जनप्रतिनिधि चुनने की अपील की है जो जनसमस्याओं को तवज्जो देते हुए उसके निदान के लिए समर्पित भाव से लगी रहे। वहीं, नाजिया खालिद ने अपने संबोधन में कहा कि जनता उन्हें एक मौका दे, जन समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनसमस्याओं के समाधान के प्रति समर्पित भाव से वह काम करेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सामाजिक संस्था, सोसाइटी, पंचायत, एदारा और अंजुमन के प्रतिनिधियों सहित आम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव कोशिश करेंगी। कार्यक्रम में मौजूद वार्ड 23 निवासी महिला शबीना परवीन ने कहा कि जब भी मदद की जरूरत पड़ी, उस वक्त एक हाथ बढ़ा, जिसका नाम खालिद उमर है। पीड़ित मानवता की सेवा के प्रति एक समर्पित शख्सियत हैं खालिद उमर।

## न्यूज गैलरी

### सुप्रीम कोर्ट में अवमानना वाद पर हुई सुनवाई

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को न्यायधीश एम आर शाह और हिमा कोहली के बेंच में सोनी कुमारी के द्वारा फाइल किया गया अवमानना वाद पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सोनी कुमारी के वकील गोपाल सुब्रमण्यम के द्वारा जजमेंट का सारांश बताया कि स्टेट मेरिट बनाने की बात कही गई है। लास्ट सलेक्टेड कैंडिडेट के कटऑफ के ऊपर से इस पर कोर्ट ने पूछा कि सरकार क्या कर रही है। तो बताया गया कि सरकार पूरे मेरिट लिस्ट को रिवाइस करते हुए कोर्ट के सामने कभी आए नहीं, जो कभी कोर्ट के सामने पीटीशनर बने नहीं, उनको भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुला रही है । हम कोर्ट के सामने आ चुके थे, जो पहले से पेटीशनर थे। उसमें हमारा कोई जगह नहीं है। कोर्ट अंतिम कट आफ से ऊपर लेने के बात पर सहमत बिल्कुल नहीं है। सरकार की तरफ से कोई नहीं रहने के कारण वहां जवाब देने कोई नहीं आया ,तो सरकार को नोटिस जारी कर दिया गया।अब इसकी अगली सुनवाई 28 नवंबर को है।

### संत मरियम स्कूल में शोक सभा का आयोजन

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के छात्रावास प्रांगण में सोमवार को शोक सभा का आयोजन किया गया । विदित हो कि लगभग 11 दिन रिम्स अस्पताल में संघर्ष करने के बाद संत मरियम स्कूल के वरिष्ठ मृदुभाषी और विद्वान शिक्षक यशवंत प्रसाद का निधन हो गया था । स्कूल परिवार ने उन्हे तत्काल आर्थिक मदद प्रदान किया था। उनके सम्मान में एक दिन स्कूल को बंद किया गया था। साथ ही उक्त अवसर पर शिक्षकों की संयुक्त टीम और छात्रावास के बच्चों ने सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि यशवंत सर का असमय जाना हमारे स्कूल प्रबंधन के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। सर के सम्मान में स्कूल प्रबंधन यशवन्त प्रसाद चेरिटेबल ट्रस्ट का निर्माण करेगा ,जो भविष्य में स्कूल के शिक्षकों के लिए आपातकाल में मददगार साबित होगा। वे बच्चों में काफी लोकप्रिय थे, और अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करते थे । अपने बेहतर कार्य कर्तव्य परायणता और सदैव अपने कार्यस्थल को पूजनीय मानने वाले यशवंत सर मृत्यु को प्राप्त होने के बाद भी हम सबों के बीच अपने विचारों से सदैव जीवित रहेंगे। मौके पर सभी शिक्षक गण मौजूद रहें।

### असंगठित कामगार कर्मचारी ने पूर्व पीएम को किया नमन



**मेदिनीनगर।** सोमवार को पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर पलामू जिला कांग्रेस भवन में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस के पलामू प्रमंडल कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार सिंह ने उन्हें माला अर्पित करके उनका नमन किया। इस मौके पर कांग्रेस के उपाध्यक्ष जितेंद्र कमलापुरी, रंजन ठाकुर, सचिन कुमार ,राजीव रंजन, रोमान अली ,आदि लोग शामिल थे।

### मेयर प्रत्याशी ने किया चुनावी दौरा

**मेदिनीनगर।** वार्ड नंबर 32 की सभी बुनियादी सुविधाओं को बहाल करने के लिए मैं कृतसंकल्पित रहूंगा। ये बातें अपने चुनावी दौरा के दौरान भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही। श्री सिंह रविवार को देर शाम वार्ड नंबर 32 में घर घर यात्रा के क्रम में बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान वार्ड नंबर 32 के दर्जी मुहल्ला के खराब पड़े चापाकल को निजी खर्च से मरम्मत करने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि वार्ड में विद्युतीकरण के सिमेंट पोल लगवाने के लिए विद्युत विभाग के पदाधिकारियों से मिलने की भी बात कही। श्री सिंह ने कहा कि अगर चुनाव में उन्हें जनमत मिलता है तो मैं वार्ड की सभी स्मस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम के द्वारा इस वार्ड में नहीं के बराबर सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। इस दौरान समस्त मुहल्लवासियों ने श्री सिंह को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य अफजल अंसारी ताज मोहम्मद, इलियास खलीफा, असराफील, राशिद खलिफा, धीरज जयसवाल, राजेन्द्र, शम्मसुद्दिन खलीफा, शरवर खलिफा, फरीद खलिफा, आलो बीबी, ओरैता बीबी, रायरून बीबी, ताजो बीबी, अरशद, अरमान, अली फैजल सहित कई मुहल्लेवासी उपस्थित थे।

### रातू सुंडिल पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

रातू। झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को रातू प्रखंड अन्तर्गत सुंडिल पंचायत सचिवालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी, लोगो को विभिन्न जन कल्याणकारी योजन्नाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बीडीओ हरिशंकर बारीक ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। मौके पर शिक्षा, स्वास्थ विभाग, बाल विकास परियोजना कार्यालय, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग, पेंशन, आवास, मनरेगा, आपूर्ति विभागो के दर्जनो विभागों के स्टॉल लगाया गया था। ग्रामीणों की ओर से विभिन्न योजनाओं के लिये 3500 आवेदन दिये गये। जिसमे से 3200 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। कार्यक्रम में स्क्रीन के माध्यम से मुख्यमंत्री का (लाइव) सीधा प्रसारण आम ग्रामीणों को दिखाया गया। कार्यक्रम में बीएसओ मनोज कुमार, जिला परिषद मनीषा देवी,महिला प्रसार पदाधिकारी रातू, जिला परिषद सदस्य मनीषा देवी, पंचायत समिति सदस्य रीता कांसी,मुखिया लीला तिर्की , उप मुखिया सुनीता सिंह आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

### सफल अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर।** अंबेडकर छात्रावास में रहकर अध्ययन करनेवाले नीट एवं एसएससी में सफलता हासिल करने पर छात्रावास परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता छात्रावास अधीक्षक प्रो अजय राम ने की। संचालन साकेत कुमार पासवान ने किया। नीट में प्रेम कुमार एवम विकाश कुमार पासवान ,उदेश कुमार ने सफलता हासिल की। सभी सफल छात्रों को मेडल एवम डायरी पेन किताब देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सभी छात्र मन लगाकर पढ़े कड़ी मेहनत करें । परिश्रम का फल मीठा होता है। कठिन परिश्रम से आज के प्रतियोगिता समय सफलता मिल सकता है। इस अवसर पर छात्र नेता उदय राम ,साकेत कुमार ,हेमेंद्र कुमार ,यशवंत कुमार ,अनुराग कुमार ,विजय कुमार, विदेशी राम, विनय राम ,घनश्याम कुमार,राजकुमार ,विजय कुमार आदि सहित सैकड़ों छात्र उपस्थित थे। छात्रवास अधीक्षक प्रो. अजय राम एवं छात्र नेता उदय राम ने संयुक्त रुप से छात्रों को पुरस्कृत किया। घनश्याम कुमार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी छात्र अनुशासन में रहकर अध्ययन करें।

# आज मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

## अमृत महोत्सव के तहत मनाया जायेगा कार्यक्रम



### क्या है महत्व जनजातीय दिवस का

बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था की शोषक व्यवस्था के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और 'उलगुलान' (क्रांति) का आह्वान करते हुए ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया। घोषणा आदिवासी समुदायों के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को स्वीकार करती है। यह दिन हर साल मनाया जाएगा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और वीरता, आतिथ्य और राष्ट्रीय गौरव के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता दिया जाएगा। पिछले वर्ष रांची में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्घाटन प्रधान मंत्री द्वारा किया गया। जिसमें भारत सरकार ने आदिवासी लोगों के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और उपलब्धियों के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने और मनाने के लिए 15 नवंबर से 22 नवंबर 2021 तक सप्ताह भर चलने वाले समारोहों की योजना बनाई थी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित पूरे जिले में मंगलवार को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा। इस अवसर पर कई जगहों पर भव्य जनजातीय गौरव दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। ये आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत किया जा रहा है। देश भर के स्कूलों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसकी घोषणा की है। गौरतलब है कि सरकार ने पिछले वर्ष 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया था। जिसके बाद सभी शैक्षणिक संस्थानों में इसका आयोजन किया जायेगा। 15 नवंबर बिरसा मुंडा की जन्मतिथि है। जिन्हें देश भर के जनजातीय समुदाय की ओर से भगवान के रूप में पूजा जाता है। बिरसा मुंडा एक स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और सम्माननीय आदिवासी नेता थे। जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की शोषण व्यवस्था के खिलाफ वीरता से लड़ाई की थी। ऐसे में जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर देश भर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन करेगा। मौके पर स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों के योगदान के विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता समेत कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# भाकपा ने होल्डिंग टैक्स वसूली में राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पांकी रोड रेड़मा स्थित आवासीय कार्यालय में मेदिनीनगर नगर निगम के खास महल एवं निगम में शामिल नए क्षेत्रों से मनमानी होल्डिंग टैक्स वसूली पर राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया। मौके पर भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि चुनाव से पूर्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन ने कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो होल्डिंग माफ कर देंगे। परंतु उन्होंने सरकार बनने के बाद आज पुराने होल्डिंग टैक्स का दोगुना कर दिया। भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि चुनाव आते ही शहर में बरसात में निकलने वाले मेंढक की तरह प्रत्याशी निगम क्षेत्र में घूम रहे हैं । लेकिन चुनाव से पहले कोरोना के समय निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों से करोड़ों का होल्डिंग टैक्स वसूला गया । उस पर किसी ने आवाज नहीं उठाया नहीं निगम क्षेत्र में कोरोना काल के समय बंद पड़ी दुकानों से भी भाड़ा वसूला गया। उस समय खास महल की भूमि के बारे में भाजपा की रघुवर सरकार ने चुप्पी साध ली। जब नगर परिषद था तो पूर्व चेयरमैन भी खास महल भूमि लीज के मामले में मौन व्रत धारण किए हुए थे। इस मामले में पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी ने भी चुनावी वादों में कहा था कि नए क्षेत्रों का होल्डिंग टैक्स माफ करेंगे और खास महल जमीन को फ्रीहोल्ड करेंगे । लेकिन जब काम करने की बात आती है तो शहर के दर्जनों भावी मेयर प्रत्याशी जो अपने आपको बताते हैं वह कुछ नहीं बोलते। जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने नगर निगम बनने के बाद निगम में शामिल किए गए नए क्षेत्रों के होल्डिंग टैक्स खासमहाल जमीन या करोना काल के समय बंद पड़े दुकानों की भाड़ा वापसी सहित दर्जनों आंदोलन किया है। प्रेस वार्ता में नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार, आलोक तिवारी, आदि लोग उपस्थित थे।

## चिनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंख जांच शिविर का आयोजन

# 16 को सदर अस्पताल में मोतियाबिंद का होगा ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को आंख जांच शिविर का आयोजन कर प्रखंड क्षेत्र के लगभग 80 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिनका आगामी 16 नवंबर को गढ़वा सदर अस्पताल में सभी रजिस्ट्रेशन किए गए लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा । आपको बताते चलें की स्वर्गीय विमला देवी ठाकुर एवं स्वर्गीय कौशल कुमार ठाकुर की पुण्य स्मृति में झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से निशुल्क मेगा मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन दिनांक 15 नवंबर से लेकर 25 नवंबर 2022 तक गढ़वा सदर अस्पताल में किया जाएगा । जिसके तहत आज चिनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर का आयोजन कर 80 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया ।



### 1000 लोगों का मोतियाबिंद ऑपरेशन करने का लक्ष्य

इसकी जानकारी देते हुए जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव ने बताया कि आज हमारे स्थानीय विधायक स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से पूरे गढ़वा सदर अस्पताल में 1000 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया है जो यह पूरी तरीके से निशुल्क होगा । ऑपरेशन कटक आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर कटक उड़ीसा के कुशल चिकित्सकों द्वारा किया जाना है । इसके लिए हम माननीय मंत्री जी का आभार प्रकट करते हैं । मौके पर डॉक्टर नीतू कुमारी, डॉ अशोक बाखला, एमपीडब्ल्यू लाल मोहम्मद अंसारी,झामुमो नेता राम सागर यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मंगरू सिंह, उप प्रमुख मोहम्मद बेलाल, युवा सचिव बेलाल अंसारी, रंका प्रखंड युवा सचिव दीपक सोनी, बिरेंद्र रवि, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर उपस्थित थे ।

# वन भूमि पर पक्का आवास निर्माण करने पर विभाग ने दर्ज कराया मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सिंदुरिया पंचायत अंतर्गत शिवनगरी में वन भूमि पर पक्का आवास निर्माण करने को लेकर सोमवार को भवनाथपुर वन विभाग के द्वारा अनिता देवी पति बजरंगी अगरिया पर धारा 33सी 1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है । बताते चले कि शिवनगरी में पूर्व से ही अगरिया व अन्य जाती के लोंगो के द्वारा जंगल को काटकर कच्चे मकान व झोपड़ी बना कर खेती बाड़ी किया जा रहा है कोई करवाई नही होने से कुछ लोंगो के द्वारा अब पक्के मकान भी निर्माण होने लगा। जबकि मकान बना रहे बजरंगी अगरिया की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि 15 वर्षों से हम लोग यहाँ खेती बाड़ी कर रहे है और कच्चा मकान भी है। यह जमीन वन विभाग का नही है सेल की भूमि है । छह माह पूर्व जब प्लिंथ कर रहे थे तो वन विभाग के लोग आए थे नक्शा लेकर कुछ नही बोले अब मकान ढलाई लेबल पर चल गया तो निर्माण बन्द करने के लिए वन विभाग के लोग आकर बोले है। रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर से पूछे जाने पर कहा कि वन कर्मियों को भेजकर काम रुकवा दिया गया है। एक महिला पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।



# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार व्यक्ति घायल

भवनाथपुर। सोमवार को दो अलग-अलग घटित घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर के समीप ट्रक एवं बाइक के टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायल लाल साहेब मेहता, मुन्ना मेहता एवं नितिश मेहता तो ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में लाया गया। जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नितेश भारती के द्वारा ईलाज किया जा रहा है। जबकि दूसरी घटना मकरी ढेकुलीया के पास दो बाइक में हुए टक्कर में गंभीर रूप से एक महिला घायल हो गई। घायल महिला खरौंधी थाना क्षेत्र के राजी हरियरी निवासी अजय उरांव की की पत्नी सुमित्रा देवी है। घायल महिला का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया गया। आयुष डॉक्टर नितेश भारतीय द्वारा इलाज के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**चान्हो।** आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में बाल दिवस तथा पंडित जवाहर लाल नेहरू की 133 वें जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं उप प्रधानाध्यापक ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के फोटो में माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित करते हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ किए । सर्वप्रथम स्कूल के उप प्रधानाध्यापक ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और नई पीढ़ी से पुरानी से अधिक बुद्धिमान होती है इसका श्रेय स्कूल के शिक्षकों को जाता है। छात्रों कोअपने शिक्षकों का आदर करना चाहिए क्योंकि माता-पिता से अधिक महत्वपूर्ण भूमिका शिक्षक ही निभाते हैं। और हमारे विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कहा कि बाल दिवस हम लोग प्रतिवर्ष हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर मनाया करते है ,पंडित जवाहरलाल नेहरू हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के चहेते चाचा नेहरु थे। देश की आजादी के लिए कई बार जेल भी गए और बच्चों से बहुत प्यार एवं स्नेह करते थे। इसीलिए आजादी के बाद उन्होंने अपने जन्मदिन पर बाल दिवस के रूप में मनाने के लिए कहा और इसीलिए प्रतिवर्ष उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस अवसर पर स्कूल में खेलकूद चित्रांकन रंगोली पेंटिंग आर्ट क्राफ्ट एवं कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल के सहायक शिक्षक कलीम सर ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी सहायक शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अति उर रहमान, संजय भगत, मेराज अंसारी, सद्दाम हुसैन, दिलीप यादव ,कलीम अंसारी, अनिता कुमारी, अजमेरी खातून, पुनीता कुमारी, सोनाली उरांव, शम्मा रानी,एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

# उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डाडीटंगरा टोली में दो दिवसीय एसएमसी प्रशिक्षण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया संकुल अन्तर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डाडी. टंगरा टोली में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय को आदर्श और बेहतर बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंजली बरला ने कहा कि हम सब सदस्यों के ऊपर विद्यालय के संचालन, शैक्षिक वातावरण निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। हमें उन जिम्मेवारी को समझने की जरूरत है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक सीआरपी सुनील कुमार गुप्ता के द्वारा अलग-अलग सत्रों में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को आवश्यक जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र भी भरा। इस दौरान टंगरा टोली गांव का नजरी नक्शा भी बनाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विद्यालय का आकलन किया। विद्यालय के संचालन में एसएमसी की भूमिका तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यालय के प्रधान शिक्षिका सुनीता कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजली बारला, उपाध्यक्ष बेरथा बारला, रेशमा बारला, प्रमिला बारला, दशमी मुंडाईन, रजलो बरला, बाल संसद की प्रधानमंत्री अंजली बरला, अनिल बरला, विनित बरला, पुड़गी आईन्द, बुधुवा बरला, रेगो बरला, विजय मुंडा, सिमागी मुंडाईन सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।




# पूर्व उग्रवादी निजाम सहित दो आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बरडीहा।** थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग आरोप में एक पूर्व उग्रवादी सहीत दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को गढ़वा जेल भेज दी। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया ने बताया कि बरडीहा थाना क्षेत्र के आदर गांव निवासी निजाम अंसारी जो पूर्व उग्रवादी रह चुका है उसे कोर्ट से वारंट के आधार पर जीआर 368/11 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वही दूसरा आरोपी लावा चंपा गांव निवासी अजय चौधरी को केश कांड संख्या 75/22 आर्म एक्ट के तहत 7 अक्टूबर को प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त है, उसे भी गिरफ्तार कर दोनों को गढ़वा जेल भेज दिया गया।

## सीयूजे में जनजातीय गौरव दिवस 2022, स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों की गौरव गाथा पुस्तक का विमोचन

# झारखंड पर समर्पित यह पुस्तक वीर सपूतों के गौरव गाथा को बयां करती है: कुलपति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/मांडर।** मनातू स्थित झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में विलुप्तप्राय भाषा केंद्र और मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित जनजातीय गौरव दिवस 2022 के शुभारंभ पर आजादी के नायकों को समर्पित दो पुस्तकों ह्यस्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों की गौरव गाथाह्व और ह्यद अनसंग वारियर्स ऑफ फ्रीडम मूवमेंटह्व का विमोचन मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत, विशेष अतिथि पद्मश्री प्रोफेसर दमयंती बेसरा और कुलपति प्रोफेसर क्षिति भूषण दास द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर दास ने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के व्यापक परिदृश्य को देखते हुए झारखंड पर समर्पित यह पुस्तक वीर सपूतों के गौरव गाथा को बयां करती है, जिन्होंने अपने अदम्य शौर्य और बलिदान का परिचय देते हुए भारत की आजादी में महती भूमिका निभायी। भाषा हीं किसी भी संस्कृति को दूर तक लेकर जाती है जो एक पीढी से दूसरे पीढी के बीच समन्वय स्थापित करती है ।

इन पुस्तकों के संपादक झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ राजेश कुमार, डॉ रबीन्द्रनाथ शर्मा, डॉ रजनीकांत पांडेय और डॉ भूपेन्द्र सिंह हैं। पुस्तक लेखन और समीक्षा के लिए अकादमिक, शोध और मीडिया जगत से जुड़े विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत ने बताया कि जनजातीय गौरव 2022 स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायकों को नमन वंदन करने का एक विनम्र प्रयास है, जिन्होंने अपने वीरता, नेतृत्व कौशल, और बलिदान से हमें आजादी दिलाई। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज में वेदो का दर्शन नजर आता है भारतीय संस्कृति मूल आत्मा है सत्य अहिंसा जिसे आदिवासीयों ने अपने जीवन में आत्मसात किया है ।




इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पद्मश्री दमयंती बेसरा ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों की लंबी फेहरिस्त है, लेकिन इतिहास के पन्ने में कई नायक या तो गुमनाम हैं या फिर उन्हें सीमित स्थान दिया गया है। इस गौरवपूर्ण क्षण में इन नायकों के अमूल्य योगदान को भारतीय जनमानस तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। वहीं समापन भाषण कुलसचिव प्रो एस एल हरि कुमार ने दिया ।

जनजातीय गौरव दिवस 2022 के सफल आयोजन में डॉ सुचेता सेन ,डा रवींद्रनाथ शर्मा,डा सीमा ममता मिंज और डॉ रजनीकांत पांडेय,सुभाष सहित सभी शिक्षकों, अधिकारियों और गैर शैक्षणिक कर्मियों ने योगदान दिया है ।

# बरही के शैक्षणिक संस्थानों में बाल दिवस की रही धूम









**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** स्वतंत्र भारत की प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की 133वी जयंती सह बाल दिवस बरही के विभिन्न विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्श, फूड स्टॉल, ग्रांड फिनाले, फ्रेंडली क्रिकेट मैच सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### प्रस्तुत है कुछ विद्यालयों का आंखो देखा हाल

**डीएवी पब्लिक स्कूल :** बाल दिवस का शुभारंभ एमएलसी इंद्रदेव यादव, मनोज केसरी, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, रमेश ठाकुर व प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। मौके पर विद्यालय के बच्चो के द्वारा चाट, गुपचुप, फ्रूट सलाद आदि लजीज व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। जिसका उपस्थित अतिथियों शिक्षकों एवं बच्चों ने जमकर लुफ्त उठाया। प्राचार्य ने बच्चो को देश के लिए पंडित के योगदान की चर्चा करते हुए उनके आदर्शो पर चलने की बात कही गई।

**आईलेक्स प्लस टू :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा केक काटकर प्रथम प्रधानमंत्री की जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने बच्चों को केक एवं टॉफियां दिया। इस अवसर पर शिक्षक एकादश एवं छात्र एकादश के बीच 8 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें छात्र एकादश विजयी रहे। वही छात्राओं एवं महिला शिक्षकों के बीच आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छात्राओं की टीम विजेता बनी। 9वीं एवं 10 वीं छात्राओं के बीच आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में दसवीं की टीम विजेता बना । निदेशक शैलेश कुमार के द्वारा पंडित नेहरू के स्वतंत्रता संग्राम और आधुनिक भारत के निर्माण में दिए गए योगदान की चर्चा की गई।

**श्रीदास इंटरनेशनल :** इस अवसर पर देवचंदा मोड़ स्थित श्री दास इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ग्रांड फिनाले गायन प्रतियोगिता कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया । प्रतिभागियों के मधुर व कर्णप्रीय संगीत ने उपस्थित लोगो को वाह वाह करने के लिए मजबूर कर दिया। प्राचार्य रोहित कुमार सिंह के द्वारा बाल दिवस के शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**भामाशाह सरस्वती शिशु मन्दिर :** इस अवसर पर विद्यालय के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी सह आनंद मेला का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों के द्वारा जलचक्र, सोलर सिस्टम, रेस्पिरेटरी सिस्टम, अर्थक्वेक अलार्म आदि जैसे कुल 18 मॉडल प्रस्तुत किए गए। मौके पर ही विद्यार्थियों के द्वारा लगाये लजीज व्यंजनों के स्टॉल का भी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने खूब मजा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला महासचिव विनोद यादव, एसएमसी अध्यक्ष अमित साहू, त्रिवेणी साहू, प्राचार्य रजनीश कुमार पांडेय आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्राचार्य के द्वारा विद्यार्थियों को प्रथम प्रधानमंत्री के महत्वपूर्ण संदेश की जानकारियां दी गई।

**सीएमपीएस :** रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के द्वारा भी बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकी प्रस्तुत की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम संचालन में प्राचार्य नीतेश कुमार, निदेशक टुकलाल साव, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद सहित शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

# नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण दिये बिना चुनाव करवाये जाने के विरूद्ध में आजसू की बैठक आज




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को निरस्त करने के सरकार के निर्णय के विरूद्ध आजसू पार्टी आगामी 16 नवंबर को संध्या शहर के गांधी चौक से सुभाष चौक तक मशाल जुलूस और 17 नवंबर को अनुमंडल कार्यालय के परिसर में धरना प्रदर्शन आयोजित करेगी। उक्त जानकारी रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश महतो ने सोमवार को जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी विरोधी है। सरकार ओबीसी के हक और अधिकार को मार रही है। सरकार के इस रवैए के विरूद्ध आजसू पार्टी मशाल जुलूस और धरना प्रदर्शन करेगी। वहीं, सचिव राजेंद्र महतो ने कहा कि बैठक 15 नंवबर को पूर्वाह्न 11 बजे से जिला कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक में नगर परिषद कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सभी अनुषांगिक इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ साथ बत्तीसों वार्ड के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारी अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, महासचिव छोटू पटेल, उपाध्यक्ष डिया महतो,नगर परिषद अध्यक्ष छात्र संघ मनोज कुमार महतो, खेमलाल महतो उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन का अधिकारियों को दिया निर्देश



**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने अतिक्रमण, भूमि, रोजगार, मकान सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत

**कोडरमा।** जिले के नवलशाही थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कटरियाटांड़ मे रविवार देर रात लगभग 10 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार डोमचांच की ओर से नवलशाही की ओर जा रही अज्ञात ट्रक ने नवलशाही की ओर से नवादा अपने घर जा रहे मोटरसाईकिल सवार युवक को अपने चपेट मे ले लिया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विनोद साव ( उम्र 35 वर्ष पिता जगदीश साव, ग्राम नवादा, पंचायत पुरनाडीह, थाना नवलशाही) के रूप मे हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी जिसके बाद घटनास्थल पर नवलशाही पुलिस ने पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। सोमवार को अंत्यपरीक्षण के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरी ओर मोटरसाईकिल को अपने कब्जे मे लेकर थाना ले जाया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गोली लगा शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**जयदीप**

**बरही।** सोमवार की सुबह पौने दस बजे प्रखंड के बरसोत पंचायत अंतर्गत जीटी रोड स्थित बरियठ्ठा मोड़ के पास एक अज्ञात युवक का गोली लगा शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक ललित कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया। घटना की विस्तृत जानकारी देते हुए पुनि ने बताया कि शव का शिनाख्त नहीं हो सका है। युवक की उम्र 25-30 वर्ष के करीब है, जिसकी लंबाई 5.7 है। मृतक का रंग गेहूंआ है जो रुद्राक्ष का माला पहना हुआ है। उसके बाल काले हैं एवं चेहरे पर हल्की दाढ़ी है जो ब्लू रंग का जांघिया, सफेद ब्लू जॉकी कंपनी का छीटेदार हाफ पैंट, काले रंग के बेल्ट के साथ काले रंग का जींस पैंट (जिसके बटन पर एलपी जींस लिखा हुआ है) के साथ फूल बांह वाला ब्लू रंग का टी शर्ट जिसके बीच में सफेद रंग की पट्टी है, पहना हुआ है। जिस पर अंग्रेजी में 'राइडहार्ड मेक बेटर, डू ईट फास्टर, फ्यूचर इस बैक, लिजेंड्री परफॉर्मेंस' लिखा हुआ है। इसके साथ ही कोठरी कंपनी के सफेद रंग की गंजी भी पहना है, मृतक के दाई ओर पेट में ऑपरेशन का भी निशान पाया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में पाया गया कि शव को किसी दूसरे जगह से गोली मारकर इस स्थान पर फेंका गया है। पुलिस को दिग्भ्रमित करने के लिए खोखा घटना स्थल पर फेंका गया है। मृतक के पेट व कनपटी में गोली लगने का निशान है. घटना स्थल से एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। पुलिस सभी दृष्टि से जांच में जुट गई है। फिलहाल शव को पहचान हेतु शीत गृह हजारीबाग में रखा गया है।

### पुलिस चौकी की मांग की गयी

स्थानीय युवा उमेश कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं अक्सर होती रहती है। यह एक सुनसान क्षेत्र है। इससे लोगों में दहशत है। इसके लिए उन्होंने प्रशासन से बरियठ्ठा मोड़ पर पुलिस चौकी की मांग किया है।

# 19 नवम्बर को आमजनों के लिए खुलेगा महर्षि कर्दम पार्क : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा प्रखंड अतंर्गत लखीबागी में स्थित व एनएच रोड के ठीक बगल में महर्षि कर्दम पार्क का निर्माण किया गया है। करीब दो एकड़ में क्षेत्र में बना महर्ष कर्दम पार्क आगामी 19 नंवबर को आमजनों के लिए खोल दिया जायेगा। उक्त जानकारी उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के अनाबद्ध मद से इस पार्क का निर्माण किया गया है, जिसे करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बनाया गया है। इस पार्क में आमजनों के लिए कई प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। इस पार्क में बच्चों के प्रवेश के लिए पांच और अन्य लोगों के प्रवेश के लिए 10 रुपये का निर्धारित दर का भुगतान करना होगा। पार्क में बच्चों के लिए झूले की व्यवस्था की गयी है, साथ ही आमजनों के लिए व्यायाम करने के लिए ओपन जिम का निर्माण किया गया है। वहीं पार्क में तालाब का निर्माण कर सौदर्यकरण कराया गया है। पार्क में घूमने आने वालों लोगों के लिए महर्षि कर्दम ऋषि का प्रतिमा देखने के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। साथ ही पार्क के चारो तरफ लोगों के घूमने के लिए पाथवे का निर्माण किया गया है, जहां लोग मॉनिंग व इवनिंग वॉक कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योगा करने वालों के लिए योगा शेड का निर्माण किया गया है। लोगों को बैठने के लिए पार्क में जगह-जगह पर ग्रुप सीट का निर्माण किया गया ताकि पार्क में घूमने आने वाले आराम कर सके। पार्क में सोलर लाइट लगाया गया है। उप विकास आयुक्त लोकेश मिश्रा ने बताया कि आगामी 19 नवंबर को पार्क को आमजनों के लिए खोल दिया जायेगा, जहां लोग पार्क में सुविधाओं का लुत्फ उठा सकेंगे।

### प्ले स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों की प्रस्तुति ने मन मोहा

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित कोडरमा बचपन प्ले स्कूल में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने रंग भरो प्रतियोगिता और ओपन डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर विद्यालय की निदेशक मधु कुमारी ने चाचा नेहरू के बारे में बताया और बच्चों को प्रेरित किया। मौके पर विशेष तौर पर पहुंची विधि महाविद्यालय की व्याख्याता प्रो राखी भदानी और नीलम कुमारी ने बच्चों की प्रस्तुति को खूब सराहा। उन्होंने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया और शुभकामनाएं दी। स्कूल की प्राचार्या श्वेता सरकार ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में स्कूल टीचर सपना, स्नेहा के अलावा विकास और असगर की भूमिका रही।

## न्यूज गैलरी

### ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान अतिक्रमण हटाने का दिया गया निर्देश



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस क्रम में बरकट्ठाडीह के विभिन्न टोला में यह अभियान चलाया गया तथा रास्ते में पानी नहीं बहाने की सलाह दी गई। ग्रामीणों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बरकट्ठा डीह को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया ।इस क्रम में ग्रामीण सभी टोला में घूम घूम कर सभी लोगों को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। कहा कि कल तक यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो जेसीपी लगाकर बलपूर्वक अतिक्रमण हटाया जाएगा। बताते चलें कि बरकट्ठा डीह में फोर व्हीलर जब दोनों साइड से आती जाती है तो रोड जाम हो जाता है जिसके कारण लोगों का समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही आवागमन थम सी जाती है ।वहीं नाली के अभाव में सड़क किनारे बसे लोगों के द्वारा घर का पानी रोड पर ही बहा दिया जाता है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर सभी टोला मोहल्ला में जा कर लोगों को अपने घर के पास से अतिक्रमण हटाने को कहा तथा स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### डिवाइन स्कूल में बाल दिवस को लेकर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और बच्चों के प्रिय पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस मनाया गया। छात्रों ने राष्ट्रीय गीत, नृत्य, चाचा नेहरू पर कविता पाठ,नाटक की प्रस्तुति कर मौजूद सभी का मन मोह लिया। वहीं बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आई पी भारती तथा प्राचार्य ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। मंच का संचालन सानिया यादव तथा रुही फातिमा ने किया। विद्यालय के निदेशक द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि नेहरू जी चाहते थे कि देश के स्कूल ऐसे बच्चे तैयार करें जो खुद के बजाय समाज के लोगों के लिए उपयोगी बने। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि नेहरू जी का मानना था कि जब तक हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध नहीं बनेंगे शिक्षा पूरी नहीं मानी जा सकती। इसलिए उनका जोर सांस्कृतिक शिक्षा पर भी था। अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ने कहा कि आज की शिक्षा बुद्धिमत्ता, तर्क और अनुभव पर आधारित होनी चाहिए। छात्रा भुमिका कुमारी ने चाचा नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

### सड़क हादसे में विनोद की मृतक के बाद परिजनों ने सड़क को किया जाम

**डोमचांच।** नवादा निवासी विनोद साव की सड़क हादसे में मौत के बाद मृतक के परिजनों ने नवादा चौक पर सोमवार को कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया। घटना को लेकर लोगों में काफी गुस्सा था, वहीं मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। जाम स्थल पर नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा अपने सुरक्षा दल बल के साथ पहुंचे और आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मौके पर समाजसेवी श्याम सुंदर यादव, राजेंद्र साव, विजय साव, विजय यादव, राजू साव, डिस्को कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### ग्रिजली पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डोमचांच।** ग्रिजली पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और केक काटा गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत, एवं नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं बाल दिवस के अवसर पर सम्मिलित हुए बच्चों को पुरुकृत किया गया। मौके पर विद्यालय के निर्देशक मिथिलेश कुमार, मिथिलेश यादव एवं सुरेश कुमार, प्रधानाचार्य अमित कुमार सिन्हा, विद्यालय के शिक्ष मे पंकज कुमार, सुधांशु कुमार, आदित्य कुमार, सूरज कुमार, गौरव कुमार, रानी कुमारी, बबली देवी, अनन्या कुमारी इत्यादि एवं छात्र-छात्राएं प्रतिज्ञा कुमारी, प्रिया कुमारी, शाजिया परवीन, श्रद्धा कुमारी, सुष्मिता कुमारी मौजूद थे।

### राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की स्थापना को लेकर हुई आम सभा



**बरही।** राज्य सरकार के तकनीकी विभाग के निर्देशानुसार पंचमाधव उर्फ बसरिया पंचायत अंतर्गत कोलांगा के दस एकड़ गैरमजरुआ जमीन पर बनने वाले राजकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय की स्थापना को लेकर पंचमाधाव पंचायत भवन में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व प्रबुद्धजन सहित विभागीय व स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित हुए। बताया गया कि कोलंगा के जीएम भूमि के खाता संख्या 18 और 19 के दस एकड़ जमीन पर महाविद्यालय की स्थापना किया जायेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने सशर्त सर्वसम्मति से जमीन स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। शर्त के अनुसार महाविद्यालय के निर्माण कार्य के साथ अन्य कार्यों में स्थानीय लोगों को रोजगार व डिप्लोमा में नामांकन में प्राथमिकता मुहैया करवाने की भी बात कही गई। आम सभा की अध्यक्षता मुखिया नीलम देवी ने किया। सभा में विधानसभा सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, रघुनंदन गोप, मनोहर यादव, नाजमा खातून आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों को जानने पहुंचे कमिश्नर



**बरही।** सोमवार को प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रेक्षक उत्तरी छोटानगपुर आईएएस चंद्र किशोर उरांव के द्वारा प्रखंड में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के बूथ संख्या 341, 342, 364, 365, 366, 360, 361, 362 बूथ क्षेत्रों का निरिक्षण किया। आयुक्त ने इस दौरान मतदाताओं से भी बात चीत कर उनकी समस्याओं को जाना और मतदान के लिए जागरूक किया। निरीक्षण के क्रम में उनके साथ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजुर, उपनिर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदिवर, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी सावना मांझी सहित सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि कुंटू बाबू के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मुलाकात



**रामगढ़।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधि मंडल ने एसपी पीयूष पांडे से मुलाकात की। इस मौके पर कुंटू बाबू ने एसपी को बताया कि छठ महापर्व के दौरान छठ घाट रास्ते में कुछ असामाजिक तत्वों ने रास्ते में अंडे के छिलके आदि फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि इसको लेकर कुछ लोग थाना पहुंचे। जिनपर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर दिया गया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि मामला अनुमंडल कोर्ट में है। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि इस मामले में एसपी से बातचीत में उन्होंने बताया कि जिनपर मामला दर्ज हुआ है, उन्हें चिंतित होने की जरूरत नही है। कहा कि एसपी ने आश्वासन दिया है कि किसी के साथ भी अन्याय नही होगा। एसपी से मुलाकात के क्रम में सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा कि शक्रवार की रात गोला प्रखंड के बेटुलकलां मंदिर के निकट प्रतिबंधित मांस फेके जाने और 4 नवंबर को शिवलिंग क्षतिग्रस्त किए जाने के मामला भी प्रतिनिधि मंडल ने एसपी को बताया। जिसपर एसपी ने बताया कि इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन हो चुका है। मामले के दोषी शीघ्र पकड़े जायेंगे। प्रतिनिधि मंडल में सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, विजय ओझा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल थे।

### भगहर में कांग्रेस की बैठक, शामिल हुए विधायक

**चौपारण।** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती भगहर पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ता की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। पंचायत के पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक को विभिन्न समस्या से अवगत कराया। विधायक ने कहा कि मुझे क्षेत्र की समस्या की चिंता रहती है। भगहर के विभिन्न क्षेत्रों के विकास का रूप रेखा बनाए। समस्याओं का समाधान होगा। भगहर के विकास के लिए कठम्बा से परसातरी तक सड़क निर्माण, बहुउद्देश्यीय भवन, ट्रांसफार्मर, चापाकल, हाई स्कूल की मंजूरी सहित दर्जनों विकास कार्य किया हूं। बैठक विभिन्न दलों को छोड़ कर आधा दर्जन कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। जिसमें विकास यादव, रवि यादव, दिलीप भुइयां सहित कई लोग शामिल हैं। विधायक ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में शामिल किया। बैठक में मुखिया उपेन्द्र यादव, बाल किशुन यादव, यदुनंदन यादव, रामबली यादव, बिनोद यादव, लालो प्रजापति, दशरथ यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### कलस्टर से जुड़े किसानों के बीच चना बीज वितरित

**इचाक।** बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत उपलब्ध चना एवं सरसों बीज का वितरण सोमवार को क्लस्टर से जुड़े किसानों के बीच किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, सांसद प्रतिनिधि भागवत प्रसाद मेहता और बीडीओ रिंकू कुमारी ने किसानों को चना बीज देकर किया। मौके पर बोंगा गांव के किसानों को तीन क्विंटल चना बीज वितरित किया गया। कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि ने बताया कि ब्लॉकचेन सिस्टम के माध्यम से जुड़े किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया जाना है। जिला से 37.5 क्विंटल चना और सात क्विंटल सरसों बीज का आवंटन मिला था। जिस पर किसानों को कोई शुल्क नहीं देना है। उन्होंने बताया कि प्रति पंचायत 1.5 क्विंटल चना और 35 किलो सरसो बीज संबंधित पंचायत के कृषक मित्र को दिया जाना है। जिसका वितरण मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, कृषक मित्र और वार्ड सदस्य की मौजूदगी में किसानों के बीच किया जाना है।

### अग्रवाल समाज कार्यकारिणी समिति की बैठक आज

झुमरीतिलैया। अग्रवाल समाज कार्यकारिणी समिति झुमरी तिलैया की एक बैठक मंगलवार को श्री अग्रसेन भवन में आहुत की गई है। यह जानकारी समाज के सचिव हिमांशु केडिया ने दी। उन्होनें बताया कि बैठक में अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल के द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया जायेगा। इसके बाद नई कार्यकारिणी का परिचय होगा। बैठक में सत्र 2019-22 का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत होगा। इसके बाद श्री अग्रवाल समाज के द्वारा स्थायी जन सेवा योजना बनाने को लेकर विचार विमर्श किया जायेगा।

### ग्रामीण कार्य विभाग राजपत्रित कर्मचारी संघ का पांचवा संयुक्त सम्मेलन संपन्न

**हजारीबाग।** ग्रामीण कार्य विभाग एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग का पांचवा संयुक्त सम्मेलन जिला महासंघ कार्यालय ओकनी में संपन्न हुआ। सम्मेलन में उक्त दोनों विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ जिला इकाई के संबद्ध अन्य इकाई विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारी उपस्थित हुए। जिला महासंघ के निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा चुनाव कार्य पूरा किया गया। जिसमें अगले नए सत्र के लिए निर्वाचित पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची में सम्मानित अध्यक्ष पद पर शंकर प्रसाद को चुना गया है। जबकि अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार, उपाध्यक्ष छोटू कुमार ठाकुर, धीरज कुमार, विकास कुमार, मुकेश कुमार पासवान, उमेश कुमार पासवान, वहीं सचिव मोहन रजक को बनाया गया है। जबकि संयुक्त सचिव ठाकुर विजय कुमार, प्यार चंद्र प्रसाद, घनश्याम लकड़ा, उपेंद्र कुमार, दीपक कुमार को बनाया गया है। वहीं कोषाध्यक्ष पर पर अजीत कुमार सिंह को चुना गया है। कार्यालय मंत्री महेंद्र राणा, अंकेक्षक सुरेश कुशवाहा, संघर्ष कोष परिषद के सचिव कौशलेंद्र कुमार, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष लालूराम रविदास,उपाध्यक्ष रंजन विंद, कार्यालय मंत्री सुरेश राम, जबकि कार्यकारिणी सदस्य में विवेकानंद झा, अजय मिश्रा, अनूप कुमार का नाम शामिल है।

सम्पादक की कलम से...

# राष्ट्रपति प्रोग्राम में कटौती क्यों?

**झारखंड स्थापना दिवस आज है। बीते 2 नवंबर को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट किया था, जोहार, माननीय भारत की राष्ट्रपति आदरणीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आपका अनेक-अनेक धन्यवाद, आभार। वीर शहीदों की धरती पर आपका हार्दिक स्वागत है। राष्ट्रपति का जो कार्यक्रम तय हुआ था, उसके मुताबिक उन्हें 14 नवंबर यानी सोमवार को सबसे पहले देवघर और फिर रांची पहुंचना था। बिरसा की जन्मभूमि उलिहातू जाने के अलावा उन्हें झारखंड स्थापना दिवस पर राजकीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेना था। इसे लेकर तैयारियां भी जोर-शोर से चल रही थीं। सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक तक का रिहर्सल चल रहा था। लेकिन, ताजा सूचना के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 नवंबर को रांची आयेंगी। वह एयरपोर्ट से ही भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू तो जायेंगी, लेकिन झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर होनेवाले कार्यक्रम में भाग नहीं लेंगी। वीवीआईपी के कार्यक्रम में अक्सर अंतिम क्षणों में तब्दीलियां आती हैं और इसे सामान्य तौर पर लिया जाता है। लेकिन इस बार राष्ट्रपति के कार्यक्रम में जो तब्दीली हुई है, उसके पीछे की वजहों पर राज्य में ब्यूरोक्रेसी से लेकर राजनीतिक हलके तक में तरह-तरह की चर्चा हो रही है. आइये, इन वजहों और चचाओं को समझते हैं। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए भेजे गए समन को राष्ट्रपति के कार्यक्रम में तब्दीली की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। ईडी की तरफ से बीते एक नवंबर को सीएम हेमंत सोरेन को समन भेजा गया था। वजह खनन घोटाले में पूछताछ थी। लेकिन सीएम हेमंत ने तीन सप्ताह का वक्त मांगा और अपनी व्यस्तता मीडिया के जरिये जारी की। लेकिन ईडी की तरफ से सीएम हेमंत को दोबारा से समन जारी किया गया और उन्हें 17 नवंबर को दोबारा से ईडी कार्यालय बुलाने के लिए समन जारी किया गया। राष्ट्रपति स्थापना समारोह में शामिल होती तो उन्हें सीएम हेमंत सोरेन के साथ मंच साझा करना होता। हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से दोबारा समन भेजे जाने से जैसे हालात झारखंड में हैं, वैसे माहौल में राष्ट्रपति के लिए हेमंत सोरेन के साथ मंच साझा करना शायद उचित नहीं समझा गया। दूसरी बात यह कि छह मई यानी जिस दिन ईडी ने झारखंड में अपना पहला रेड किया, उसी दिन से सीएम हेमंत सोरेन गाहे-बगाहे केंद्र पर निशाना साधते रहे हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को बीजेपी के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते रहे हैं। खास कर एक नवंबर के बाद जब ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी किया, उसके बाद से आपकी योजना, आपकी सरकार के कार्यक्रम या किसी भी मंच से अपनी बात रखते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया है। यहां तक कि सदन में अपनी बात रखते हुए हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी के खिलाफ बयान दिया। स्थापना दिवस के दिन भी सीएम को झारखंड की जनता को संबोधित करना है। माना जा रहा था कि अगर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में स्थापना दिवस के मंच से हेमंत सोरेन बतौर सीएम केंद्र सरकार के खिलाफ कुछ बोलते तो स्थिति सम्मानजनक नहीं रहती। ऐसे कई मामलों को लेकर समय में परिवर्तन यह बताता है कि आगे सब कुछ ठीक नहीं है।**

## आज का इतिहास

**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्ल डिग्री को स्वीकार किया।
**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# कम कार्बन उत्सर्जन पर आधारित विकास के लिए भारत की रणनीति

अब जबकि भारत अपने अमृत काल की ओर बढ़ रहा है, देश की आजादी की यह शताब्दी सतत विकास से जुड़े राष्ट्रीय प्रयासों को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल करने का मौका प्रदान करती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सभी के लिए बुनियादी सुविधाओं से लैस विकास के इस मील के पत्थर को हासिल करने के लिए ह्यसबका प्रयासह्ल का आह्वान किया है। जबकि मोदी सरकार भारत के आकार के अनुरूप पैमाने पर ही उसकी अर्थव्यवस्था को विस्तारित करने की कोशिश कर रही है, जलवायु परिवर्तन इसके रास्ते में आने वाली कई चुनौतियों में से एक है।

जलवायु विज्ञान ने इस तथ्य को स्थापित किया है कि वैश्विक सतह के तापमान में वृद्धि संचयी उत्सर्जन की समानुपाती होती है और इस वृद्धि को सीमित करने के लिए ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के वैश्विक उत्सर्जन को एक खास सीमा के भीतर रखने की जरूरत है। उत्सर्जन की इस खास सीमा को वैश्विक कार्बन बजट कहा जाता है। यह कोई रहस्य नहीं है कि विकसित देशों द्वारा बेहद असंगत तरीके से इस वैश्विक कार्बन बजट के बड़े हिस्सा का उपयोग किया गया है। ग्लोबल वार्मिंग को औद्योगिकीकरण के पूर्व के स्तर के 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए वर्ष 2020 से इस दुनिया के पास 500 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है और ग्लोबल वार्मिंग को दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तक सीमित करने की 50 प्रतिशत संभावना के लिए 1350 गीगाटन कार्बन डाइऑक्साइड के समतुल्य का शेष कार्बन बजट है।

भारत की जलवायु नीति को इंगित करने वाला प्रमुख सिद्धांत कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास के रास्ते देश के विकास लक्ष्यों को हासिल करना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बार-बार यह कहा है कि भारत का विकास प्रतिमान स्पष्ट तौर पर विकास और जलवायु कार्रवाई को एक-दूसरे के विरोधाभासी के बजाय एक-दूसरे के पूरक के रूप में देखता है। भारत राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप कम कार्बन उत्सर्जन आधारित विकास की दिशा में प्रयासरत है। एक लंबी तटीयरेखा वाले विकासशील देश के रूप में, मानसून में व्यवधान की नाजुकता, आजीविका के लिए कृषि पर अत्यधिक निर्भरता और जल निकायों पर संभावित प्रभाव, जलवायु की चरम स्थितियों और परिणामी खतरों के अन्य किस्म के जोखिमों के बीच भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण संभावित रूप से विकास का काफी अतिरिक्त बोझ उठाना होगा। फिर भी, एक बड़े राष्ट्र के रूप में अपनी जिम्मेदारियों, परंपराओं एवं संस्कृति को ध्यान में रखते हुए, भारत ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत की दीर्घकालिक ग्रीनहाउस गैस के कम उत्सर्जन पर आधारित विकास की दीर्घकालिक रणनीति (एलटी-एलईडीएस) कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले सात प्रमुख बदलावों पर टिकी हुई है। भारत ने पहले ही विभिन्न नीतियों, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के रास्तों की ओर जाने वाले इन बदलावों को अपनाना शुरू कर दिया है।

विकास के अनुरूप बिजली प्रणालियों द्वारा कम कार्बन उत्सर्जन : औद्योगिक विस्तार को संभव बनाने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए बिजली क्षेत्र का विकास बेहद महत्वपूर्ण है। इस समय, भारत नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार कर रहा है और ग्रिड को मजबूत कर रहा है। वह कम कार्बन उत्सर्जन वाली अन्य प्रौद्योगिकियों की खोज और/या उन्हें सहायता प्रदान कर रहा है, मांग-पक्ष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जीवाश्म ईंधन संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग की ओर बढ़ रहा है। ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में, वह कम कार्बन उत्सर्जन संबंधी सक्षमताओं का आकलन कर रहा है और हरित वर्गीकरण एवं (राष्ट्रीय विकास परिदृश्यों के पूरक के तौर पर) अधिकतम ऊर्जा मिश्रण का निर्धारण कर रहा है।

कम कार्बन उत्सर्जन वाली एकीकृत, कुशल एवं समावेशी परिवहन प्रणाली प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में परिवहन का बहुत बड़ा योगदान है। भारत यात्रियों एवं माल की ढुलाई के लिए परिवहन के साधनों में जरूरी एवं महत्वपूर्ण विस्तार के संदर्भ में कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों पर काम कर रहा है। देश बेहतर ईंधन दक्षता को प्रोत्साहित कर रहा है, स्वच्छ ईंधन को अपनाने की दिशा में एक चरणबद्ध बदलाव को बढ़ावा दे रहा है, सार्वजनिक और परिवहन के कम प्रदूषणकारी साधनों की ओर बहुआयामी बदलाव, परिवहन के विभिन्न साधनों का विद्युतीकरण, मांग पक्ष प्रबंधन, यातायात प्रबंधन और कुशल परिवहन प्रणालियों को मजबूत कर रहा है।

शहरी डिजाइन में अनुकूलन, इमारतों में ऊर्जा एवं सामग्री संबंधी दक्षता और टिकाऊ शहरीकरण : जब शहरी क्षेत्रों के विकास की बात आती है, तो शहरी डिजाइनों में अनुकूलन से जुड़े उपायों की खोज करना और उन्हें प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। शहरों के विस्तार के संदर्भ में, टिकाऊ शहरी डिजाइन को बढ़ावा देने वाले उपायों के साथ-साथ यह एक प्रमुख फोकस होगा। भारत निर्मित वातावरण और शहरी प्रणालियों में अनुकूलन के उपायों को मुख्यधारा में ला रहा है। वह शहरी नियोजन से संबंधित दिशानिर्देशों, नीतियों एवं उपनियमों में संसाधन दक्षता को बढ़ावा दे रहा है, मौजूदा एवं भविष्य की इमारतों तथा शहरी प्रणालियों में जलवायु के अनुकूल और लचीले भवन डिजाइन, निर्माण और कार्यान्वन को बढ़ावा दे रहा है और संसाधन दक्षता और पानी, ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के जरिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली नगरपालिका सेवा के वितरण को बढ़ावा दे रहा है।

उत्सर्जन से वृद्धि का संपूर्ण अर्थव्यवस्था में विकास की प्रक्रिया का उत्सर्जन से अलगाव सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाने वाली निर्देशित नीतियों के साथ तात्कालिक, मध्यम और दीर्घकालिक अवधि में औद्योगिक विकास हमारा एक प्रमुख उद्देश्य है। नरेन्द्र मोदी सरकार अनौपचारिक क्षेत्र को मान्यता देने और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास के लिए समुचित प्रयास कर रही है। इस संदर्भ में, इस तथ्य को जानते हुए कि इनमें बदलाव बेहद मुश्किल भरा काम है, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकल्पों का पता लगाया जा रहा है। भारत का ध्यान विनिर्माण क्षेत्र में व्यावहारिक और सुसंगत रूप से प्राकृतिक और जैव-आधारित सामग्रियों के उपयोग, प्रसंस्करण और ईंधन स्विचिंग और विद्युतीकरण के प्रयासों को बढ़ाकर ऊर्जा एवं संसाधन दक्षता में सुधार लाने, सामग्री दक्षता बढ़ाने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने, चक्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने, बेहद मुश्किल बदलाव वाले क्षेत्रों के सतत विकास के लिए विकल्प तलाशने, कम कार्बन उत्सर्जन और एमएसएमई के सतत विकास पर है।

कार्बन डाइऑक्साइड को हटाने और अन्य इंजीनियरिंग संबंधी समाधान : कार्बन डाइऑक्साइड हटाने का क्षेत्र एक नया क्षेत्र है जिसकी दुनिया भर में खोज की जा रही है और इस पर भारतीय संदर्भ में भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, इस कदम के लिए नवाचार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जलवायु-विशिष्ट वित्त और क्षमता निर्माण के माध्यम से पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत है। फिलहाल, भारत इस कदम के सामाजिक-आर्थिक, आजीविका और इकोसिस्टम संबंधी प्रभावों को कम करने हेतु प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और योजना बना रहा है। संसाधन की गहन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हम सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाले फ्रेमवर्क की भी संभावना तलाश रहे हैं।

सामाजिक-आर्थिक और इकोसिस्टम संबंधी विचारों के अनुरूप वन एवं वनस्पति के आवरण को बढ़ाना : प्राकृतिक संसाधनों की वृद्धि, संसाधनों की विरासत के संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने के प्रति भारत की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता इस क्षेत्र की रणनीति को संचालित कर रही है। यह प्रासंगिक जनसंख्या की आजीविका, सामाजिक और सांस्कृतिक निर्भरता को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी दृष्टिकोण भी होगा।

कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के आर्थिक एवं वित्तीय पहलू : गरीबी उन्मूलन, रोजगार एवं आय में वृद्धि, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन बढ़ाने और समृद्धि के एक नए स्तर तक पहुंचने की प्राथमिकताओं को देखते हुए, कम कार्बन उत्सर्जन वाले विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कम लागत वाला अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त आवश्यक है। भारत वित्तीय आवश्यकताओं का आकलन कर रहा है, जलवायु विशिष्ट वित्त को जुटा रहा है, विशेष रूप से बहुपक्षीय जलवायु वित्त तक पहुंच रहा है और जलवायु वित्त की मुख्य धारा को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के साथ-साथ नए बहुपक्षीय तंत्र को नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास का समर्थन करने के लिए जोड़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने सभी कार्यों और दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है कि भारत एक राष्ट्र के रूप में इस धरती को बचाने की दिशा में अपनी जिम्मेदारी से अधिक भार लिया है और जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और वैश्विक जलवायु व्यवस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्रिय रहा है, जिस पर हम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन, इसके क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते के तहत सामूहिक रूप से सहमत हुए हैं। भारत का एलटी-एलईडीएस यह स्पष्ट करता है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समानता और जलवायु न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है।

**■ भूपेंद्र यादव**
**(लेखक केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री हैं।)**

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
**अथ प्रथमोऽध्यायः**

भगवान विष्णुने हँसकर उनसे यह समयोचित बात कही- तुम अब अपना यह अश्वीरूप छोड़ दो और पहले जैसा शरीर धारण कर लो ॥ 41 ॥

हे सुलोचने! हम दोनों अपनी दिव्य देह धारण करके अपने वैकुण्ठधाम चलेंगे और तुमसे उत्पन्न यह कुमार अब यहीं रहे ॥ 42 ॥

लक्ष्मीजी बोलीं- हे देवश्रेष्ठ ! अपने शरीरसे उत्पन्न पुत्रको छोड़कर मैं कैसे जाऊँ? अपने पुत्रके प्रति स्नेहका त्याग अत्यन्त ही कठिन है ॥ 43 ॥

हे अमेयात्मन्! इस निर्जन नदीतटपर इस लघुकाय, अनाथ तथा असमर्थ बालककी क्या गति होगी ? ॥ 44 ॥

हे कमलनयन। हे स्वामिन्! इस आश्रयही` पुत्रको छोड़कर मेरा दयालु मन यहाँसे जानेके लिये भला कैसे तैयार हो सकता है? ॥ 45 ॥

तत्पश्चात लक्ष्मीजी तथा भगवान् विष्णु दोनों दिव्य शरीर धारणकर उत्तम विमानपर विराजमान हुए: देवगण अन्तरिक्षमें उनकी स्तुति करने लगे ॥ 46 ॥

वैकुण्ठके लिये प्रस्थान करनेके इच्छुक भगवान् विष्णुसे लक्ष्मीजीने कहा- हे नाथ! में इस पुत्रका त्याग नहीं कर सकती, अतएव इसे भी साथ ले लीजिये। हे प्रभो। मेरा यह प्राणके समान प्रिय कान्तिमें आपहीके सदृश है। हे मधुसूदन! इसे लेकर हम दोनों वैकुण्ठ चलेंगे ॥ 47-48 ॥

पुत्र हरि बोले- हे प्रिये हे वरानने। इस पुत्रके विषयमें शोक करना तुम्हारे लिये उचित नहीं है। यह सुखपूर्वक यहाँ रहे मैंने इसकी रक्षाका उपाय का दिया है ॥ 49 ॥

हे वामोरु! इस पुत्रके यहाँ छोड़नेके पीछे कोई महान तथा आश्चर्यजनक कारण छिपा है। मैं उसे बता रहा हूँ; तुम जान लो ॥ 50 ॥

इस पृथ्वीपर ययातिके पुत्र तुर्वसु नामक एक प्रसिद्ध राजा हैं। उनके पिताने उनका लोक- प्रसिद्ध हरिवर्मा - यह नाम रखा था। इस समय पुत्रकी कामनावाले वे नरेश एक पवित्र तीर्थमें तपस्या कर रहे हैं। उन्हें तप करते हुए पूरे एक सौ वर्ष बीत चुके हैं। हे कमलालये! उन्होंके लिये मैंने यह पुत्र उत्पन्न किया है। हे सुधु वहाँ राजाके पास जाकर मैं उन्हें इसी समय भेज दूँगा हे प्रिये! पुत्रके अभिलाषी उन्हीं राजाको मैं यह पुत्र दे दूँगा और वे इस बालकको लेकर अपने घर चले जायेंगे ॥ 49-54 ॥

व्यासजी बोले- इस प्रकार अपनी प्रिय भायाकी आश्वासन देकर तथा बालककी रक्षाका प्रबन्ध करके भगवान् विष्णु उत्तम विमानपर आरूढ़ होकर अपनी प्रियाके साथ चले गये ॥ 55 ॥

- क्रमशः

# कुदरत के प्यारे परिंदे

यही बात देखने या फिर आसपास के वातावरण को महसूस करने के मामले में भी लागू होती है। सुबह जब गौरैया, बया, बुलबुल सब एक साथ ही झुंड मे उड़ती नजर आती है तब उस व्यक्ति की स्मृतियों में जरूर खास आयेगी, जिसने कुदरत के चित्र उकेरती दुनिया की मशहूर कविताएं पढ़ी होंगी। याद आ सकता है कि कभी ऐसा सचमुच होता था कि हजारों पंछी झील के किनारे, उद्यान में या फिर किसी बड़े-से दरख्त पर सुबह और शाम को पक्षियों का दिखाई दे जाना आम बात थी। हाल में कहीं पढ़ा कि अब लोगों को कौवे दिखने बेहद कम हो गये हैं। बीस साल पहले तक बस भात बिखेरने की देर होती थी और एक, दो, तीन करके दो-तीन दर्जन कौवे पता नहीं कहां से आ जाते थे। धीरे-धीरे दिनचर्या में मशीनी जीवन की दस्तक ने लोगों के जीवन में ऐसी हलचल मचाई है कि कौवे के अलावा भी कई अन्य पंछी को देखने की रुचि और उत्सुकता कम या न के बराबर ही रह गई है। पहले नियमित रूप से मुट्ठी भर अनाज पक्षियों के के लिए बिखेरा जाता था। उस वक्त जो थोड़ा बहुत संपर्क पंछी और इंसान का बनता था, वह ऐसी छोटी-सी सक्रियता और परवाह के जरिए ही बन पाता था। बस अपना खाना, अपना नाश्ता, अपना-अपना सोचने वाले तब बहुत कम लोग थे, इसलिए पंछी को दाना और घर के भीतर रोशनदान तक उनका आशियाना घर में भी उनकी चीं-चीं की सुरलहरी का पारंपरिक रूप और आदमी से मिल कर रहने का ढांचा अपना मूल स्वरूप नहीं छोड़ पाया था। कुछ दशक पहले तक गांव-देहातों की बस्ती में जीवन के रहन-सहन में थोड़ी बहुत तब्दीली नामालूम-सी थी। फिर आया ऊंची-ऊंची अट्टालिकाओं का चलन, जिसने पंछी की उड़ान को सीमित किया और उन डिब्बेनुमा मकानों में रहने वालों की सोच को संकुचित कर दिया। खेतों में फसलों की कटाई आदि के बाद जो अनाज बचा रह जाता था, वह पंछियों के चुगने के काम आता था। वे खेत अब बाजार, कालोनी और शापिंग माल बन गये हैं। पंछी अब नगर से दूर होते चले गये हैं, फिर भी किसी वार-त्योहार पर कोई लोक धुन सुन कर वे आ जाते और हवा के प्रदूषण तथा मोबाइल टावर से अपनी नन्हीं-सी जान बचा कर वापस चले जाने लगे। फिर किसी कचरा पात्र में पड़ा रूखा-सूखा खाकर छुट्टियों के दौरान गांवों में बन-ठन कर जाने लगे। ये पंछी केवल उड़ते या नीड़ ही नहीं बनाते। पंछी के बहुत व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य को मशीनीकरण के घातक से परदे ने एकाएक ढक दिया है। पंछी पीपल, नीम, बरगद, इमली आदि के बीज यहां से वहां ले जाते हैं। पीपल और बरगद तो कभी यों ही उगता नहीं। पंछी के मल में लिपटा बीज ही पीपल और बरगद के पौधे के रूप में अंकुरित होता है। मगर क्या कहा जाए कि भारत के सात सौ से अधिक नगरों ने सभ्य और स्मार्ट सिटी बनने की धुन में अपने घने दरख्तों पर कुल्हाड़ी चला दी, जिन पर सैकड़ों कबूतर, गौरैया, तोते, बुलबुल का आशियाना हुआ करता था। इस पर अनेक स्वैच्छिक संगठनों ने आपत्ति भी जताई कि पेड़ काटने से पहले इन पंछियों के वास्ते कुछ साल मेहनत करके एक पूरा हरा-भरा उद्यान बसा दिया जाए, उसके बाद इन वृक्षों पर वार किया जाए। मगर सब खानापूर्ति। कहने को तो बदले में पौधारोपण किया गया, पर दो फीसद पेड़ तक नहीं बचे मानव मन करुणा, ममता, दया, प्रेम से सराबोर होता है। खुद से तो हम जीवन भर प्रेम करते ही हैं। इन परिंदों को भी थोड़ा प्यार दे देंगे तो हमारा व्याकुल मन भी आराम पायेगा। देने का भाव और प्राणी मात्र से लगाव- यह तो इंसान का कुसुमित संस्कार रहा है। कहीं ऐसा न हो कि कल हमारे बच्चे विदेश से चार लाख का मकाऊ तोता लाकर घर पर पिंजरे में सजा दे। उसका विदेशी दाना-पानी देकर पोषण करे, मगर अपने कक्ष की खिड़की के बाहर पर फडफड़ाती चीं-चीं करती गौरैया की भूख-प्यास के प्रति कठोर हो जाय।

**■ संदीप पांडे 'शिष्य'**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### आधुनिक जीवन से नुकसान

पहले शहर से लेकर गांवों में कुआं व नदी घाट पर लोग नहाने-धोने का काम किया जाता था। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों के कमरे में बंद होकर स्नान व कपड़ा धोने को मजबूर कर दिया है। आज लगभग सभी पक्के मकानों में पानी टंकी छत पर दिखाई देती है। इससे लोगों को तो सुविधा मिली, लेकिन हर दिन लाखों लीटर पानी उस टंकी में चढ़ा दिया जाता है। इसका असर धीरे-धीरे ऐसा हुआ कि आज जल स्तर काफी नीचे चला गया है। कुंओं को शहरों में अनुपयोगी मानकर उसे ढक दिया गया है। साथ ही वहां पर दुकानें बना दी गई है। बुनियादी रूप से हम अपनी समस्याओं के खुद ही पैदा करने वाले हैं। ऐसे में हमें वापस उन्हीं दौर में लौटना होगा जब एक कुएं व चापानल से लगभग पूरा मुहल्ला स्नान कर लेता था और घर के काम के लिए एक या दो बाल्टी पानी ढोकर अपने घर ले जाया करता था। आधुनिकता के लाभ ने हमें इन सब के बारे में विचार करने का मौका ही नहीं दिया। आज हालत हैं कि लोग पानी संकट से जूझ रहे हैं। साथ ही प्राकृतिक प्रदत्त सुविधाएं कम होती जा रही हैं। पेड़-पौधों को काटकर हम कूलर व एयर कंडीशन की हवा खा रहे हैं। सच बात यह है कि गांव के पीपल की छांव में बैठकर जो शांति व सकून मिलता था वह एक कमरे में बैठकर कूलर एयरकंडीशन में नहीं मिलती है।

**■ लव कुमार, मेदिनीनगर।**

# न पैसा और न इंतजाम कैसे थमेगा प्रदूषण?

बोलने के लिए पिछले तीन दिन से प्रतीक्षा कर रहा हूं और मेरी बारी अब आई है। ...प्रदूषण एक ऐसा विषय है, जिसकी किसी को भी चिंता नहीं है, हालांकि, प्रदूषण रोकने के लिए कई विधेयक पारित किये जा चुके हैं। बोलने के लिए पिछले तीन दिन से प्रतीक्षा कर रहा हूं और मेरी बारी अब आई है। ...प्रदूषण एक ऐसा विषय है, जिसकी किसी को भी चिंता नहीं है, हालांकि, प्रदूषण रोकने के लिए कई विधेयक पारित किये जा चुके हैं। मेरे विचार से इस बारे में एक केंद्रीय कानून भी है। कुछ राज्य कानून भी हैं। इसके अलावा प्रदूषण निवारण के लिए एक बोर्ड भी है। ये सभी चीजें हैं, किन्तु अब आप कहते हैं कि ये काम नहीं कर रही हैं। इसीलिए आप इस सूची में एक और कानून शामिल कर रहे हैं। हालांकि, इतने अधिनियम हैं, किन्तु धन की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ...हम कितनी ही चचाएं करते हैं, किन्तु मेरा विचार है कि अधिनियम में निहित उपबन्धों का एक छोटा सा अंश भी क्रियान्वित नहीं किया गया है। मेरे पास सही-सही आंकड़े हैं और में उन्हें उद्धृत करूंगा। वातावरण में प्रदूषण की मात्रा मापने के लिए आपके पास कितनी प्रयोगशालाएं हैं? मेरे विचार से 30 या 40 सरकारी मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं से अधिक नहीं हैं। क्या आप इतनी कम प्रयोगशालाओं से काम चला सकते हैं? गैर-सकारी प्रयोगशालाओं की स्थिति क्या है, आपको इन सब बातों की ओर ध्यान देना होगा। दूसरे, क्या आप सभी उद्योगों को शामिल करने जा रहे हैं? ...इसके पश्चात मोटर वाहनों को लीजिये, जो अधिकतम प्रदूषण फैलाते हैं, जहां तक वायु प्रदूषण का संबंध है। महाराष्ट्र में ही लगभग 20 लाख वाहन हैं। अकेले बम्बई शहर में करीब 10 लाख वाहन हैं। दिल्ली में ही शहर की सड़कों पर 10.05 लाख वाहन चलते हैं। इन वाहनों द्वारा उत्पन्न प्रदूषण को मापने के लिए आपके पास क्या व्यवस्था है? क्या ऐसे कार्य के लिए आपके पास कोई तंत्र है? ऐसी चीजों पर कार्रवाई के बजाय हम अनावश्यक बहस कर सदन का वक्त बर्बाद कर रहे हैं। अब मैं कुछ उन महत्वपूर्ण उद्योगों पर आता हूं, जो देश में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि कर रहे हैं। देश में इस समय कागज की लुगदी के लगभग 179 यूनिट हैं।... एक भी यूनिट कुछ मानकों को बनाये रखने संबंधी सांविधिक उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। यही स्थिति चमड़ा संबंधी कारखानों की है। मुझे चर्म प्रसंस्करण कारखानों की सही-सही संख्या का पता नहीं है, किन्तु इनमें से कोई भी तय उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। कुल 70 उर्वरक यूनिट है, जिनमें से केवल 19 यूनिट ही सांविधिक मानकों का पालन कर रहे हैं। गैर-सरकारी क्षेत्र में 729 कीटनाशक निर्माण यूनिट हैं और इनमें से कोई यूनिट सांविधिक उपबन्धों का पालन नहीं कर रहा है। 104 सीमेंट यूनिटों में से केवल 15 ही मानकों का पालन कर रहे हैं। यदि दो या तीन प्रतिशत बड़े उद्योगों को भी प्रदूषण रोकने की परवाह नहीं है, तो आप क्या कर सकते हैं?... स्वतंत्रता के 40 वर्ष बाद भी भारतवासी गन्दा पानी पी रहे हैं। जब तक आप इस बारे में कुछ करते नहीं, कुछ भी नहीं होगा। मैंने जर्मनी और जापान में प्रदूषण की समस्याओं का अध्ययन किया है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि वह इन देशों का दौरा करें। ... आप अन्य बड़े उद्योगों को भी इस प्रकार हिदायतें क्यों नहीं देते कि वह ऐसी व्यवस्था करें, जिससे प्रदूषण से बचा जा सके? मैं जर्मन लोगों की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने कहा है कि वह यह सब पिछले 50 वर्षों से करते चले आ रहे हैं, इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वह मेरे इस सुझाव को संयुक्त चयन समिति को भेज दें। अन्यथा खाली बहस से प्रदूषण को इन सभी समस्याओं पर काबू पाने में कोई मदद नहीं मिलेगी। यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो नियोक्ता इस कानून का प्रयोग लोगों का शोषण करने के लिए करेंगे। ...मैं इसका सख्त विरोध करता हूं।... समूचे विधेयक में एक पैसे का भी प्रावधान नहीं किया गया है। ...देश में 8,50000 उद्योग हैं। ... सिर्फ दिल्ली में ही 10,50,000 वाहन वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। आपकी क्या मशीनरी है? आप सैद्धांतिक स्तर पर इसकी चर्चा कर रहे हैं।

**■ दत्ता सामंत**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सौल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप में भारतीय महिला टीम ने जीता गोल्ड



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर महिला टीम ने दक्षिण कोरिया के डेगू में एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में रविवार को स्वर्ण पदक जीता। तिलोत्तमा सेन, रमिता और नैन्सी की टीम ने 10 मीटर एयर राइफल टीम ने महिला जूनियर प्रतियोगिता में कोरिया को 16-2 से इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हराकर एक और स्वर्ण जीता। इससे पहले मेहुली घोष और तिलोत्तमा ने शनिवार को टूर्नामेंट के 15वें सत्र में भारत के लिए दो स्वर्ण पदक जीते थे।

### भारत के ग्रांड मास्टर विदित गुजराती बने फाल चैस क्लासिक के उपविजेता



**सैंट लुईस/यूएसए (एजेंसी)।** भारत के नंबर 2 शतरंज खिलाड़ी ग्रांड मास्टर विदित गुजराती नें शानदार प्रदर्शन करते हुए फाल चैस क्लासिकल शतरंज टूर्नामेंट में दूसरा स्थान हासिल किया है। विदित नें इस टूर्नामेंट में 2778 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी विश्व रैंकिंग में सुधार करते हुए 2730 रेटिंग के साथ 19वां स्थान हासिल कर लिया है। 10 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर हुए इस टूर्नामेंट में विदित नें 4 जीत 4 ड्रॉ और 1 हार से कुल 6 अंक बनाए और 6.5 अंक बनाने वाल्व चीन के यू यांगी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। विदित नें प्रतियोगिता में हमवतन सूर्या शेखर गांगुली, ग्रीस के निकोलस थेओड़ोरस, यूएसए के ओपरिन गृगोय और उक्रेन के निजनिच इल्लिया पर शानदार जीत दर्ज की, रोचक बात यह रही की विदित नें यह जीत पहले और आखिरी दो राउंड में हासिल की। अन्य खिलाड़ियों में चेक गणराज्य के थाई डाइ वान 5.5 अंक के साथ तीसरे, 5 अंक बनाकर यूएसए के नीमन हंस चौथे, 4.5 अंक बनाकर अर्मेनिया के अरम हकोबयान पांचवें स्थान पर रहे।

### ब्राजील के पूर्व कोच स्कोलरी ने लिया संन्यास, कहा- मैंने सब कुछ हासिल किया

**साओ पाउलो (एजेंसी)।** ब्राजील को 2002 में उसका आखिरी विश्वकप खिताब दिलाने वाले और पुर्तगाल को 2004 में यूरोपीय चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभानेवाले मशहूर फुटबॉल कोच लुइस फेलिप स्कोलारी ने क्लब कोच से संन्यास लेने की पुष्टि की। ब्राजीलियाई चैंपियनशिप के अंतिम दौर में एथलेटिको की बोटाफोगो पर 3-0 से जीत के बाद 74 वर्षीय स्कोलरी ने इस खेल को अलविदा कहा। ब्राजील के रहने वाले स्कोलरी ने मैच के बाद कहा कि यह मेरी जिंदगी है और मैंने अपनी जिंदगी के इस अध्याय का शानदार अंत किया। उन्होंने कहा कि मैंने वह सब कुछ हासिल किया जिसकी मैंने फुटबॉल में उम्मीद नहीं की थी और आज मैं इसका समापन कर रहा हूं।

# हैलो यादव... सूर्यकुमार के ट्वीट पर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर लूट ले गयी महफिल

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में खेले गये टी-20 विश्व कप में अपना जलवा बिखेरने के बाद टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अब न्यूजीलैंड दौरे लिए काफी उत्साहित हैं। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड दौरे पर तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। न्यूजीलैंड पहुंचते ही सूर्यकुमार यादव एक ट्वीट किया, 'हैलो वेलिंगटन', लेकिन उनके इस ट्वीट पर ऑस्ट्रेलिया की एक महिला क्रिकेटर ने जो जवाब दिया वह अब खूब वायरल हो रहा है। दरअसल सूर्यकुमार के ट्वीट पर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटर ने लिखा, 'हैलो यादव'। बता दें कि यह महिला क्रिकेटर कोई और नहीं अमांडा वेलिंगटन है। वहीं, वेलिंगटन न्यूजीलैंड के एक शहर का भी नाम है। ऐसे में अमांडा ने जिस तरह से सूर्या के ट्वीट पर कमेंट किया उसे खूब पसंद किया जा रहा है।



**न्यूजीलैंड दौरे पर खेला जायेगा वनडे और टी-20 सीरीज :** न्यूजीलैंड के इस दौरे पर टीम इंडिया को तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली को आराम दिया गया है। ऐसे में वनडे टीम की कमान शिखर धवन संभाल रहे हैं जबकि टी-20 में हार्दिक पांड्या टीम की कप्तानी कर रहे हैं। न्यूजीलैंड के दौरे की शुरूआत टी-20 सीरीज से होगी। सीरीज का पहला मैच 18 नवंबर को खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मैच 20 नवंबर और तीसरा मैच 22 को होगा। इसके बाद वनडे सीरीज का आगाज 25 नवंबर से होगा।

### टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया

**हार्दिक** पांड्या (कप्तान), ऋषभ पंत, शुभमन गिल, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, उमरान मलिक।

**वनडे सीरीज के लिए टीम :** शिखर धवन (कप्तान), ऋषभ पंत, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, संजू सैमसन, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, शाहबाज अहमद, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, दीपक चाहर, कुलदीप सेन, उमरान मलिक।

## टी-20 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में कोहली, सूर्यकुमार

**मेलबर्न (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2022 में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम की घोषणा करते हुए बताया कि इस टीम में इंग्लैंड से चार, पाकिस्तान और भारत से दो-दो जबकि दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड से एक-एक खिलाड़ी को शामिल किया गया है। टीम के सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और जॉस बटलर हैं, जबकि उनके हमवतन सैम करेन और मार्क वुड टीम के तेज गेंदबाजों में शामिल हैं। पाकिस्तान से शादाब खान और शाहीन शाह अफरीदी इस टीम का हिस्सा हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के आनरिक नॉर्खिया, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स एकादश को पूरा करते हैं। कोहली इस टी-20 विश्व कप के छह मैचों में चार अर्द्धशतक जड़कर सर्वाधिक रन बनानेवाले खिलाड़ी रहे। भारतीय टीम टूर्नामेंट में सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन कोहली ने 98.66 के अद्वितीय औसत से कुल 296 रन जोड़े। उन्होंने टूर्नामेंट में भारत के पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 82 नाबाद की जादुई पारी खेली, जिसे उन्होंने अपने टी-20 करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी बताया। कोहली के साथ-साथ भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिये सर्वश्रेष्ठ एकादश में शामिल किया गया। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में 189.68 के आक्रामक स्ट्राइक रेट से कुल 239 रन बनाये।



### स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को टीम के 12वें खिलाड़ी

**टूर्नामेंट** में शानदार प्रदर्शन करनेवाले भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को टीम के 12वें खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है। पांड्या ने छह मैचों में आठ विकेट लिए और बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने के बावजूद भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में कोहली और सूर्यकुमार के बाद तीसरे स्थान पर रहे। पांड्या ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 33 गेंदों पर 63 रन बनाये थे, जिसने मैच को कुछ हद तक रोमांचक बना दिया था।

### कोलकाता को लगा बड़ा झटका

## सैम बिलिंग्स ने खेलने से किया मना

**कोलकाता (एजेंसी)।** दो बार की आईपीएल विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स को अगले सीजन के टूर्नामेंट से पहले एक बड़ा झटका लगा है, क्योंकि स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज सैम बिलिंग्स ने इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में खेल के लंबे प्रारूप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आईपीएल 2023 से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर एक पोस्ट के जरिए अपने फैसले को सार्वजनिक किया। सैम बिलिंग्स को इस साल की शुरूआत में आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में 2 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर केकेआर द्वारा अनुबंधित किया गया था और आठ मैचों में टीम के लिए खेले थे, जिसमें 24.14 की औसत से 169 रन बनाए थे, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर 36 था। आईपीएल 2022 में अच्छे प्रदर्शन के बाद, बिलिंग्स से कप्तान श्रेयस अय्यर और नितीश राणा के साथ मध्यक्रम की रीढ़ बनने की उम्मीद थी। हालांकि, ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स के नए शासन के तहत राष्ट्रीय टीम में जगह हासिल करने की उम्मीद में इंग्लिश क्रिकेटर ने अपना ध्यान रेड बॉल-क्रिकेट पर देने का फैसला किया है। वह पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चयन में अपना नाम डालने की उम्मीद में केंट के लिए काउंटी क्रिकेट में खेलेंगे। बिलिंग्स ने अपने ट्विटर हैंडल के माध्यम से एक पोस्ट में लिखा कि कठिन निर्णय लिया है कि मैं अगले आईपीएल केकेआर राइडर्स में हिस्सा नहीं लूंगा। केंट क्रिकेट के साथ इंग्लिश समर की शुरूआत में लंबे प्रारूप वाले क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। केकेआर के अवसर के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद! हर किसी को पसंद आया।

# ससुराल वालों को बधाइयां...

### पाकिस्तान की हार पर युवराज सिंह ने यूं दी इंग्लैंड को बधाई

**मेलबर्न (एजेंसी)।** दुनिया भर के क्रिकेट दिग्गजों ने रविवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम को आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 का खिताब जीतने पर बधाई दी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सैम करन और लेग स्पिनर आदिल राशिद ने बेन स्टोक्स के नाबाद अर्धशतक से पहले पाकिस्तान को 137/8 तक सीमित करने के लिए शानदार स्पैल डाले, जिससे मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 80,462 प्रशंसकों के सामने इंग्लैंड को टी-20 विश्व कप के विजेता के रूप में पांच विकेट से जीत मिली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह ने अपने ट्वीट में कहा, ससुराल वालों को बधाई!! इसके साथ ही इंग्लैंड की टीम ने इतिहास में दूसरी बार टी-20 का ताज अपने नाम किया। जैसे ही जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम व्हाइट बॉल



चैम्पियन बनी, सोशल मीडिया पर उनके लिए शुभकामनाएं आने लगीं। श्रीलंका के महान खिलाड़ी सनथ जयसूर्या ने ट्वीट किया, क्रिकेट का एक मजबूत मनोरंजक ब्रांड खेलने के लिए इंग्लैंड को बधाई। कभी हार न मानने के लिए अच्छा खेला।

मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने इंग्लैंड की जीत को एक शानदार उपलब्धि बताया और रविवार के मैच में शाहीन आफरीदी की चोट के दुर्भाग्यपूर्ण समय को एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। तेंदुलकर ने एक ट्वीट में कहा, इंग्लैंड को आपका दूसरा टी-20 विश्वकप जीतने पर बधाई। शानदार उपलब्धि। यह एक करीबी मुकाबला था और यह और भी दिलचस्प होता अगर आफरीदी चोटिल नहीं होते। यह विश्व कप सही मायने में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने 2022 टी-20 विश्व कप जीतने के लिए इंग्लैंड को बधाई देने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया। कोहली ने तस्वीर के साथ लिखा, बधाई इंग्लैंड, आप जीतने योग्य थे। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बेन स्टोक्स की तारीफ करते हुए कहा कि यह ऑलराउंडर बड़े पलों को जीतना जानता है।

## कुंबले की राय- टेस्ट और सीमित ओवरों की अलग टीम होनी चाहिए

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले का मानना है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए सीमित ओवरों और टेस्ट प्रारूप की पूरी तरह से भिन्न टीम होनी चाहिए। इंग्लैंड की वनडे और टी-20 में सफलता के बाद सफेद गेंद और लाल गेंद से खेले जानेवाले क्रिकेट के लिए अलग-अलग टीम रखने की चर्चा शुरू हो गई है। कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि निश्चित तौर पर आपको अलग-अलग टीमों की जरूरत पड़ेगी। आपको टी-20 विशेषज्ञों की जरूरत पड़ती है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड की इस टीम ने दिखाया है और यहां तक की पिछली बार के टी-20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने भी साबित किया है कि आपके पास अधिक से अधिक ऑलराउंडर होने चाहिए। आप



उनके बल्लेबाजी क्रम पर गौर करिये। उन्होंने कहा कि आज लियाम लिविंगस्टोन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आता है। किसी भी अन्य टीम के पास नंबर सात पर लिविंगस्टोन जैसा बल्लेबाज नहीं है। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोइनिस छठे नंबर पर बल्लेबाजी करता है। आपको इस तरह की टीम तैयार करनी होगी। कुंबले ने कहा कि मैं वास्तव में इसको लेकर सुनिश्चित नहीं हूं कि आपको अलग कप्तान या अलग कोच चाहिए।

## टी-20 विश्व कप : वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सैमी ने बताया भारत की हार का कारण

**मेलबर्न (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेटरों का विदेशी लीग में नहीं खेलना भी टी-20 विश्वकप में उनके खराब प्रदर्शन का एक कारण है। भारत के किसी भी सक्रिय खिलाड़ी को विदेशी टी-20 लीग में खेलने की



अनुमति नहीं है। वेस्टइंडीज को 2012 और 2016 में टी-20 विश्व कप का खिताब दिलानेवाले सैमी ने कहा कि इंग्लैंड को उसके खिलाड़ियों के विदेशी लीग विशेषकर ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश में खेलने का फायदा मिला। सैमी ने कहा कि विश्वभर की टी-20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों ने वास्तव में अपनी चमक बिखेरी। आप भारत को देखिए जिसकी सबसे बड़ी टी-20 लीग है लेकिन उसके खिलाड़ियों को उन खिलाड़ियों जैसा अनुभव नहीं है जो विश्वभर में विभिन्न लीग में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप एलेक्स हेल्स, क्रिस जॉर्डन जैसे खिलाड़ियों को देखें जो कि बिग बैश में खेलते हैं। यह कोई संयोग नहीं है कि उन्होंने (इंग्लैंड) ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की टीम सबसे संपूर्ण टीम थी और वे चैम्पियन बनने के सच्चे हकदार थे। उन्होंने सभी दबाव वाले मैचों में दिखाया कि उनके पास सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर टीम है। इंग्लैंड ने रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर टी-20 विश्वकप का खिताब जीता। वह एकमात्र टीम है जिसके पास एक ही समय में वनडे और टी-20 विश्व कप के खिताब हैं।

## पीवी सिंधू फाइनल्स से हटी सिंधू के पिता ने बतायी वजह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू सत्र की अंतिम बैडमिंटन प्रतियोगिता बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स से हट गयी हैं, क्योंकि वह बाएं टखने की चोट से अभी पूरी तरह नहीं उभरी हैं। इस प्रतियोगिता में 2018 की चैंपियन सिंधू अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान चोटिल हो गई थी। बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स चीन के ग्वांगझू में 14 दिसंबर से खेला जाएगा। सिंधू के पिता पीवी रमन्ना ने कहा कि उसके डॉक्टर ने उसे कुछ और दिन तक आराम करने के लिए कहा है ताकि वह नए सत्र से पहले पूरी तरह फिट हो जाए। उसने तमाम पहलुओं पर विचार किया। ग्वांगझू में कई तरह के प्रतिबंध हैं और नए सत्र को ध्यान में रखते हुए उसने यह फैसला किया। उन्होंने कहा कि उसने दो सप्ताह पहले अभ्यास शुरू कर दिया था और जनवरी तो वह पूरी तरह फिट हो जाएगी। इन सब चीजों को ध्यान में रखते हुए उसने भारतीय बैडमिंटन संघ को पत्र भेजकर अपने फैसले से अवगत कराया। सिंधू के हटने का मतलब है कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व केवल एचएस प्रणय करेंगे।

## मुंबई इंडियंस ने पोलार्ड को किया बाहर सीएसके ने 9 खिलाड़ियों को किया रिटेन

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के 16वें सीजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मिनी ऑक्शन 23 दिसम्बर को कोच्चि में होगा। नीलामी से पहले बीसीसीआई ने प्रत्येक फ्रेंचाइजी से 15 नवम्बर तक रिटेन और रिलीज किये गये खिलाड़ियों की सूची उपलब्ध कराने को कहा है। वहीं, रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने रिलीज और रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट पहले ही बीसीसीआई को भेज दी है। आईपीएल इतिहास में पांच बार ट्रॉफी जीतकर सबसे सफल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस का आखिरी सीजन बेहद खराब रहा, जहां वे अंक तालिका में 10वें स्थान पर रहे। मुंबई ने कुल 10 खिलाड़ियों को रिटेन किया है और पांच खिलाड़ियों को रिलीज किया है। मीडिया



रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा, देवल्ड ब्रूइस, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, डेनियल सैम्स, टिम डेविड, जोफ्रा आर्चर, जसप्रीत बुमराह, ट्रिस्टन स्टब्स और तिलक वर्मा को रिटेन किया गया है। वहीं, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, टाइमल मिल्स, मयंक मार्कंडे और ऋतिक शौकिन को रिलीज कर दिया गया है। आईपीएल 2022 से पहले, येलो आर्मी ने अनुभवी एमएस धोनी की जगह जडेजा को अपना नया कप्तान बनाया था। हालांकि, उनके नेतृत्व में सीएसके का भी आखिरी सीजन खराब निकला और साथ ही पूरे टूर्नामेंट से बाहर होने से पहले जडेजा ने खुद कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने 10 मैचों में सिर्फ 116 रन बनाये और पांच विकेट लिए थे। सीएसके आईपीएल 2022 सीजन में खेले गए 14 मैचों में से केवल 4 मैच जीतने में सफल रही थी। चेन्नई ने 9 खिलाड़ियों को रिटेन किया है और 4 खिलाड़ियों को रिलीज किया है। चेन्नई ने आईपीएल के 16वें सीजन के लिए महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, मोइन अली, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉनवे, मुकेश चौधरी, ड्वेन प्रिटोरियस और दीपक चाहर को रिटेन किया है, जबकि क्रिस जॉर्डन, एडम मिलने, नारायण जगदीशन और मिचेल सेंटनर को रिलीज कर दिया गया है।

# हाय रे किस्मत...! तब कैच छोड़कर हारा था, अब कैच पकड़कर हार गया पाकिस्तान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेटर्स कहते हैं कि मैच में कैच सबसे अहम होता है। अगर समय पर लपक लिया जाए तो मैच का रुख बदल सकता है, लेकिन पाकिस्तान के लिए टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के खिताबी मुकाबले में किसी दुस्वप्न से कम नहीं है। कैच पकड़ना उसके लिए सबसे खतरनाक साबित हुआ और यहीं से मैच का रुख इंग्लैंड की ओर पलट गया। दूसरी ओर, 2021 में मैथ्यू वेड का कैच हसन अली से छूटने के बाद मैच पलट गया था और पाकिस्तान हार गया था। अब आप सोच रहे हैं कि इंग्लैंड के खिलाफ मैच में कैच लपकना कैसे पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है तो बता दें कि 13वें ओवर की तीसरी गेंद पर हैरी ब्रूक का कैच शाहीन शाह अफरीदी ने लपका था। शादाब खान की गेंद पर जब वह कैच लपक रहे थे तो उनका पैर मुड़ गया। इसके बाद कुछ देर के लिए शाहीन मैदान से बाहर चले गए। उन्हें चलने में समस्या हो रही थी। इस विकेट के बाद इंग्लैंड प्रेशर में आ गया था। नसीम शाह ने 14वें ओवर में सिर्फ दो रन बनाने दिए तो दबाव और बढ़ गया। इस प्रेशर का फायदा उठाने की जरूरत थी, लेकिन शाहीन शाह गेंद नहीं कर सकते थे। ऐसे में हारिस



रऊफ को गेंद दी गई तो इस ओवर में 8 रन बने। 16वां ओवर शाहीन को दिया गया। वह मुश्किल में थे, लेकिन फिर भी गेंद करने के लिए। हालांकि, पहली ही गेंद बाद वह वापस लौट गए और ओवर इफ्तिखार अहमद ने पूरा किया। इस ओवर की आखिरी दो गेंदों पर स्टोक्स ने चौका और छक्का उड़ाया। अगले यानी 17वें ओवर में मोईन अली ने मोहम्मद वसीम जूनियर को 3 चौके ठोककर पासा पलट दिया। असर यह हुआ कि इंग्लैंड एक ओवर पहले ही लक्ष्य हासि करने में कामयाब रहा। अगर यहां शाहीन अपने दोनों ओवर पूरे करते तो शायद पाकिस्तान के लिए कुछ मौका बन सकता था। कम से कम कप्तान बाबर आजम तो यही मानते हैं। अहमद ने उस ओवर में 13 रन दिए जिसने बेन स्टोक्स का छक्का और चौका शामिल है। इससे इंग्लैंड पर से दबाव हट गया। बाबर ने मैच के बाद कहा, यदि शाहीन ने वह ओवर किया होता तो चीजें भिन्न हो सकती थी। तब बाएं हाथ के दो बल्लेबाज (स्टोक्स और मोईन अली) क्रीज पर थे और इसलिए मैंने ऑफ स्पिनर को गेंद सौंपी। उन्होंने कहा, हम साझेदारी नहीं निभा पाए जिससे हम बैकफुट पर चले गए। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी की लेकिन यहां कोई बहाना नहीं है। हमने परिस्थितियों के अनुकूल खेल दिखाया, लेकिन 20वें ओवर तक हम पर दबाव था। यदि शाहीन वहां होता तो कहानी अलग हो सकती थी। दूसरी ओर, टी-20 वर्ल्ड कप 2021 के सेमीफाइनल में हसन अली ने मैथ्यू वेड का कौच छोड़ा था, जो पाकिस्तान को महंगा पड़ा था। इस मैच में वेड ने मार-मारकर पाकिस्तानी गेंदबाजी की हवा निकाल दी थी।



## न्यूज गैलरी

### अनिल अंबानी की ये 2 कंपनी, दोनों के शेयर खरीदने की होड़ निवेशकों को तगड़ा रिटर्न



**नई दिल्ली।** कर्ज संकट से जूझ रहे अनिल अंबानी की दो कंपनियां- रिलायंस कैपिटल और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों की तगड़ी खरीदारी हुई है। सप्ताह के पहले दिन, सोमवार को दोनों कंपनियों के स्टॉक क्रमशः 4 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ ट्रेडिंग कर रहे थे। अचानक आई तेजी की वजह दोनों कंपनियों से जुड़ी कुछ पॉजिटिव खबरें हैं। दरअसल, रिलायंस कैपिटल और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं। इस तिमाही में रिलायंस कैपिटल का नेट प्रॉफिट 186.45 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इस तिमाही में कंपनी 1189.62 करोड़ रुपये के घाटे में थी। इसी तरह, सितंबर तिमाही में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर का नेट लॉस कम होकर 162.15 करोड़ रुपये रह गया है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 306.04 करोड़ रुपये का नेट लॉस था। सितंबर तिमाही के दौरान कंपनी की आय बढ़कर 6,411.42 करोड़ रुपये हो गई।

### जोमैटो के शेयर जाएंगे 100 रुपये के पार, तिमाही नतीजे देख एक्सपर्ट बोले- खरीद लो




नई दिल्ली। जोमैटो के शेयरों में भले ही इस साल अभी तक 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। लेकिन जल्द ही कंपनी के शेयरों लम्बी छलांग लगा सकते हैं। ऐसा मानना ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस जेफरिज का है। बता दें, कंपनी के तिमाही नतीजों ने निवेशकों को राहत देने का काम किया होगा। फूड डिलिवरी बिजनेस और ब्लिंकइट में पॉजिटिव ग्रोथ देखने को मिली है। इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक ब्रोकरेज फर्म जेफरिज ने अनुमान जताया है कि फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के शेयर का भाव 100 रुपये के लेवल तक जा सकता है। ब्रोकरेज हाउस ने इस स्टॉक को बाय टैग भी दिया है। यानी मौजूदा कीमत से कंपनी के शेयर 40 प्रतिशत तक चढ़ जाएंगे। बता दें, सोमवार को जोमैटो के एक शेयर का भाव एनएसई में 69.90 रुपये था। 10 नवंबर 2022 को जारी किए गए नतीजों में कंपनी ने बताया कि उसका नेट लॉस घटकर 250.80 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का लॉस 434.90 करोड़ रुपये था। जुलाई से सितबंर 2022 के दौरान इस ऑनलाइन फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म का नेट रेवन्यू 1661.30 करोड़ रुपये का रहा है। वहीं, इस तिमाही में कंपनी ने 2091.30 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में जोमैटो का ऑर्डर वैल्यू ग्रोथ 3 प्रतिशत था। वहीं, साल दर साल के हिसाब से यह ग्रोथ 23 प्रतिशत का रहा है।

### ग्लोबल मार्केट से मिलेजुले संकेत, हैंग सेंग इंडेक्स ने लगाई बड़ी छलांग

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिलेजुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले कारोबारी सत्र में मजबूती के साथ बंद हुए थे। हालांकि यूएस फ्यूचर्स पर दबाव बना नजर आ रहा है। दूसरी ओर एशियाई बाजारों की आज मिलीजुली शुरूआत हुई है। हालांकि एशियाई बाजारों में से हैंग सेंग इंडेक्स में जबरदस्त मजबूती नजर आ रही है। पिछले कारोबारी सत्र में अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। खरीदारी के सपोर्ट से डाओ जोंस 32 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि नैस्डैक ने 202 अंकों की उछाल दर्ज की। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 36 अंकों की उछाल के साथ 3,992 अंक के स्तर पर बंद होने में सफल रहा। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एसजीएक्स निफ्टी 5.50 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 18,441.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि स्ट्रेट टाइम्स इंडेक्स 1.46 प्रतिशत की छलांग के साथ 3,275.37 अंक के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 532.55 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,858.21 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, ताइवान वेटेड इंडेक्स 183.35 अंक यानि 1.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,190.91 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# बैंक हड़ताल : 19 नवंबर को बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे, एटीएम समेत अन्य सेवाएं भी होंगी प्रभावित




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर आपको इस हफ्ते बैंक से जुड़ा कोई काम करना है तो ये खबर आपके लिए बहुत काम की है। इस हफ्ते बैंकिंग सेवा के साथ-साथ एटीएम सेवा भी बाधित रहने वाली है। दरअसल, इस हफ्ते बैंक कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के चलते बैंक के कामकाज प्रभावित रहेंगे। आपको बता दें कि 19 नवंबर, 2022 को बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉय एसोसिएशन ने एक एक दिन के हड़ताल का आह्वान किया है। गौरतलब है कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्टॉक एक्सचेंज के पास रेग्युलेटरी फाइलिंग में जानकारी दी है कि ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉय एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी ने हड़ताल पर जाने के लिए इंडियन बैंक एसोसिएशन को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर 19 नवंबर, 2022 को हड़ताल पर जाने की बात कही है। यानी 19 नवम्बर को बैंको के कामकाज ठप रहेंगे। बैंक ने यह भी कहा है कि हड़ताल वाले दिन बैंक शाखाओं और दफ्तरों में में ऑपरेशन जारी रखने के लिए सभी उचित कदम उठाये जा रहे हैं लेकिन अगर हड़ताल पर बैंक कर्मचारी जाते हैं बैंक शाखाओं और दफ्तरों का कामकाज प्रभावित हो सकता है। दरअसल, 19 नवंबर, 2022 शनिवार पड़ रहा है और हर महीने के दूसरे चौथे शनिवार को बैंक वैसे ही बंद रहता है। लेकिन इस महीने के तीसरे शनिवार को भी हड़ताल के चलते बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी। ऐसे में,

> यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने की बात कही है। यानी 19 नवम्बर को बैंकों के कामकाज ठप रहेंगे। बैंक ने यह भी कहा है कि हड़ताल वाले दिन बैंक शाखाओं और दफ्तरों में ऑपरेशन जारी रखने के लिए सभी उचित कदम उठाये जा रहे हैं।

शनिवार को हड़ताल होने से कामकाज बंद रहेंगे, और अगले दिन रविवार की छुट्टी रहेगी। ऐसे में, अगर आपको भी बैंक से जुदा कोई काम निपटाना है तो इस हफ्ते ही निपटा लें। आपको बता दें कि अगले ही दिन रविवार होने के चलते एटीएम पर दो दिनों तक कैश की कमी का सामना आम लोगों को करना पड़ सकता है।

## थोक मुद्रास्फीति 8.39 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में घटकर 8.39 प्रतिशत रही जो बीते 19 माह का न्यूनतम स्तर है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों में बताया कि अक्टूबर 2021 में थोक मुद्रास्फीति 13.83 प्रतिशत थी। सितंबर 2022 में यह 10.79 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। मंत्रालय के अनुसार थोक मुद्रास्फीति की दर में अक्टूबर, 2022 में गिरावट मशीनरी और उपकरणों, कपड़ा, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद, खनिज आदि को छोड़कर मुख्य रूप से खनिज तेलों, आधार धातुओं, धातु उत्पादों की कीमतों में कमी के कारण हुयी है। इससे पूर्व मार्च 2021 में थोक मुद्रास्फीति 7.89 प्रतिशत दर्ज की गयी थी। खाद्य उत्पादों की थोक मुद्रास्फीति अक्टूबर 2022 में 8.33 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 11.03 प्रतिशत थी। इस दौरान साग- सब्जी की थोक मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत दर्ज की गयी जो पिछले महीने 39.66 प्रतिशत थी। आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में ईंधन और ऊर्जा क्षेत्र में मुद्रास्फीति 23.17 प्रतिशत रही जो सितंबर 2022 में 32.61 प्रतिशत थी। विनिर्माण क्षेत्र में मुद्रास्फीति 4.42 प्रतिशत देखी गयी जो एक माह पहले 6.34 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने के लिए मई-सितंबर 2022 अवधि में ब्याज दरों को 1.90 प्रतिशत बढ़ा दिया है जो वर्तमान में 5.90 प्रतिशत है। पिछली तीन तिमाही से मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के छह प्रतिशत की सीमा से ऊपर बनी हुयी है।

# अक्टूबर में थोक महंगाई पर राहत, अब भी आरबीआई के लिए टेंशन की खबर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अक्टूबर महीने के थोक महंगाई के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। सरकार की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई घटकर 8.39 प्रतिशत पर आ गई, जो सितंबर में 10.7 प्रतिशत पर थी। ये आंकड़े रिजर्व बैंक की तय लिमिट से ज्यादा हैं। यह 19 माह में पहला मौका है जबकि थोक महंगाई एक अंक में रह गई है। इससे पहले मार्च, 2021 में यह 7.89 प्रतिशत पर थी। अप्रैल, 2021 से थोक मुद्रास्फीति लगातार 18 माह तक दो अंक में यानी 10 प्रतिशत से अधिक रही थी। सितंबर में यह 10.79 प्रतिशत पर थी। अक्टूबर, 2021 में थोक मुद्रास्फीति 13.83 प्रतिशत थी। ईंधन और मैन्युफैक्चरर उत्पाद के दाम घटने से थोक मुद्रास्फीति नीचे आई है। खनिज तेल, मूल धातु, फ्रैबिकेटेड धातु उत्पाद, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद, खनिजों के दाम घटने से अक्टूबर, 2022 में थोक मुद्रास्फीति घटी है। महीने में सब्जियों की मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत रही। पिछले महीने यह 39.66 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली सेग्मेंट की मुद्रास्फीति 23.17 प्रतिशत और मैन्युफैक्चरर उत्पादों की 4.42 प्रतिशत पर रही। हाल ही में एचटी लीडरशिप समिट के दौरान रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी। शक्तिकांत दास ने समिट के दौरान कहा था कि मुद्रास्फीति चिंता का विषय है जिससे हम अब प्रभावी ढंग से निपट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले छह या सात महीनों में आरबीआई और सरकार दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

> हाल ही में एचटी लीडरशिप समिट के दौरान रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास ने उम्मीद जताई थी कि अक्टूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी।

## शुरूआती कारोबार में चढ़ने के बाद फिसला सेंसेक्स

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी निवेशकों के प्रवाह से सोमवार को शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार मजबूत रुख के साथ खुला। लेकिन बाद में इसमें उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 92.98 अंक चढ़कर 61,888.02 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 44.4 अंक की बढ़त के साथ 18,394.10 अंक पर पहुंच गया। हालांकि, उसके बाद उतार-चढ़ाव कायम हो या। सेंसेक्स बाद में 35.7 अंक के नुकसान से 61,759.34 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी 12.30 अंक के मामूली लाभ के साथ 18,362 अंक पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अल्ट्राटेक सीमेंट लाभ में थे। वहीं डॉ. रेड्डीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और आईटीसी के शेयर नुकसान में थे।

# डायनेमिक केबल्स का आईपीओ ने किया कमाल, निवेशकों को मिला 4 गुना रिटर्न, मालामाल हुए इंवेस्टर्स




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शेयर मार्केट में सही स्टॉक पर दांव लगाना जितना जरूरी रहता है उतना ही जरूरी रिटर्न के लिए इंतजार करना भी रहता है। आज हम चर्चा करेंगे एक ऐसे आईपीओ की जिसने निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न के जरिए मालामाल कर दिया है। डायनेमिक केबल्स के शेयरों में तेज उछाल बीते कई सालों में देखने को मिली है। इस बीएसई एसएमई स्टॉक ने पोजीशनल निवेशकों को 325 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस बीएसई एसएमई ने मार्केट में डेब्यू 14 दिसंबर 2017 को किया था। कंपनी के आईपीओ प्राइस बैंड 40 रुपये थे। लेकिन लॉट साइज 3000 शेयरों को था। यानी जिस किसी ने डायनेमिक केबल्स के आईपीओ पर दांव लगाया होगा उसने कम से कम 1.20 लाख रुपये का निवेश किया होगा। कंपनी के शेयर 48 रुपये पर लिस्ट हुए थे। यानी निवेशकों को लिस्टिंग के दिन ही 20 प्रतिशत का रिटर्न मिला था। वहीं, जिस किसी निवेशक ने तब से अबतक कंपनी के शेयरों को होल्ड करके रखा होगा उसका रिटर्न 4.25 प्रतिशत तक बढ़ गया होगा। जैसा की पहले बता चुका हूं कि जिस किसी निवेशक ने 5 साल पहले कंपनी के आईपीओ पर दांव लगाया होगा उसका रिटर्न 4.25 गुना बढ़ गया होगा। इस आईपीओ पर दांव लगाने के लिए निवेशकों को कम से कम 1.20 लाख रुपये खर्च करने पड़े थे। लेकिन जिसने शेयरों के अलॉटमेंट के बाद इसे होल्ड किया होगा उसका रिटर्न अब बढ़कर 5.10 लाख रुपये हो गया होगा।

## सोने-चांदी के रेट में उछाल, अब 60000 रुपये से कम लेकर न जाए सरार्फा बाजार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शादियों के सीजन में सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए आज भी मायूसी भरी खबर है। आज भी सोना-चांदी दोनों के भाव में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब आप 10 ग्राम सोने से बने जेवर खरीदने के लिए 60000 रुपये से कम लेकर बाजार न जाएं। आज सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का औसत हाजिर भाव 52500 रुपये के पार पहुंच गया है और यह शुक्रवार के बंद भाव के मुकाबले 279 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा होकर खुला। वहीं, चांदी आज 146 रुपये प्रति किलो चढ़कर 661500 रुपये पर खुली। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 3694 रुपये ही सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 14508 रुपये ही सस्ती है। आज सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत औसत हाजिर भाव 54136 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। आज यह 52560 रुपये पर खुला। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड की औसत कीमत अब जीएसटी के साथ 539260 रुपये है। आज यह 52350 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली।

## क्रिप्टो मार्केट में पिछले कुछ दिनों से भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है

# क्रिप्टो का मार्केट कैप 5.77 फीसदी लुढ़का



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिप्टोमार्केट में पिछले कुछ दिनों से भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है. सोमवार को क्रिप्टो के मार्केट कैप में 5.77 फीसदी की गिरावट नजर आ रही है. जिसके बाद मार्केट कैप 48 बिलियन डॉलर घटकर 827 बिलियन डॉलर रह गया. जो 13 नवंबर को 875 बिलियन डॉलर बिलियन थी. क्रिप्टोकरेंसी बाजार में आज बिटकॉइन का डॉमिनेंस 37 फीसदी है. जबकि इथेरियम का मार्केट डॉमिनेंस 17 फीसदी और यूएसडीटी का 8 फीसदी है. द क्रिप्टो एप के अनुसार, आज Bitcoin, Ethereum, Tether, BNB, RP, Solano, Terra, Cardano, Avalanche, Polkadot, Shiba inu AüSX Dogecoin सभी लाल निशान पर ट्रेड कर रहे हैं. द क्रिप्टो एप के अनुसार, सबसे पॉपुलर करेंसी बिटकॉइन में आज 5.31 फीसदी की गिरावट नजर आ रही है. इसकी कीमत 15974.58 डॉलर हो गयी है. एक सप्ताह में यह करेंसी 23.54 फीसदी लुढ़का है. दूसरी पॉपुलर करेंसी Ethereum की बात करें तो 24 घंटे में यह 6.60 फीसदी लुढ़का है. इसकी कीमत 1183.17 डॉलर रह गयी है. 7 दिनों में इस करेंसी में 24.78 फीसदी की गिरावट देखी गयी है. मार्केट वैल्यूएशन के हिसाब से तीसरी सबसे पॉपुलर करेंसी Tether में आज 0.15 फीसदी की बढ़त है. इसकी कीमत 1 डॉलर हो गयी है. 7 दिन में इस करेंसी 0.23 फीसदी का मामूली उछाल आया है. बीते 24 घंटे में BNB में 5.33 फीसदी की गिरावट नजर आयी है. इसकी कीमत कम होकर 269.57 डॉलर हो गयी है. एक सप्ताह में यह करेंसी 20.94 फीसदी लुढ़का है. RP की बात करें को यह 10.60 फीसदी की गिरावट के साथ 0.3286 डॉलर पर पहुंच गया है. एक सप्ताह में यह करेंसी 30.21 फीसदी फिसला है.

> ◆मार्केट वैल्यूएशन के हिसाब से तीसरी सबसे पॉपुलर करेंसी टीथर में आज 0.15 फीसदी की बढ़त है। इसकी कीमत 1 डॉलर हो गयी है। 7 दिन में इस करेंसी 0.23 फीसदी का मामूली उछाल आया है।

डीजीकॉन आज 9.40 फीसदी लुढ़का है. इसकी कीमत 0.0822 डॉलर पर आ गयी है. एक सप्ताह में इस करेंसी में 28.35 फीसदी की गिरावट आयी है. बीते 24 घंटे में कारडानो 4.79 फीसदी फिसला है. इसकी कीमत 0.3182 डॉलर हो गयी है. 7 दिनों में यह करेंसी 21.19 फीसदी कमजोर हुआ है. पालकाडॉट की बात करें तो आज यह 4.83 फीसदी लुढ़कर 5.55 डॉलर पर ट्रेड कर रहा है. वहीं सात दिनों में इसमें 18.70 फीसदी की गिरावट आयी है.

## टीसीआर इंजीनियरिंग को रक्षा, गैस पाइपलाइन क्षेत्र में नई परियोजनाएं मिलीं : बाफना

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र की कंपनी टीसीआर इंजीनियरिंग को रक्षा और गैस पाइपलाइन के क्षेत्र में कई नई परियोजनाएं मिली हैं। कंपनी के वैश्विक अध्यक्ष रोहित बाफना ने यह जानकारी दी। कंपनी इलेक्ट्रॉनिक्स, पूंजीगत सामान, इस्पात, सीमेंट, परमाणु ऊर्जा और पूंजीगत सामान जैसे उद्योगों से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में उपयोग किए जाने वाले औद्योगिक उपकरणों का गुणवत्ता परीक्षण करती है। बाफना ने कहा कि टीसीआर इंजीनियरिंग पहले से ही देश में 84 विभिन्न साइटों पर गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी कंपनी को हाल ही में गैस पाइपलाइन और रक्षा के क्षेत्र में कई नयी परियोजनाएं मिली हैं।

# ट्विटर पर एलन मस्क की बॉसगिरी, कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर काम कर रहे 4400 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्विटर की कमान संभालने के बाद एलन मस्क अपनी बॉस गिरी दिखा रहे हैं। पहले मस्क ने करीब 3800 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। अब खबर आ रही है कि मस्क ने कॉन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले 5500 कर्मचारियों में से करीब 4400 को बाहर का रास्ता दिखा है। जिन कर्मचारियों को निकाला गया है, उनमें कंटेंट मॉडरेशन, रियल एस्टेट, मार्केटिंग, इंजीनियरिंग और अन्य विभागों में काम करने वाले कर्मचारी शामिल हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इन कर्मचारियों को बिना नोटिस के नौकरी से निकाल दिया गया है। जब कर्मचारियों को ऑनलाइन सर्विसेज और ईमेल का एक्सेस नहीं मिलने लगा, तब उनको इस बात का पता चला। इस छंटनी के बारे में तो कंपनी के मैनेजरों को भी पता नहीं चला। जब ये कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स काम पर नहीं आने लगे तब मैनेजरों को पता चला कि इनकी छंटनी हो चुकी है। बता दें कि एलन मस्क सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं पर काम रही टीमों में कटौती कर रहे हैं। पिछले हफ्ते मस्क ने कंपनी के लिए आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे मॉडरेटर को नौकरी से निकाल दिया गया। वहीं 4 नवंबर को भी ट्विटर ने अपने 3800 स्थायी कर्मचारियों को ई-मेल भेजकर बाहर का रास्ता दिखा दिया था। ट्विटर के साथ कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रही मेलिसा इन्गेल को भी शनिवार को बर्खास्त कर दिया गया।

### ट्विटर छोड़ दूसरी माइक्रो ब्लॉगिंग वेबसाइट की तरफ रुख कर रहे यूजर्स

एलन मस्क ने हाल ही में ट्विटर की कमान संभाली है। इसके बाद मस्क ने ट्विटर में कई बड़े बदलाव किये हैं। हाल में मस्क ने ऐलान किया था कि ब्लू टिक और आम यूजर्स को ट्विटर का इस्तेमाल करने के लिए पैसे देने होंगे। ऐसे में नाराज यूजर्स अब दूसरी माइक्रो ब्लॉगिग वेबसाइट की तलाश कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो यूजर्स ट्विटर को छोड़कर अब मास्टोडोन और टूमबीर पर अकाउंट बना रहे हैं। सेंसेर टावर की रिपोर्ट्स की मानें तो ट्विटर के अधिग्रहण के बाद यूजर्स दूसरी माइको ब्लॉगिग वेबसाइट को डाउनलोड कर रहे हैं। 12 दिनों में मास्टोडोन को 657 फीसदी अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है। वहीं याहू के स्वामित्व वाली कंपनी टूमबीर पर अमेरिका के 96 फीसदी अधिक लोगों ने लॉग इन किया। वहीं दुनियाभर में इस ऐप को 77 फीसदी अधिक लोगों ने डाउनलोड किया। सेंसर टावर के अनुसार, इन 12 दिनों में करीब 21 फीसदी से अधिक लोगों ने या तो ऐप को अनइंस्टॉल कर दिया या फिर अपने अकाउंट को डिलीट कर दिया। एक अन्य रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एलन मस्क ने जब से ट्विटर की कमान संभाली है, तब से अबतक ट्विटर यूजर्स की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

## बायजू को 2021-22 में राजस्व में तीन गुना वृद्धि की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू ने वित्त वर्ष 2021-22 में राजस्व में तीन गुना वृद्धि के साथ घाटे में 50 प्रतिशत से अधिक कमी आने की उम्मीद जताई है। बायजू के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बायजू रवींद्रन ने शुक्रवार को एक स्टार्टअप कार्यक्रम में फुटबॉलर लियोनेल मेसी को कंपनी का वैश्विक एम्बेसडर नियुक्त करने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह निर्णय छह महीने पहले लिया गया था। बायजू के पीटीआई-भाषा के साथ साझा किए गए कार्यक्रम के एक अंश के अनुसार, रवींद्रन ने 'टेक स्पार्क्स 2022' में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी के राजस्व में तीन गुना वृद्धि और घाटे में 50 प्रतिशत से अधिक कमी आने की उम्मीद है। बायजू को वित्त वर्ष 2020-21 में 4,588 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

## पेज एक के शेष

### जांच के घेरे...

करने के बिंदु पर अनुरोध किया गया था। जिस पर सीएम सोरेन ने अपनी सहमति दे दी है।

क्या है मामला : याचिका प्रार्थी पंकज कुमार यादव की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने 2020 में दायर की थी। इसमें में कहा गया है कि पांचों पूर्व मंत्रियों ने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान 200 प्रतिशत से लेकर एक हजार प्रतिशत तक अपनी आय में वृद्धि की है। इनकी वर्ष 2014 से 2019 तक की अवधि में अर्जित की गयी संपत्ति की जांच की जाये। इसके अलावा प्रार्थी पंकज यादव ने शिक्षा सचिव, कृषि सचिव, पर्यटन सचिव, खेल सचिव, कल्याण सचिव व ग्रामीण विकास विभाग के सचिव समेत अन्य को प्रतिवादी बनाया है। प्रार्थी पंकज यादव ने इसके पूर्व मोमेंटम झारखंड के आयोजन में हुई गड़बड़ियों को लेकर पूर्व सीएम रघुवर दास सहित कई वरीय अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। याचिका के अनुसार पांचों पूर्व मंत्री द्वारा 2014 व 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान दिये गये शपथ पत्र में संपत्ति बढ़ोतरी की जानकारी मिलती है।

### केंद्रीय सशस्त्र बलों...

2017 से 2021 तक सीआरपीएफ में सबसे ज्यादा 1,13,208 युवाओं की भर्ती की गयी, 29,243 युवाओं को एसएसबी में और 17,482 युवाओं को बीएसएफ ने शामिल किया गया। पिछले पांच वर्षों में सीआईएसएफ में 12,482 युवाओं, आईटीबीपी में 5,965 और असम राइफल्स में 5,938 युवाओं को भर्ती किया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2022 में भी जुलाई तक, छह केंद्रीय बलों में 10,377 युवाओं की भर्ती की गयी। सीआरपीएफ में 6,509, एसएसबी में 1,945, बीएसएफ में 1,625, असम राइफल्स में 229 और सीआईएसएफ में 69 युवा भर्ती किये गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 अक्टूबर को एक भर्ती अभियान शुरू किया था, जिसके तहत अगले 18 महीनों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 10 लाख कर्मियों की नियक्ति किये जाने का लक्ष्य है। नवनियुक्त 75 हजार से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंप दिये गये हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई 2022 तक छह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में 84,659 पद रिक्त थे। इनमें से सीआरपीएफ में 27,510, बीएसएफ में 23,435, सीआईएसएफ में 11,765, एसएसबी में 11,143, असम राइफल्स में 6,044 और आईटीबीपी में 4,762 पद रिक्त हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### बम धमाके में छह की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार



**इस्तांबुल (एजेंसी)।** सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के अनुसार तुर्की पुलिस ने इस्तांबुल के मशहूर इस्तिकलाल एवेन्यू पर रविवार को हुए बम विस्फोट के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस आतंकवादी हमले में कम से कम छह लोग मारे गये और 81 अन्य घायल हो गये। तुर्की के गृह मंत्री सुलेमान सोयलू ने सोमवार को समाचार एजेंसी को बताया कि तुर्की के सबसे बड़े शहर के सबसे व्यस्त हिस्से में बम विस्फोट करनेवाले एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेचप तैयप एदोर्वान ने पहले हमले को देशद्रोह के रूप में बताया था। उन्होंने पत्रकारों से कहा था हमले में आतंकवाद की बू थी। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि हमले में एक महिला शामिल थी। देश के कानून मंत्री बाकिर बुजदाग ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस्तिकलाल एवेन्यू में एक महिला बेंच पर करीब 40 मिनट तक बैठी रही। उसके उठते ही धमाका हुआ। उन्होंने कहाकि दो अन्य संभावनाएं हैं, बम को एक बैग में रखा गया हो सकता है जिसमें विस्फोट हुआ हो या रिमोट कंट्रोल से विस्फोट किया गया हो।

### दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी ने दो और लोगों को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन के मामले में उद्योगपति आम आदमी पार्टी के नेता विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली को गिरफ्तार किया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इसी मामले में दोनों को पकड़ा था। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। विजय नायर और अभिषेक बोइनपल्ली केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा इसी मामले में गिरफ्तार किये जाने के बाद से फिलहाल जेल में हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत से दोनों को हिरासत में लेने की मांग करेगा। सीबीआई के अनुसार, हैदराबाद का रहनेवाला बोइनपल्ली दक्षिण भारत के कुछ शराब व्यवसायियों के लिए कथित रूप से लॉबिंग कर रहा था। सीबीआई के अनुसार, बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली (इवेंट मैनेजमेंट) एक कंपनी के पूर्व सीईओ नायर आम आदमी पार्टी (आप) से संबद्ध हैं।

# जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करना देश के लिए अहम पल : पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं डिजीटल परावर्तन के विषयों पर भारत की उपलब्धियों को विश्व नेताओं के साथ साझा करने के साथ ही वर्ष 2022-23 के लिए भारत की ओर से इस प्रभावशाली वैश्विक संगठन की अध्यक्षता ग्रहण करेंगे और जी-20 के नेताओं को अगले साल भारत आने का निमंत्रण देंगे। श्री मोदी ने विश्व में आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली 20 देशों के 17 वें शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बाली रवाना होने से पहले अपने वक्तव्य में कहा कि बाली शिखर सम्मेलन के दौरान, मैं वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर जी-20



के अन्य नेताओं के साथ व्यापक चर्चा करूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान वह शिखर सम्मेलन में आनेवाले कई अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे और उनके साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रोन, इंडोनिशया के राष्ट्रपति जोको विडोडो, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पेरेज कास्टजोन और सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन के साथ श्री मोदी की द्विपक्षीय मुलाकातों का कार्यक्रम तय हो चुका है। कोविड महामारी काल के बाद रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर की थीम पर आयोजित होनेवाले इस शिखर सम्मेलन में में तीन सत्र- खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और डिजीटल परावर्तन के विषयों पर आधारित होंगे।

श्री मोदी 15 नवम्बर को बाली में एक स्वागत समारोह में स्थानीय भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। उन्होंने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने को देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि हमारे देश और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो बाली शिखर सम्मेलन के समापन समारोह में भारत को जी-20 की अध्यक्षता सौंपेंगे। भारत आधिकारिक तौर पर 01 दिसम्बर, 2022 से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। मैं अगले साल जी-20 शिखर सम्मेलन में जी20 के सदस्यों तथा अन्य आमंत्रित लोगों को भी अपना व्यक्तिगत निमंत्रण दूंगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन में अपनी बातचीत के दौरान वह भारत की उपलब्धियों और वैश्विक चुनौतियों का सामूहिक रूप से सामना करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालेंगे। भारत की जी-20 अध्यक्षता वसुधैव कुटुम्बकम या एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के थीम पर आधारित होगी, जो सभी के लिए समान विकास और साझा भविष्य के संदेश को रेखांकित करती है।

## पहली बार ईरान में होगी हिजाब विरोधी प्रदर्शनकारी को फांसी



**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान में महसा अमीनी की मौत के बाद देश में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल एक प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनायी गयी है। वहीं, इस मामले में पांच लोगों को जेल की सजा सुनायी गयी है। कहा गया है कि सभी दोषी इस फैसले को अदालत में चुनौती दे सकते हैं। ईरान में 16 सितम्बर को शुरू हुआ हिजाब विरोधी प्रदर्शन अभी भी जारी है। इस बीच ईरान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। इस मामले में तेहरान कोर्ट ने फैसला सुनाया है। देश में लगातार जारी अशांति के बीच सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी को फांसी और कुछ लोगों को जेल की सजा सुनायी गयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान में पहली बार किसी

■ दंगे भड़काने का लगा आरोप

प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनायी गयी है। इसके अलावा पांच लोगों को 10 साल की जेल की सजा सुनायी गयी है।

### सजा पानेवाले इस फैसले को कोर्ट में दे सकते हैं चुनौती

**दोषी** शख्स पर सरकारी इमारतों में आग लगाने, दंगे भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। इसलिए कहा जा रहा है कि इस मामले में जिन लोगों को सजा हुई है, वे सभी इस फैसले को कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं। बता दें, सितम्बर में महसा अमीनी की मौत के बाद सरकार की जड़ें हिला देनेवाले इस प्रदर्शन में शामिल किसी प्रदर्शनकारी को मौत की सजा सुनाये जाने का यह पहला मामला है।

### आसियान का ऐलान

## किसी के युद्ध का मैदान नहीं हैं हम



**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि दक्षिण-पूर्व एशिया को नये शीत युद्ध का मैदान नहीं बनने दिया जायेगा। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते कूटनीतिक व भोगौलिक तनाव के चलते दोनों ही शक्तियां आसियान देशों पर अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश में लगी हैं। ऐसे में एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस की अध्यक्षता संभालते हुए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति विडोडो ने कहा कि यह संगठन किन्हीं भी शक्तियों का छद्म नहीं बनेगा। विडोडो ने कहा कि 10 देशों का यह संगठन कुल मिलाकर 70 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो एक गरिमापूर्ण क्षेत्र होना चाहिए और जिसे मानवीय व लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। आसियान के लिए म्यांमार और कंबोडिया के रूप में इन मूल्यों के सम्मान की बड़ी चुनौतियां हैं। दोनों ही देशों पर मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगते रहे हैं। विडोडो ने कहा कि आसियान को एक शांतिपूर्ण क्षेत्र बनना है जो वैश्विक स्थिरता के लिए काम करे, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करे और किसी का छद्म रूप बनकर ना रहे। आसियान को मौजूदा भू-राजनीतिक हालात को अपने क्षेत्र में शीत युद्ध में तब्दील नहीं होने देना है।

**चीन और अमेरिका का मुकाबला :** हाल के सालों में चीन ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए हर तरह का तरीका आजमाया है। दक्षिण पूर्व एशिया के देशों के साथ उसने बड़े समझौते किये हैं जिनमें व्यापारिक और सैन्य सहयोग भी शामिल है। इसके जवाब में अमेरिका ने भी इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है।

## फिर ईडी के सामने पेश हुए डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डीके शिवकुमार नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में फिर से पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। यह दूसरा मौका है, जब केंद्रीय एजेंसी मामले में उनका बयान दर्ज कर रही है। यह मामला धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। कर्नाटक के पूर्व मंत्री शिवकुमार (60) ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जांच के सिलसिले में एजेंसी द्वारा मांगे गये सारे दस्तावेज उसे सौंप दिये थे और समन टालने का अनुरोध करने के बावजूद उन्हें फिर से उपस्थित होना पड़ा।

## कश्मीर में बर्फबारी, पहलगाम सोनमर्ग का इलाका बर्फ से ढंका

■ गुलमर्ग में माइनस में तापमान, जम्मू में ठंड बढ़ी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में सर्दियों का मौसम शुरू हो चुका है। कश्मीर के कई इलाकों में बर्फ की चादर नजर आ रही है। सोमवार को भी गुलमर्ग, पहलगाम, बनिहाल समेत कई इलाकों में बर्फबारी हुई। वहीं, जम्मू के डोडा और पुंछ में भी बर्फबारी हुई। मैदानी इलाकों में रुक-रुककर बारिश भी हो रही है। इससे ठंड बढ़ गई है। श्रीनगर में सोमवार सुबह न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री, पहलगाम में 0.6 और गुलमर्ग में माइनस 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश की



ऊंची चोटियों पर रविवार रात से बर्फबारी हो रही है। लाहौल स्पीति, चंबा और किन्नौर के अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी है। लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलोंग और अटल टनल के पास एक इंच तक बर्फ जम चुकी है। वहीं लाहौल स्पीति की सड़कों पर फिसलन भी बढ़ गयी है, जिससे सफर खतरनाक हो सकता है। इसलिए अटल टनल को बंद कर दिया गया है।

## अमेरिकी वीजा वेरिफिकेशन स्टांप लगवाने के लिए 12 महीने का इंतजार

**वॉशिंगटन/नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीयों के लिए ड्रीम अमेरिका मुसीबतों का सबब बनता जा रहा है। वहां घूमने के इच्छुक लोगों के लिए टूरिस्ट वीजा के इंटरव्यू अपॉइंटमेंट की वेटिंग बढ़कर अब 30 महीने पार हो चुकी है। ये परेशानी तो जाने के लिए है। दूसरी ओर, अमेरिका में वर्क वीजा लेकर गए भारतीयों के लिए अब घर लौटना भी मुश्किल भरा है। अगर कोई भारतीय अपने परिजन से मिलने के लिए बीच में भारत आ जाए, तो अमेरिका लौटने के लिए उसे अपने वीजा पर वेरिफिकेशन की मुहर लगवानी पड़ती है। इस कारण अमेरिका लौटने की वेटिंग भी 12 महीने तक पहुंच चुकी है। जल्द स्टांप लगवाने के लिए भारतीय वियतनाम का रुख कर रहे हैं।

## आंध्र में अंडरपास में फंसा हवाई जहाज, कई किलोमीटर लगा जाम

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले से एक हैरान कर देनेवाला वीडियो सामने आया है। यहां कोरिसापाडु अंडरपास में सड़क के बीचोबीच एक विमान फंस गया। यह विमान हैदराबाद के पिस्ता हाउस के मालिक का है, जिसे एक ट्रेलर पर कोच्चि से हैदराबाद ले जाया जा रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर और विमान को वहां से निकाला गया। गनीमत रही विमान को कोई नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद सड़क पर कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। विमान को देखने के लिए वहां भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया

■ ट्रक पर कोच्चि से ले जा रहे थे हैदराबाद

पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि हैदराबाद के शिवशंकर ने इस विमान को खरीदा था। शिवशंकर, मशहूर रेस्तरां चेन पिस्ता हाउस चलाते हैं। उन्होंने विमान के अंदर रेस्तरां खोलने की पहले से प्लानिंग कर रखी थी। इसके लिए उन्होंने एक इस्तेमाल किया हुआ विमान खरीदा था। शिव शंकर ने उसे कोच्चि से मंगवाया था। मीडिया से बात करते हुए मेदामेटला सब-इंस्पेक्टर ने कहा कि ट्रेलर के ड्राइवर को ट्रैफिक डायवर्जन की जानकारी नहीं थी। जिस कारण से वह ट्रेलर वहां फंस गया। सब-इंस्पेक्टर के मुताबिक मेदारमेटला में अभी कुछ मेंटनेंस का काम चल रहा है, जिसके चलते अडांकी से हैदराबाद सर्विस रोड को बंद कर दिया गया था। हैदराबाद की ओर जाने वाले गाड़ियों को कोरिसापाडु अंडरपास से डायवर्ट किया गया।

# प्यार में धोखा : आफताब ने श्रद्धा की बेरहमी से की हत्या

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्यार, धोखा और फिर बेरहमी से हत्या... शादी का दवाब बनाने पर एक युवक ने अपनी प्रेमिका की गला दबाकर हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर उसे कई दिनों तक सुनसान इलाकों में फेंकता गया। दिल दहला देनेवाली यह घटना

■ शव के 35 टुकड़े कर जंगल में फेंका, महीनों बाद हुआ खुलासा

राजधानी दिल्ली से सामने आयी है। मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आफताब पूनावाला को गिरफ्तार कर लिया है। आफताब ने पूछताछ में श्रद्धा नामक लड़की को मारने की बात कबूल ली है। आफताब की गिरफ्तारी के बाद प्यार में खौफनाक अंत की यह कहानी काफी चर्चा में है। छह महीने पहले हुई इस खौफनाक वारदात के सनसनीखेज खुलासे के लोग सोशल मीडिया पर श्रद्धा के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आफताब अमीन पूनावाला ने लिव इन पार्टनर और प्रेमिका श्रद्धा की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े किये और उन्हें 18 दिन तक दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगाता रहा।

### कॉल सेंटर में काम करते थे दोनों, एक साल पहले दिल्ली शिफ्ट हुई थी श्रद्धा

**मिली** जानकारी के अनुसार 26 साल की श्रद्धा मुंबई के मलाड की रहनेवाली थी। यहां वह एक मल्टीनेशनल कंपनी के कॉल सेंटर में काम करती थी। करीब एक साल पहले श्रद्धा अफताब के साथ



रहने के लिए मुंबई से दिल्ली शिफ्ट हुई थी। बताया गया कि श्रद्धा और आफताब दोनों कॉल सेंटर में काम करते थे। यहीं दोनों की मुलाकात हुई। दोनों प्यार करने लगे, लेकिन दोनों के रिश्तों से परिवारवाले नाखुश थे। इसके चलते दोनों मुंबई से दिल्ली शिफ्ट हो गये और महरौली के एक फ्लैट में लिव इन में रहने लगे, जहां आफताब ने उसकी हत्या की। मामले की पुष्टि करते हुए साउथ दिल्ली के एडिशनल डीसीपी अंकित चौहान ने बताया, 18 मई को झगड़े के बाद आफताब ने श्रद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने उसकी बॉडी के 35 टुकड़े किये और उन्हें फ्रिज में रख दिया। पुलिस ने बताया कि वह हर रोज रात को दो बजे घर से निकलता और टुकड़ों को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ठिकाने लगाता।

**शव के आरी से किये टुकड़े, रात दो बजे फेंकने जाता था :** मामले की जांच में जुटी पुलिस ने बताया कि श्रद्धा की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े करने के लिए आफताब ने आरी का इस्तेमाल किया। उसने पहले उसके हाथों के तीन टुकड़े किये। इसके बाद पैर के भी तीन टुकड़े किये। इसके बाद रोज रात के करीब दो बजे वह बैग में रखकर इन्हें फेंकने के लिए ले जाता था। पुलिस के अनुसार आफताब ने श्रद्धा के शव के करीब 35 टुकड़े किये।


